## संक्षिप्त खबरें

### नगड़ीकला पंचायत के वर्तमान मुखिया ने आजसू पार्टी के सुप्रीमो से की मुलाकात



तेतुलमारी। नगड़ीकला पंचायत के वर्तमान मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकू महतो ने अपने दर्जनाधिक समर्थकों के साथ आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो के राँची स्थित आवासीय कार्यालय में मिलने पहुंचे, जहां नगड़ीकला पंचायत के वर्तमान मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकू महतो ने आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो को फूल का बुके देकर सम्मानित किये। साथ ही उनको और उनके पूरे परिवार को नवरात्रि व दीपावली तथा आस्था का महापर्व छठ पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दिये।इस दौरान नगड़ीकला पंचायत के वर्तमान मुखिया राजेंद्र प्रसाद महतो उर्फ रिंकू महतो ने आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह झारखण्ड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो से आगामी विधानसभा चुनाव में टुंडी विधानसभा क्षेत्र से सम्बंधित महत्वपूर्ण चर्चा किये।इस मौके पर पीरटांड़ के उप प्रमुख महेंद्र महतो,रौनक गुप्ता,आदि मौजूद थे।

### हर हाल में अंडरपास ग्रामीणों को देना ही होगा : वाणी देवी



धनबाद, (तेतुलमारी) : आजसू पार्टी की ओर से एक जुलूस निकाला गया।जिसका नेतृत्व जिला परिषद क्षेत्र संख्या 15 की सदस्य, वाणी देवी ने किया। जुलूस बौआकाला, नगरीकला, छोटानगरी,धारजोरी,जागेश्वर मोड आदि क्षेत्र के ग्रामीण महिलाऐ मुख्य रूप से मौजूद थी। ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि हम गांव में बसे है। किसानों को कृषक कार्य के लिए सड़क इसपार से उसपार जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के स्कूली बच्चों, मजदूर, रैयत तथा खेती गृहस्ती कामों में काफी दिक्कतें हो रही है। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष, हलधर महतो भी मौजूद थे।हलधर महतो ने कहा कि हमारी मांगे नहीं मानी जाती है,तो हम इस मांग को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। वहीं वाणी देवी ने कहा कि हमारी मांगे जायज है। सरकार सड़क का निर्माण जनता हित में करती है। हम विकास कार्यों का समर्थक हैं, लेकिन इतनी बड़ी ग्रामीण आबादी को नजरअंदाज करेगा तो 8 लाइन सड़क को पूर्ण रूप से अनिश्चितकालीन बंद कर दिया जाएगा। हर हाल में अंडरपइस ग्रामीणों को देना होगा ।इस अवसर पर गीता देवी,मीना देवी, रानी देवी,बसंती देवी,प्रमिला देवी, संगीता देवी, रेखा देवी,पूजा देवी,चमेली देवी सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

### भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की 311वीं बैठक संपन्न

धनबाद, जमशेदपुर, रविवार को भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाज सेवी संस्था इप्टा की 311 वीं बैठक मिश्रा सेंटर, आदित्यपुर सरायकेला खरसावां में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डा, रुपेश कुमार नें की। बैठक का संचालन राष्ट्रीय सचिव, डॉ, नथुनी सिंह ने किया। जिसमें मुख्य रूप से आगामी 17 नवंबर 2024 को इप्टा द्वारा बाल मेला का आयोजन करने के संदर्भ में बिचार विमर्श किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ परमानंद मोदी ने अपने संबोधन कहा कि झारखंड सरकार सहित भारत सरकार से भी यह मांग की जाती है कि सभी गैर सरकारी निजी शिक्षकों को प्रोत्साहन राशि सम्मान योजना के तहत दी जाय ।मौके पर एस डी प्रसाद, डॉ नथुनि सिंह, डॉक्टर सुदर्शन कुमार सिंह,आनंद गौर, रामेश्वर लायक, वरुण कुमार, डॉ रूपेश कुमार, देव झा आदि मौजूद थे।

### महिलाओं को गोगो दीदी योजना के फॉर्म, वार्ड 7 और 8 के पार्षद कार्यालय में भरे जा रहे हैं

लोयाबाद।लोयाबाद के वार्ड सात और आठ में पार्षद कार्यालय में रविवार को गोगो दीदी योजना के फॉर्म क्षेत्र की महिलाओं को भरे जा रहे हैं। इस योजना से झारखंड में भाजपा सरकार बनने पर यहाँ के महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये यानी साल में 25000 रुपये सीधे बैंक खाते में मिलेंगे।फॉर्म भरने के लिए कोई पहचान प्रमाण या बैंक दस्तावेज नहीं लिया जा रहा,सिर्फ मोबाइल नंबर लिया जा रहा है। यह योजना भाजपा द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए एक बड़ा कदम है। वहीं कुछ लोगों के अनुसार चुनावी जूमला है। वहीं वार्ड सात नंदू दुलाल सेनगुप्ता पार्षद ने कहा, "गोगो दीदी योजना से हमारे क्षेत्र की योग्य महिलाओं को फॉर्म भरा जा रहा है ताकि चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनने पर प्रत्येक माह 2100 रुपये मिलेगा। पार्टी के दिशा निर्देश पर आज हम लोग अपने क्षेत्र की महिलाओं को फॉर्म भर रहे है।

### सीताराम हार्डकोक भट्ठा में वेंकड चानक गिरने से दिहाड़ी मजदूर की हुई मौत



राजगंज, (धनबाद), रविवार को राजगंज थाना क्षेत्र के सीताराम हार्डकोक भट्टा में लगभग 11 बजे दिन में दिहाड़ी मजदूर की बेंकड चानक में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मृतक मानिक बेसरा उम्र लगभग 46 वर्ष पुटकाड़ी निवासी जो चाणक बेंकड में कोयला काम करने के दौरान गिरने से दर्दनाक मौत हो गई । मृतक के पांच बच्चे हैं। हार्डकोक भट्टा के मालिक एस एस गुप्ता है । घटना के बाद मृतक के परिजन एवं ग्रामीण उग्र होकर दलदली रोड को जाम कर दिया । साथ ही हार्ड कॉक भट्टा के सामने गेट पर मुआवजा को लेकर कई नेता एवं ग्रामीण धरने पर बैठ गए । ज्ञात हो की मृतक के कमाई से पूरा घर चलता था । बताया जाता है कि सीताराम हार्डकोक भट्टा में मजदूरों को बिना सेफ्टी बेल्ट के काम कराया जाता है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि मजदूरों को हेलमेट, जूता, मास्क के बिना सेफ्टी बेल्ट के काम कराया जाता था। जिसके कारण आज दुर्घटना घटी। मृतक के परिजनों के द्वारा राजगंज पुलिस को घटना के बारे में लिखित आवेदन दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजन एवं प्रबंधन के बीच वार्ता जारी है।

# दुर्गा पूजा को लेकर बदली ट्रैफिक व्यवस्था, शहरी क्षेत्र में 9 से शाम चार बजे से वाहनों का प्रवेश बंद

रांची : दुर्गा पूजा को लेकर 9 से 13 अक्टूबर तक राजधानी के मुख्य मार्गों पर शाम चार बजे से छोटे व बड़े वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा. ट्रैफिक एसपी ने रविवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है.

### किस रूट के वाहन कहां तक आ सकेंगे

सभी प्रकार के निजी वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा. सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट जीईएल चर्च कम्प्लेक्स तक ही जा सकेगी.-पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातु रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाडियों का परिचालन सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक मीनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक और यहां से हरमू चौक की ओर होगी.

हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा. इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाडी मंदिर मोड़ से मीनाक्षी सिनेमा



मोड़ और रातू रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जायेंगे.

हरमू बाईपास रोड के तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बीजेपी कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड, हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जायेंगे.

कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाडियों जाकिर हुसैन पार्क,रेडियम रोड़ होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाडियों जेपीएससी कार्यालय तक, बरियातू रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाडियों लाइन टैंक रोड स्थित रामगढ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाडियों मिशन चौक तक ही आ सकेगी. लालपुर से कोकर जाने वाले मार्ग वन-वे रहेगा. सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जायेंगे. कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाडियों कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाऐगी.

हरमू रोड से छोटी गाडियां अरगोड़ा चौक, कडरू, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होते हुए कांटोटोली जा सकती है.

कांके रोड से आने वाली गाडियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बुटी मोड़ होतु हुए जमशेदपुर या कांटाटोली वो तरफ जा सकती हैं.

मेन रोड में शाम चार बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है. किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है.

### यहां होगी पार्किंग की व्यवस्था

डोरंडा और सुजाता चौक से मेन रोड आने वाले वाहनों की पार्किंग सैनिक मार्केट व चर्च कॉम्प्लेक्स.-अलबर्ट एक्का चौक से बकरी बाजार की ओर जाने वाले लोग जिला स्कूल और बालकृष्ण स्कूल में वाहन पार्क करेंगे.-डंगराटोली से सर्जना चौक जाने वाले वाहन संत जॉन्स स्कूल के सामने पार्क होंगे.

स्टेशन रोड पूजा पंडाल जाने वाले वाहन रेलवे भर्ती बोर्ड से चुटिया थाना मोड़ तक रोड पर पार्क होंगे.

हरमू से किशोरगंज तक आने वाले वाहन मुक्तिधाम से किशोरगंज के बीच सड़क किनारे पार्क होंगे.

हरमू चौक स्थित पूजा पंडाल जानेवाले लोग हरमू मैदान में वाहन पार्क करेंगे.

बरियातू हाउसिंग जाने वाले लोग बरियातू मैदान में वाहन लगायेंगे.

सीएमपीडीआइ के पास पंडाल जाने वाले लोग कैंब्रियन स्कूल के आगे वाहन पार्क करेंगे.

लालपुर से कोकर जाने वाले लोग साधु मैदान व बिजली ऑफिस में वाहन पार्क करेंगे.

खेलगांव से कोकर पूजा पंडाल जाने वाले लोग राम लखन सिंह यादव कॉलेज में वाहन लगायेंगे.

कांके रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड में पार्क होंगे.

हरमू बाईपास रोड से बकरी बाजार जाने वाले लोग बड़ा तालाब नदी ग्राउंड में वाहन लगायेंगे.

पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक, रातू रोड आनेवाले वाहन जायसवाल पेट्रोल पंप के सामने पार्क करेंगे.

बरियातू रोड से बकरी बाजार जाने वाले वाहन नागाबाबा खटाल एवं जाकिर हुसैन पार्क में खड़े होंगे.

पुराना विधानसभा मैदान पंडाल आने वाले शहीद मैदान में वाहन पार्क होंगे.

# किसानों के खेत में पानी मिलेगा तो पूरा होगा सुवर्णरेखा परियोजना का उद्देश्य पूरा : रामदास

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)। सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना सफेद हाथी साबित हो रही थी। 15 साल की योजना 46 साल बीतने के बाद भी पूरी नहीं हो पा रही थी। लेकिन मेरे द्वारा विभाग संभालने के बाद इसके कार्य में तेजी लाने का निर्देश विभाग के अधिकारी को दिया गया है। समयनुसार सभी योजना पूरी की जाएगी, क्योंकि हमारी सरकार हर किसानों के खेत तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में रखी है।हर किसानों के खेत में जिस दिन पानी मिलने लगेगा, उसी दिन सुवर्णरेखा परियोजना का उद्देश्य पूर्ण होगा। समय कम है और काम ज्यादा करना है। ऐसे



में हमें और हमारे विभाग के अधिकारी को तेजी से काम करने की जरुरत है। उक्त बातें रविवार को गालूडीह सुवर्णरेखा बराज डैम के समीप शिलान्यास एवं उद्घाटन समारोह में जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहीं। उन्होंने जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता विजय शंकर से कहा कि सुवर्णरेखा परियोजना का कैनाल साफ सुथरा दिखना चाहिए। कहीं भी कैनाल में पेड़ उगे और जंगल दिखे तो विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।कुछ दिनों के अंदर हम स्वयं कैनाल का निरीक्षण करने जायेंगे। रामदास सोरेन ने कहा कि दाईं नहर से हर साल ओडिशा के खेतों को पानी मिलता था और झारखंड के खेत सूखे रह जाते थे।उसी कैनाल से अब 10 प्रतिशत पानी झारखंड के किसानों को भी मिलेगा।उसके लिए काम शुरू कर दिया जा रहा है।रामदास सोरेन ने कहा कि सुवर्णरेखा नदी के दोनों एफलक्सबांएड (बांध) बनाकर बराज में पानी को रोकने की झमता को बढ़ाया जायेगा, क्योंकि कई गांव नदी में पानी बढ़ने से डूब जाते थे।ऊंचे क्षेत्र वाले किसानों को लिफ्ट एरिगेशन के माध्यम से हर खेत को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।रामदास सोरेन ने कहा कि सुवर्णरेखा नदी में हर साल पानी बेकार बहकर समुद्र में चला जाता है। लेकिन सरकार की योजना है कि उसका पानी रोककर नदी में बीयर बनाकर पीने के पानी के साथ-साथ खेत को भी पानी दिया जा सके।इससे पहले मुख्य अतिथि मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य अभियंता विजय शंकर, मुख्य अभियंता मोतीलाल पिंगुआ, विजय कुमार भगत और अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार लोहानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

# बाबूलाल ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

गिरिडीह(ईएमएस)। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गावां प्रखण्ड के बिरने पीडब्लूडी पथ से सलैयाटांड़ व नगवां आरईओ रोड से सिरी भाया ककमारी गांव तक लगभग साढ़े सात करोड़ की लागत से बननेवाली सड़क का शिलान्यास किया। श्री मरांडी ने कहा कि उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद गावां प्रखण्ड के सुदूरवर्ती गांवों में भी सड़क, पुल, पुलिया आदि विकास कार्यों की लंबी लकीर खींचने का काम किया गया था।अति पिछड़े गांवों को भी प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने का काम हुआ था। लेकिन कुछ गांवों में सड़क नहीं बन पाई थी जिसका उन्हें भारी मलाल था।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नगवां ककमारी सड़क निर्माण की ग्रामीण लगातार मांग कर रहे थे। उन्होंने इस सड़क को बनवाने के लिए कई बार लिखकर दिया और चढ़वाया भी।लेकिन हेमंत सरकार इस रोड को बनवाना नहीं चाहती थी। किंतु उन्होंने सरकार से लड़कर यह दोनों रोड को पास करवाकर टेंडर करवाने का काम किया है। अब ग्रामीणों का दुख तो दूर होगा ही साथ ही इन गांवों में भी अब गाड़ियां सरपट दौड़ेगी। उन्होंने कहा कि यातायात की सुविधा नहीं रहने से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास संभव नहीं है, इसलिए सड़कों का निर्माण होना बहुत जरूरी है।

# भाजपा की झूठ की फैक्ट्री चलने वाली नहीं है : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा(ईएमएस)। झामुमो की ओर से चिनियां प्रखंड इकाई के तत्वावधान में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर किया।मौके पर रवि प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में लगभग एक हजार से अधिक लोगों ने भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया।मंत्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया।मंत्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा दोमुंहा सांप है। यह दोनों तरफ से डंसती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना रोकने के लिए भाजपा के लोग कोर्ट में केस किए हैं।वहीं दूसरी ओर भाजपा गो-गो दीदी योजना चलाने की घोषणा कर राज्य की महिलाओं के साथ छल कर रही है।

उन्होंने कहा कि सभी लोग आगामी विधासभा चुनाव में भाजपा को गो-गो ही कर दें।मंत्री ने कहा कि उन्होंने तीन साल में जितना विकास कार्य किया है वह पिछले 30 वर्षों पर भी भारी है।उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें 10 साल मौका दिया वे चेक स्लीप पर ही विधायक मद की सारी राशि खा गए।जिन पिता-पुत्र को जनता ने 30 साल मौका दिया आज वे परिवर्तन रथ चला रहे हैं, ऐसे लोगों को जनता के बीच जाने में शर्म भी नहीं आती है। मंत्री ने कहा कि वोट ठगने वाले ऐसे लोगों और उनके दलालों से सावधान रहें।क्षेत्र का विकास करने वाले मिथिलेश ठाकुर को आगामी विधानसभा चुनाव में रिकार्ड 50 हजार से अधिक मतों से जीताकर विधानसभा भेजे। ठाकुर ने कहा कि झूठ की फैक्ट्री अब चलने वाला नहीं है। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष चैतु सिंह खरवार, जिपस बनारसी सिंह, फरीद खां आदि ने विचार व्यक्त किया।

# आम जनता का होगा कांग्रेस का घोषणा पत्र : बंधु तिर्की

हजारीबाग(ईएमएस)। कांग्रेस पार्टी की मैनिफेस्टो कमिटी ने रविवार को परिसदन में परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कमेटी के चेयरमैन बंधु तिर्की ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मेनिफेस्टो कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी में 25 सदस्य हैं, जो पार्टी के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता हैं। मेनिफेस्टो कमिटी के सदस्य प्रमंडल एवं जिले में जाकर लगातार बैठक, चौपाल लगाकर आमजनों की बातों को संकलित कर रहे हैं।कांग्रेस पार्टी एक ऐसी मेनिफेस्टो बनाने जा रहे हैं, जो रियलिस्टिक हो। यह घोषणा पत्र आम जनता का होगा। बंधु तिर्की ने कहा कि इसी क्रम में हम लोग डालटनगंज पलामू के बाद हज़ारीबाग़ में आए हैं। यहां पर विभिन्न संगठन के लोगों से मिलकर उनसे परामर्श लिया है।इसमें हज़ारीबाग़ चैंबर आफ कॉमर्स, बार एसोसिएशन, दलित संगठन, आदिवासी संगठन, मुस्लिम संगठन सहित अन्य लोगों ने अपना सुझाव दिया।इसके इलावा भी कई लोग शामिल थे। हज़ारीबाग़ में पेपर लीक, भूमि सर्वे सुधार, खासमहाल भूमि को लीज नवीकरण से संबंधित, पलायन, रोजगार एवं सिंचाई से संबंधित सुझाव आया।इस तरह के कई सुझाव आए हैं।सभी सुझाव का अध्ययन कर जन घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा।यहां के जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति, इंडस्ट्रीज, आदिवासी, मूलवासी के पलायन का जो परामर्श आया है, उसको संकलित करके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के सामने यह ड्राफ्ट रखा जाएगा।

# गोल ब्लाडर कैंसर, हेपेटाइटिस इंफेक्शन विषयों पर विशेषज्ञों ने साझा किए अपने अनुभव

रांची : इंडियन सोसायटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी द्वारा डोरंडा के शौर्य सभागार में आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस गैस्ट्रोकॉन-24 का समापन रविवार को हुआ. कॉन्फ्रेंस में झारखंड के साथ दूसरे राज्यों से पेट व लीवर के सैकड़ों विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए. सम्मेलन के अंतिम दिन भी 20 से ज्यादा विभिन्न बीमारियों से संबंधित विषय पर चर्चा की गई. रविवार को कॉन्फ्रेंस की शुरूआत गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अमर प्रेम द्वारा गोल ब्लाडर कैंसर की जल्द पहचान और प्रबंधन विषय के साथ हुई. उन्होंने बताया कि पित्ताशय के कैंसर का पता लगाना मुश्किल है, क्योंकि इसके लक्षण शुरुआती चरणों में दिखाई नहीं देते. जब लक्षण दिखाई देते हैं, तो वे पित्त पथरी या पित्त नली में रुकावट जैसी अधिक सामान्य स्थितियों के समान हो जाते हैं. पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द, पीली त्वचा और आंखों का सफेद भाग पीला पड़ने लगता है. डॉ. अमर प्रेम ने बताया कि कैसे ऐसे रोगियों की पहचान शुरूआती स्तर पर की जा सके और इसका प्रबंधन कैसे किया जा सके. बिहार के डॉ. राजीव कुमार सिंह ने एंडोस्कोपी पर एआई के महत्व के बारे जानकारी दी.

चंडीगढ़ के डॉ. सरोज कांत सिन्हा ने अल्सरेटिव कोलाइटिस का 2025 और इससे आगे के इलाज विषय पर अपनी बात रखी. उन्होंने बताया कि अल्सरेटिव कोलाइटिस, बड़ी आंत (कोलन) और मलाशय की अंदरूनी परत में सूजन होने वाली एक बीमारी है, इसे इन्फ़्लेमेटरी बाउल डिजीज (आईबीडी) के नाम से भी जाना जाता है. अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया गया, तो यह घातक साबित हो सकता है. डॉ. सरोज सिन्हा के अनुसार, अल्सरेटिव कोलाइटिस के कई लक्षण हैं, पेट में दर्द और ऐंठन, आंत के ऊपर गुड़गुड़ाहट या छप-छप की आवाज, मल में रक्त और संभवतः मवाद होना, दस्त, बुखार, वजन घटना आदि शामिल हैं. कॉन्फ्रेंस के



दौरान मुख्य रूप से नागपुर के डॉ. सौरभ मुकेवर, दिल्ली के डॉ. अनील अरोरा, डॉ. पियुष रंजन, कोलकाता के डॉ. संदीप पाल, अपोलो दिल्ली के डॉ. हितेंद्र गर्ग, कोलकाता के डॉ. संजय मंडल और डॉ. नीरव गोयल समेत अन्य शामिल थे.

### नए-नए एडवांस तकनीक से अवगत हुए झारखंड समेत दूसरे राज्य के चिकित्सक

ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. मनोहर लाल और को-चेयरपर्सन डॉ. जयंत घोष ने बताया कि पेट, आंत व लीवर से संबंधित इस नेशनल कॉन्फ्रेंस में अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ अलग-अलग राज्यों से शामिल होकर झारखंड समेत दूसरे जगह के डॉक्टरों को नए-नए तकनीक व अपने अनुभव से अवगत कराया. यहां हमने लाइव सर्जरी से अत्याधुनिक तकनीक सीखे. सम्मेलन में उपस्थित डॉक्टरों ने एकक्लासिया कार्डिया का ऑपरेशन, पैनक्रियाज से संबंधित बीमारी, पैनक्रिएटिक सिडोसिस्ट का ड्रेनेज, ईआरसीपी के द्वारा पित्त की नली में स्थित बड़े-बड़े स्टोन का स्पाई ग्लास के द्वारा ऑपरेशन की तकनीक से अवगत हुए. सम्मेलन के सफल आयोजन में ऑर्गनाइजिंग कमेटी के चेयरपर्सन डॉ. प्रणव मंडल, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. मनोहर लाल प्रसाद, को-चेयरपर्सन डॉ. जयंत कुमार घोष समेत अन्य की भागीदारी रही.

### एंडोस्कोपी से पोयम तकनीक का इस्तेमाल कर खाने की नली की सर्जरी संभव : डॉ. विकास सिंघला

मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के डॉ. विकास सिंघला ने पोयम यानी बिना चीरफाड़ के कैसे खाने की नली की सर्जरी कर उसे ठीक किया जा सकता है, इस विषय की प्रस्तुति दी. इसके बाद लाइव सर्जरी कर इसकी बारिकियों को भी सिखाया. उन्होंने बताया कि बिना चीरफाड़ के एंडोस्कोपी से पोयम (ओरल एंडोस्कोपिक मायटोमी) तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है. इस तकनीक में, मुंह के रास्ते जाकर आहार नली में छोटा कट लगाया जाता है. इसके बाद, इसोफेगस के ऊपरी हिस्से से लेकर जंक्शन के नीचे तक बढ़ी मांसपेशियों को काटा जाता है. जिसके बाद मरीज को परेशानी से निजात मिलता है.

### क्रोनिक पैनक्रियाटिस से अग्नाशय की संरचना व कार्य-प्रणाली हो सकती है खराब, समय से पहचान जरूरी : डॉ. संजीव झा

आईजीआईएमएस पटना के डॉ. संजीव कुमार झा ने बताया कि क्रोनिक पैनक्रियाटिस अग्नाशय की लंबे समय से चली आ रही सूजन है. जिसकी वजह से अग्नाशय की संरचना और कार्य-प्रणाली खराब हो जाती है.

# संक्षिप्त खबरें

## इस्लामनगर के वासियों को जल्द मिलेगा आशियाना




रांची : मुस्ताक आलम के नेतृत्व में भोलू मलिक, गुड्डू परवेज, एवं हमदर्द कॉमेटी के लोग 24 सितंबर के साथ एक प्रतिनिधि मंडल टीम नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से उनके आवास पर मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में बताया मंत्री हफीजुल हसन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नगर निगम को आदेश दिया कि जल्द से जल्द इस्लामनगर वासियो को फ्लैट का आवंटन किया जाए उसके बाद नगर निगम की टीम इस्लामनगर का दौर की और 7 तारीख को फ्लैट देने की घोषणा की। ज्ञात होगा कि रांची जिला प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण के तहत 2011 में इस्लामनगर के 1000 से ज्यादा कच्चे पक्के मकानों को जमीन दोज कर दिया गया था , प्रशासन की इस कार्रवाई से बेघर हुए लोगों ने हाई कोर्ट की शरण ली थी। हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि वहा के बेघरों हुए लोगों को इस जमीन पर फ्लैट बनाकर 13 माह के अंदर बसाया जाए लेकिन इस्लामनगर के गरीब। बेघर मुसलमान को 14 साल आशियाने के लिए इंतजार में बैठना पड़ा . जो कि आज 14 वर्ष पूरा होने के बाद इस्लामनगर के वासियो के चेहरे में खुशी है ।

## अमीन अहमद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया, शिक्षकों, अभ्यर्थियों एवं विद्यार्थियों के समस्याओं का समाधान करने का

रांचीः झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि झारखंड के शिक्षकों, अभ्यर्थियों एवं विद्यार्थियों के हित की रक्षा की जाए। उन्होंने प्रमुख दो समस्याओं का उल्लेख करते हुए समाधान चाहा है। पहली समस्या का उल्लेख करते हुए कहा है कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एवं जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय समेत राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश जांच परीक्षा में झारखण्ड के अभ्यर्थियों के लिए कोई भी परीक्षा केन्द्र निर्धारित नहीं है। अब तक झारखण्ड के अभ्यर्थियों को बिहार या पश्चिम बंगाल जाकर जांच परीक्षा देना पड़ता है, जबकि नियमानुसार विश्वविद्यालय को सभी राज्यों की राजधानी में कम से कम एक केन्द्र उस राज्य के अभ्यर्थियों के हित में बनाया जाना चाहिए। झारखण्ड राज्य को बिहार से अलग हुए दो दशक से अधिक का समय बीत गया है, परंतु अब तक झारखण्ड में प्रवेश जांच परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया गया है। जिससे झारखण्ड के अभ्यर्थियों को मानसिक एवं आर्थिक परेशानी उठानी पड़ती है। मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि उपरोक्त विश्वविद्यालय की प्रवेश जांच परीक्षा का केन्द्र झारखण्ड की राजधानी रांची में बनाए जाने का आदेश देने की कृपा करें ताकि अपने राज्य में परीक्षा केंद्र बन सके और झारखंड के अभ्यर्थियों के साथ भी न्याय हो सके। दूसरी समस्या पर कहा गया है कि शुक्रवार (जुमा) के दिन मुस्लिम समुदाय सामूहिक नमाज अदा करतें हैं. ये नमाज हर मुसलमान को अदा करना अनिवार्य है। राज्य के मुस्लिम कर्मियों, शिक्षकों, अध्ययनरत विद्यार्थियों तथा अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए जुमा की नमाज अदा करने के लिए दो घंटे का समय 12:00 बजे से 2:00 बजे अपराहन तक की छूट दिए जाने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार बिहार सरकार में पूर्व से यह सुविधा बहाल है। इसका आदेश पत्र झारखण्ड सरकार द्वारा भी जारी किए जाने की आवश्यकता है। परन्तु अब तक राज्य सरकार द्वारा आदेश पत्र जारी नहीं किया गया है। इस संदर्भ में संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद एवं प्रवक्ता शहज़ाद अनवर ने मांग करते हुए राज्य सरकार से आग्रह किया है कि झारखंड राज्य में भी उक्त परीक्षा केंद्र बनाया जाय तथा शुक्रवार के विशेष नमाज के लिए निर्देश जारी की जाय।

## गढ़वा भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी को एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस प्रदान किया गया




रांचीः कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के तहत इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, राँची द्वारा इंडियन बैंक के निदेशक श्री बाल मुकुंद सहाय के कर कमलों से भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, गढ़वा को एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस प्रदान किया गया। यह समारोह क्षेत्र महाप्रबंधक श्री राकेश सहगल, अंचल प्रबंधक श्री रामस्वरुप सरकार एवं डॉ. जे.पी. सिंह सचिव (इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, गढ़वा) की गरिमामयी उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान राँची अंचल के उप महाप्रबंधक श्री विजेंद्र सिंह मलिक, सहायक महाप्रबंधक श्री प्रभाकर कुमार, समस्त मुख्य प्रबंधकगण, गढ़वा शाखा के सहायक शाखा प्रबंधक एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें। इंडियन बैंक इस प्रकार के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में सदैव बढ़-चढ़कर सहभागिता हेतु प्रतिबद्ध रहा है ।

# घर में आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोगों की जलकर मौत



मुंबई, (ईएमएस)। रविवार तड़के मुंबई के चेंबूर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। खबर है कई सिद्धार्थनगर में एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की आग में जलकर दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल आग लगने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चेंबूर के सिद्धार्थ नगर स्थित एक घर में रविवार सुबह करीब 4.30 बजे आग लग गई। इस समय सभी सदस्य घर में थे। गुप्ता परिवार के सभी सदस्यों की आग में जलकर मौत हो गई। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। हालांकि, जब तक फायर ब्रिगेड टीम वहां पहुंचती तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और इस आग से गुप्ता परिवार के सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन छोटे बच्चे, दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। हादसे में मरने वालों के नाम पेरिस गुप्ता (7), मंजू प्रेम गुप्ता (30) अनीता गुप्ता (39) प्रेम गुप्ता (30) नरेंद्र गुप्ता (10), गीता देवी गुप्ता (60) है तथा एक के नाम का पता नहीं चल पाया है। उधर आग लगने के बाद सभी लोग घर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। इसलिए वे घर से बाहर नहीं निकल सकते थे। साथ ही, आग तब लगी जब पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था, जिससे उनका बाहर निकलना मुश्किल हो गया। जिस घर में गुप्ता परिवार रहता था वह दो मंजिला घर था। माना जा रहा है कि आग ग्राउंड फ्लोर पर लगी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। साथ ही सभी के सो जाने के कारण देर हो चुकी थी और तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालाँकि, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस लोमहर्षक घटना से स्थानीय परिसर में गम का माहौल है।

## एससीओ शिखर सम्मेलनः जयशंकर ने कहा- पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर नहीं होगी बात

नई दिल्ली(ईएमएस)। पाकिस्तान में 15 और 16 अक्टूबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल होंगे। इस खबर के बाद अटकलें लगाई जा रहीं थी कि सम्मेलन में भारत और पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा होगी। इन तमाम अटकलों पर पर खुद विदेश मंत्री ने विराम लगाते हुए साफ कर दिया कि भारत और पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों पर कोई चर्चा नहीं होगी। आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस द्वारा आयोजित पांचवें 'शासन पर सरदार पटेल' व्याख्यान में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में खुद डॉ.जयशंकर ने देते हुए कहा कि 15 से 16 अक्टूबर तक की जाने वाली उनकी पाकिस्तान यात्रा का उद्देश्य केवल एससीओ शिखर सम्मेलन जैसे बहुपक्षीय कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करना है। इसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर कोई चर्चा नहीं की जाएगी। जयशंकर ने कहा, मैं पाकिस्तान, संगठन का एक अच्छा सदस्य बनने जा रहा हूं। आप जानते हैं कि मैं एक विनम्र और सभ्य व्यक्ति हूं। इसलिए मैं उसी अनुसार व्यवहार करूंगा। पाक में द्विपक्षीय वार्ता का कोई कार्यक्रम नहीं है। उन्होंने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) की प्रगति में पाकिस्तान को बाधक बताते हुए कहा कि आतंकवाद अस्वीकार्य है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बावजूद अगर हमारा कोई पड़ोसी ऐसा करना जारी रखता है तो सार्क में सामान्य रूप से काम नहीं हो सकता है। आखिरी सार्क सम्मेलन 2014 में काठमांडू में आयोजित किया गया था। इसके बाद 2016 में होने वाले समूह के शिखर सम्मेलन का भारत के बहिष्कार की वजह से आयोजन नहीं किया जा सका था।

विदेश मंत्री ने इजरायल-ईरान के बीच जारी भीषण विवाद को गंभीर चिंता का कारण बताते हुए कहा कि मध्य-पूर्व एक अवसर नहीं है।

## जर्मनी में ग्रीन हाइड्रोजन की भूमिका पर भारत का पक्ष रखेंगे केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली(ईएमएस)। नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास के क्षेत्र में भारत के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी 6 अक्टूबर से जर्मनी के तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे। जोशी 7 से 8 अक्टूबर, 2024 तक हैम्बर्ग सेस्टेनेबिलिटी कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे और सतत विकास, ग्रीन हाइड्रोजन, कम लागत वाले वित्त और संपूर्ण नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला घटकों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम के मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

मंत्री इस सम्मेलन में ग्रीन शिपिंग और मोबिलिटी सेक्टर को कार्बन मुक्त करने में ग्रीन हाइड्रोजन की भूमिका पर भारत का पक्ष भी रखेंगे। यह यात्रा भारत-जर्मनी संबंधों को बढ़ावा देगी,इससे व्यापार के अवसर सृजित होंगे और भारत तथा दुनिया भर में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार में तेजी आएगी। यह वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा देते हुए सतत विकास और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा।

## भारत ने किया छोटी दूरी के हवाई मिसाइल डिफेंस सिस्टम का परीक्षण

नई दिल्ली(ईएमएस)।एलओसी पर जारी विवाद के बीच भारत ने शनिवार को राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में कम दूरी के हवाई मिसाइल डिफेंस सिस्टम (वीएसएचओआरएडीएस) के तीन सफल परीक्षण किए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह चौथी पीढ़ी का मानव-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस सफलता के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय सेना और निजी उद्योगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस यह नई मिसाइल हवाई खतरे के खिलाफ तकनीकी रूप से सशस्त्र बलों को और अधिक बढ़ावा देगी। ज्ञात हो कि भारत की सशस्त्र सेनाएं बीते कुछ वक्त से रूस द्वारा विकसित की गई इगला मिसाइल प्रणाली पर निर्भर कर रही थीं। लेकिन अब वीएसएचओआरएडीएस इनकी जगह ले सकती है। जल्द ही सेना द्वारा इसका प्रयोग किया जा सकता है।

## ईरान-इजरायल युद्ध से भारत को कई हजार करोड़ का हो सकता है नुकसान

नई दिल्ली (ईएमएस)। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने युद्ध की स्थिति को और गंभीर बना दिया है। दोनों देश एक-दूसरे को खत्म करने की कसम खा चुके हैं, जिससे युद्ध की तपिश लगातार बढ़ती जा रही है। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने मुस्लिम देशों से एकजुट होने और इजरायल को सबक सिखाने की अपील की है। दूसरी ओर, इजरायल ने ईरान की न्यूक्लियर और तेल सुविधाओं पर हमले की योजना बनाई है। इस संघर्ष का असर केवल इन दोनों देशों पर नहीं, बल्कि भारत पर भी पड़ने की आशंका है।सूत्रों के अनुसार, ईरान-इजरायल युद्ध से भारत को कई हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है। भारतीय व्यापारी और सरकार चिंतित हैं क्योंकि भारत बड़े पैमाने पर ईरान को बासमती चावल और चाय पत्तियाँ निर्यात करता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में ईरान को 680 मिलियन डॉलर का बासमती चावल निर्यात किया, जो लगभग साढ़े 5 हजार करोड़ रुपए के बराबर है। भारत अपने कुल बासमती चावल का 19 प्रतिशत हिस्सा ईरान को निर्यात करता है। यदि युद्ध जारी रहा, तो यह व्यापार प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा, भारत ने ईरान को 32 मिलियन डॉलर का चाय निर्यात किया है, हालांकि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण यह निर्यात कम होता जा रहा है। 2019 में ईरान को 200 मिलियन डॉलर की चाय का निर्यात हुआ था, लेकिन यह संख्या घटकर 32 मिलियन रह गई है।

## समाजसेवियों को किया गया सम्मानित



रांचीः सामाजिक संस्था *शिवा लिंगम मानव सेवा संस्थान,छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच* के संयुक्त तत्वावधान मे सम्मान समारोह का आयोजन चैती दुर्गा मंदिर परिसर भुतहा तालाब परिसर मे छात्र क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा जी के अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्यअतिथि के प्रसिद्ध समाजसेवी नंदकिशोर सिंह चंदेल मौजूद थे। शिव किशोर शर्मा ने कहा छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच एक सामाजिक संस्था है जो शिक्षा,पर्यावरण,स्वास्थ्य चिकित्सा,मानव कल्याण आदि आदि के क्षेत्र मे वर्षो से स्वतंत्र रूप से या दूसरे संस्थानों के साथ मिलजुलकर सामाजिक क्षेत्र मे कार्य कर रही है।

संस्था का एक ही उद्देश्य है सामाजिक कार्य करना।

आज संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने एवं सामाजिक कार्य करने वाले 08 समाजसेवियों को तिलक लगाकर,तलवार,पगड़ी,अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित एवं उन्हें प्रोत्साहित किया गया जो निम्नलिखित हैः

*लायंस क्लब का रांची हरि कनक ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश केडिया* को शिक्षा एवं गरीब,जरूरतमंद लोगों के बीच सुखा अनाज एवं भोजन उपलब्ध करने के क्षेत्र में,

*श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब के कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह* को धार्मिक आयोजन,पूजा पाठ के सफल आयोजन एवं असहाय, जरूरतमंद लोगों की सेवा करने के क्षेत्र मे, *छात्र क्लब चिकित्सक मंच के वरीय उपाध्यक्ष डॉ.अनुज कुमार पटेल* स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के क्षेत्र मे,

*रांची महानगर रामनवमी पूजा महासमिति(युवा महावीर मंडल रांची)के संस्थापक अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह चंदेल* को विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन के शांति पूर्ण एवं सफल संचालन के क्षेत्र में, लकी एजुकेशनल एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव दीपक कुमार साहू* को शिक्षा, पर्यावरण,स्वास्थ्य एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में, *छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच के संयोजिका कुमारी अनिता* को शिक्षा एवं रांची के विभिन्न क्षेत्रों मे धार्मिक आयोजन भजन कीर्तन,सत्संग,कलश यात्रा के सफल आयोजन के क्षेत्र मे,

*क्राउंड लायंस के अध्यक्ष शुभम चौधरी* को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र मे, *कपिल फाउंडेशन के प्रवक्ता आकाश रजक* को मानव कल्याण के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरुप से गौतम कुमार साहू,पिया बर्मन,प्रशांत कुमार,मुकेश उरांव सुमित कुमार,राजकिशोर राणा,प्रिया कुमारी,नितिशा कुमारी,भूपेंद्र सिंह चावला,राधा गुप्ता, सुभाष कुमार,कुमारी नीलम, कुमारी शीला,अंजना प्रियदर्शनी, कुमारी बबली,सकुन देवी मुंडा, पूजा गुप्ता,अशोक कुमार राणा, सुबोध कुमार शर्मा आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन शिव लिंगम के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साहू ने किया। अपने-अपने क्षेत्र में दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण सफल आयोजन में अपनी सामाजिक भागीदारी निभाने का संकल्प लेकर कार्यक्रम की समापन हुई।

## विजिथान का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आयोजन किया

रांचीः यूनियन बैंक ऑफ इंडिया , अंचल कार्यालय रांची द्वारा खेल प्राधिकरण झारखंड के प्रांगण में स्पोर्ट्स अथॉरिटी सतर्कता जागरूकता के प्रचार प्रसार हेतु विजिथान का आयोजन किया गया । इस अवसर पर श्री बैजनाथ सिंह, अंचल प्रमुख महोदय ने उपस्थित लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी । इस कार्यक्रम में खेल प्राधिकरण , राँची , झारखंड के कोच , खिलाड़ी तथा आम जन ने अपनी सहभागिता दर्ज की । अंचल प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि हमें किसी भी तरह के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त आवाज उठानी चाहिए एवं देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में अपना योगदान देना चाहिए. उन्होंने लोगों को ईमानदारी से अपने जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया. इस अवसर पर श्री बैजनाथ सिंह , महाप्रबंधक ,अंचल प्रमुख कार्यालय के साथ उप अंचल प्रमुख श्री विजय कुमार रॉय ,एवं श्री शशिकांत , अंचलांतर्गत सभी क्षेत्रीय कार्यालय ( राँची, धनबाद , पटना , समस्तीपुर एवं भागलपुर ) के क्षेत्र प्रमुख , उप क्षेत्र प्रमुख एवं यूनियन बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया ।

## बाजुकोला शिलाडीह में भारत जकात माझी प्रगना महाल समाज की हुई बैठक



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाजुकोला शिलाडीह में भारत जकात माझी प्रगना महाल समाज ने बैठक की । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कि व संचालन सचिव मनोज मुर्मू ने किया। बरकट्ठा, बगोदर एवं चलकुशा प्रखंड क्षेत्र से लोग पहुंच कर बैठक में शामिल हुए। बैठक में समाज कि विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए की निर्णय लिया गया।रामजी मांझी ने झारखंड सरकार से मांझी बाबा, पारानीक बाबा, जोग माझी बाबा एवं नायके बाबा को सम्मान राशि देने कि मांग किया।कहा कि राज्य में हजारीबाग जिला को छोड़कर अन्य जिलों में समाज के बाबाओं को सम्मान राशि दिया जा रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार से हजारीबाग जिला में भी सम्मान राशि देने की मांग किया है।इस अवसर पर बैठक में सहदेव मांझी, विनोद सोरेन, जगलाल मांझी, रामलाल मांझी, रीतलाल मांझी, बंसी मांझी, साहब राम सोरेन, तालो मांझी, शिबू मांझी, रीतलाल हेंब्रम, परमेश्वर हांसदा, लालजीत हेंब्रम, शीतल टुडू, कैलाश टुडू समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।


**भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)

पत्रांक : म.प्र./क्षेत्र-1/भू.सं.न्याया./अ. नो./ 2024/72 दिनांक-19/09/2024

**अतिक्रमण नोटिस**

परियोजना पदाधिकारी, ए.एम.पी कोलियरी.... प्रथम पक्ष
बनाम
श्री शंकर मोहली एवं अन्य 20 (बीस) व्यक्तियों ...द्वितीय पक्ष।
थाना- मधुबन

| क्र. सं. | मुकदमा संख्या | द्वितीय पक्ष का नाम | आवास (बीसीसीएल आवास सं) | रकवा (वर्ग फीट | जहां अवस्थित है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 47/2023 | श्री शंकर मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं. 152 | 67.3439m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 2 | 48/2023 | श्री दिलीप मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं. 152 | 44.5274m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 3 | 49/2023 | श्री शंकर मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 45.5924m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 4 | 50/2023 | श्रीमती सुनीता देवी | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 29.7982m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 5 | 51/2023 | श्री भोला मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 132.0739msq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 6 | 52/2023 | श्री रंजित मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 29.9924m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 7 | 53/2023 | श्री सुनील मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 28.7033m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 8 | 54/2023 | श्री धर्मेन्द्र मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 19.3112m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 9 | 55/2023 | श्री राजेन्द्र मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 82.3053m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 10 | 56/2023 | श्रीमती टुसू देवी | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 48.967m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 11 | 57/2023 | श्री धनरासु मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 53.3839m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 12 | 58/2023 | श्री फूलचंद मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 23.2411m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 13 | 59/2023 | श्री अर्जुन चौहान | खाता नं.06 प्लॉट नं.185 | 46.0121m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 14 | 60/2023 | श्री बिनोद मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 21.3603m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 15 | 61/2023 | श्रीमती मीना विश्वकर्मा | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 34.4715m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 16 | 62/2023 | श्री किशुन मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 31.4909m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 17 | 63/2023 | श्रीमती चरकी देवी | खाता नं.05/02 प्लॉट नं.153/ 152 | 38.9425m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 18 | 64/2023 | श्री तेजा कुमार | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 23.2411m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 19 | 65/2023 | श्री समरेश बेलदार | खाता नं.06 प्लॉट नं.185 | 140.1918m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 20 | 66/2023 | श्रीमती सुनीता देवी | खाता नं.07/06 प्लॉट नं.186/ 185 | 95.0151m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |
| 21 | 67/2023 | श्री बिजय मोहली & श्री अजीत मोहली | खाता नं.02 प्लॉट नं.152 | 89.226m.sq | आशाकोठी (मोहलीपट्टी) |

भा.को.को.लि. के परियोजना पदाधिकारी,ए.एम.पी कोलियरी, बरोरा क्षेत्र ने लोक परिसर (अनधिकृत दखलकारों की बेदखली) अधिनियम, 1971 की धारा 4(1) के अंतर्गत इनके विरूद्ध भू-सम्पदा न्यायालय, बरोरा क्षेत्र में मुकदमा दायर किया है । मुकदमा में कारणपृच्छा दाखिल करने हेतु इनको नोटिस भेजी गई थी , फिर भी आप न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे हैं ।

निवेदन है कि स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से इनको सूचित किया जाए कि ये स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा दिनांक : 21/10/2024/ को हाजिर होकर कारण पृच्छा दाखिल करें अन्यथा एकतरफा कार्रवाई सुनिश्चित कर समुचित आदेश पारित कर दिया जाएगा ।

भवदीय
ह0/-
भू-सम्पदा पदाधिकारी,भू-सम्पदा न्यायालय,बरोरा क्षेत्र

यह सूचना बीसीसीएल की वेबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।


# वैश्य मोर्चा ने लंबित मांगों को लेकर आयोजित किया चेतावनी महाधरना




रांचीः झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर आज 6 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय चेतावनी महाधरना का आयोजन किया गया. इस चेतावनी महाधरना में विभिन्न जिलों से आये वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और प्रमुख सदस्य शामिल हुए. धरना कार्यक्रम में प्रस्ताव पारित कर घोषणा की गयी कि 8 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक में वैश्य मोर्चा की मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ अभियान चलाने पर विचार करेगी. कल 7 अक्टूबर को एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, महामहिम राज्यपाल सहित राज्य के मंत्रियों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा. वैश्य मोर्चा का यह चेतावनी धरना कार्यक्रम ओबीसी को 27% आरक्षण देने, शून्य जिलों में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की लूटी गयी जमीन वापसी, वैश्यों को झूठे केस में फंसाने, प्रताड़ित करने आदि मुद्दों को लेकर आयोजित किया गया था. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया.

धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि दर्जनों बार धरना-प्रदर्शन करके, और प्रतिनिधि मंडल मिल कर मांग-पत्र सौंपा गया है, लेकिन अफसोस की बात है कि अब तक वैश्य समाज को सभी सरकारों ने उपेक्षित करने, हाशिए पर डालने का काम किया है. श्री साहु ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि सत्ता में आने के बाद वे लागू करेंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 31 जुलाई को वैश्य मोर्चा का उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंप कर उन्हें अपने वायदे को याद भी दिलाया था. एक बार फिर आज इस धरना कार्यक्रम के माध्यम से वैश्य मोर्चा मांग करना चाहती है कि 8 अक्टूबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में हमारी मांगों पर विचार किया जाये. अन्यथा वैश्य मोर्चा आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी रणनीति बनाएगी और ठोस निर्णय लेगी.

इस चेतावनी महाधरना में समाजसेवी आदित्य विक्रम जायसवाल, वैश्य मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, रामसेवक प्रसाद, सुरेश साहु, संजीव चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह हाइकोर्ट के अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद, सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव दिलीप प्रसाद, रामाशंकर राजन, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, संगठन सचिव अनिल वैश्य, जगदीश साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य नरेश साहु, राजेन्द्र साहु, महावीर साहु, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, सचिव आदित्य पोद्दार, छात्र मोर्चा अध्यक्ष युवराज साहु, अविनाश कुमार, नीलू साहु आदि अनेकों सदस्य उपस्थित थे.

## संक्षिप्त ख़बरें

### आर्केस्ट्रा में लड़की बन कर डांस करने वाले युवक की हत्या

बेगूसराय (ईएमएस)। बिहार के बेगूसराय में एक युवक आर्केस्ट्रा में लड़की बनकर डांस करता था। बीते दिनों उसके दोस्तों ने साजिश कर डांसर को बुलाकर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। आरोपियों का कहना है कि डांसर ने अश्लील वीडियो बनाया था और वह ब्लैकमेल कर रहा था। फिलहाल पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।यह कहानी बेगूसराय जिले की है। यहां राजेश पासवान नाम का युवक आर्केस्ट्रा में लड़की बनकर डांस करता था। राजेश की प्रिंस नाम के युवक से दोस्ती थी। राजेश ने प्रिंस का अश्लील वीडियो बना लिया था। इस पर वह ब्लैकमेल भी करता था। जिससे प्रिंस तंग आ गया था। इसी बात पर प्रिंस ने साजिश रची और 3 अन्य देस्तों के साथ मिलकर राजेश का गला दबाकर हत्या कर दी।पुलिस के अनुसार प्रिंस ने अपने साथियों आनंद, सतीश और शत्रुघ्न के साथ एक अक्टूबर को राजेश को घर से बुलाया और बलिया के हुसैन दियारा इलाके में उसकी हत्या कर दी। बलिया की डीएसपी नेहा कुमारी ने कहा कि 3 अक्टूबर को एक युवक का शव मिला था। जिसकी पहचान सिंघौल निवासी राजेश पासवान के रूप में की हुई थी। परिजनों ने कहा कि राजेश को एक अक्टूबर की शाम प्रिंस काम के बहाने से साथ ले गया था। वह फिर कभी वापस नहीं लौटा।प्रिंस ने राजेश की हत्या इसलिए की क्योंकि राजेश ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था और उसे ब्लैकमेल कर रहा था। प्रिंस ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई और राजेश का गला दबाकर उसे मार डाला। बाद में गला रेत दिया था। इस हत्या के मामले में पुलिस ने प्रिंस के अलावा आनंद, सतीश और शत्रुघ्न को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है। सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। डीएसपी ने कहा कि इस घटना से जुड़े सभी सबूत जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को अदालत में पेश करेंगे।

### नेपाल में फिर तेज बारिश, बिहार में बढ़ सकता है खतरा

पटना,(ईएमएस)। बिहार के 18 जिलों में बाढ़ ने तांडव मचा दिया है। कोसी, गंडक, बागमती, महानंदा जैसी नदियां उफान पर हैं। हालांकि, अब कुछ जगहों पर जलस्तर कम हो रहा है, लेकिन मुसीबत और सियासत दोनों ही बढ़ रही है। बिहार सीएम नीतीश कुमार बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे कर रहे हैं। ग्राउंड जीरो पर जाकर बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दे रहे हैं। वहीं, नेपाल में एक बार फिर से तेज बारिश हो रही है, इससे बिहार को खतरा पैदा हो गया है। वैसे ही बिहार के लोग अभी बाढ़ की मार झेल रहे हैं लेकिन इसको लेकर प्रशासन सतर्क है।

### बाढ़ के पानी में डूबने से अब तक पांच की मौत, लापता की तलाश जारी

पटना,(ईएमएस)। बिहार के दरभंगा जिले के पूर्वी इलाके में बाढ़ के पानी में डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं एक शख्स लापता है, जिला प्रशासन एनडीआरएफ की मदद से उसकी तलाश में जुटा है। इसकी पुष्टि दरभंगा के जिलाधिकारी ने की है।डीएम ने बताया कि दरभंगा जिले में अलग-अलग जगहों पर बाढ़ के पानी में डूबने से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एक लापता है। सरकार ने मृतक के परिवार को सहायता राशि भी दी है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि कमला और कोशी नदी का पानी हर दिन कम हो रहा है।उन्होंने आगे बताया कि बाढ़ का पानी ज्यादातर घरों से निकल गया है। कुछ बाढ़ पीड़ित अपने घरों को लौट रहे हैं, जिनके गांव और घर अभी भी बाढ़ में डूबे हैं, वे अभी भी ऊंचे स्थानों पर हैं। सरकार की ओर से उन्हें हर तरह की राहत और मदद मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि दरभंगा शहर से होकर गुजरने वाली बागमती नदी का पानी बढ़ रहा है। यह पानी सीतामढ़ी की ओर से आ रहा है, लेकिन पानी बढ़ने की गति काफी कम है। ऐसे में दरभंगा शहर पर अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है। इसके बावजूद प्रशासन बागमती नदी के जल प्रवाह पर कड़ी नजर रखे हुए है।

### बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

हाजीपुर (ईएमएस)। बिहार में वैशाली के हाजीपुर में देर रात औद्योगिक क्षेत्र में एक दुर्गा मंदिर के पास एक बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और घटना की जानकारी थाने को दी। फिर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक और चालक को अपने कब्जे में ले लिया।सुचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस युवक को सदर अस्पताल लायी। जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दीपक कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार वाले सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करा शव लेकर चले गए। मृतक के चाचा ने कहा कि दीपक अपने साले को लेकर रामाशीष चौक बस पर चढ़ाने गए थे। जहां से लौटने के दौरान सुल्तानपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि दीपक दिल्ली में चाय का दुकान चलाता है। वह दुर्गा पूजा के बाद दीपक की बहन की शादी को लेकर फलदान तय था। इसी को लेकर दीपक कुछ दिन पहले दिल्ली से अपने घर आया था।

### कागजात की चोरी मामले में गिरोह का खुलासा

कटिहार (ईएमएस)। बिहार में कटिहार के रजिस्ट्री ऑफिस से मूल पंजी चोरी के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही कागजात की चोरी मामले में गिरोह का खुलासा हुआ है। यह घटना पिछले दिनों हुई थी। जब कटिहार के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में लूट की वारदात सामने आई थी। पुलिस ने अपराधियों मो मकसूद और मो कुर्बान को अवैध हथियारों के साथ पकड़ाथा।पूछताछ में उन्होंने अपने दो अन्य साथियों का नाम बताये जिसके बाद पुलिस ने हाजी टोला में छापेमारी कर इजहारूल खान और मो कैफी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों ने खुलासा किया कि वे रजिस्ट्री ऑफिस के कुछ स्टाफ की मदद से रजिस्टर और अन्य कागजात चोरी करते थे और उन दस्तावेजों का उपयोग फर्जी जमीन हस्तांतरण और नामांतरण के लिए करते थे। पुलिस की जांच में पता चला कि इन दस्तावेजों का इस्तेमाल बाहर रहने वाले लोगों की संपत्ति के फर्जी सौदे के लिए किया जा रहा था। इस रैकेट में रजिस्ट्री ऑफिस और अंचल कार्यालय के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता की संभावना है जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

### नीट-यूजी पेपर लीक में तीसरी चार्जशीट में 21 आरोपी




पटना (ईएमएस)। नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने तीसरी चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 21 लोगों को आरोपी बनाया है। ये चार्जशीट पटना स्थित सीबीआई के विशेष कोर्ट में दाखिल की है। सूत्र बताते हैं कि इस केस में जैसे-जैसे तफ्तीश का दायरा बढ़ेगा कुछ और सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की जा सकती हैं।सीबीआई ने अबतक 3 चार्जशीट दायर की हैं जिनमें 40 लोगों को आरोपी बनाया है। पहली चार्जशीट में 13 लोगों को आरोपी बनाया व दूसरे में 6 और तीसरे में 21 लोगों के खिलाफ आरोप हैं। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि 5 मई की सुबह नीट के पेपर्स से भरे ट्रंक हजारीबाग के ओएसिस स्कूल में पहुंचाए गए थे। ट्रंक एक कंट्रोल रूम में रखे गए। पेपर पहुंचने के तुरंत बाद स्कूल के प्रिंसिपल और डिप्टी प्रिंसिपल ने मास्टरमाइंड पंकज को कंट्रोल रूम में जाने दिया।मामले में सीबीआई ने 20 सितंबर को 6 आरोपियों के खिलाफ दूसरी चार्जशीट दाखिल की थी। जिसमें बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, सनी कुमार, प्रिंसिपल, ओएसिस स्कूल, हज़ारीबाग़ और सिटी कोऑर्डिनेटर हजारीबाग, मोहम्मद इम्तियाज आलम (उप-प्रिंसिपल, ओएसिस स्कूल और केंद्र अधीक्षक), जमालुद्दीन उर्फ जमाल हजारीबाग के रिपोर्टर और अमन सिंह शामिल है। चार्जशीट में धारा 120 -बी (आपराधिक साजिश), धारा 109 (उकसाना), धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 380 (चोरी), धारा 201 (साक्ष्य गायब होने का कारण), और धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) आदि आरोप लगाए गए हैं।

# देश की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने की आशंका



पटना, (ईएमएस)। एक बार फिर देश की राजनीति में बड़ा उलटफेर होने की आशंका बन रही है। दरअसल तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो अगर बीजेपी हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव हार जाती है तो विपक्ष के पास अपनी ताकत नए तरीके से मजबूत करने का मौका होगा। अगर झारखंड में सत्ता में आने की बीजेपी की कोशिशें सफल नहीं हुईं तो विपक्ष की ताकत बढ़ेगी। ऐसे में बीजेपी के साथ फिलहाल जो पार्टियां सत्ता में हैं, जिनकी विचारधारा अलग है, लेकिन जो नेता न चाहते हुए भी सत्ता में बैठे हैं, वो बीजेपी को झटका दे सकते हैं। ऐसी पार्टियों में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), लोक जनशक्ति पार्टी-आर तथा तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) शामिल हैं। इन तीनों पार्टियों के समर्थन से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार चल रही है। समय-समय पर इन पार्टियों ने बीजेपी की छुट्टी भी कर दी है। टीडीपी ने पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। 2014 में टीडीपी ने बीजेपी से हाथ मिला लिया था, लेकिन 2019 में वह बीजेपी की कट्टर विरोधी बन गई। टीडीपी फिलहाल बीजेपी के साथ है। एलजेपी-आर भी फिलहाल बीजेपी की सहयोगी है। लेकिन, उसके नेता चिराग पासवान की भूमिका बदलती दिख रही है। जेडीयू नेता नीतीश कुमार को पलटूराम के नाम से जाना जाता है, इसलिए वह कभी भी पलटवार कर सकते हैं। ऐसे में इंडिया अलायंस का पहला निशाना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहने वाले हैं। इंडिया अलायंस पहले ही उन्हें प्रधानमंत्री पद की पेशकश कर चुकी है। ये बात केसी त्यागी ने तब कही थी जब वो जेडीयू के प्रवक्ता थे। हालांकि, इसके बाद नीतीश कुमार ने चुप्पी साध ली और बीजेपी के साथ चले गए। अभी तक उनकी ओर से इस संबंध में कोई संकेत नहीं मिला है, लेकिन जिस तरह से जदयू के लोग उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बता रहे हैं, उससे ऐसा लग रहा है कि मौका मिलने पर वह पीछे नहीं हटेंगे। इसका एक और बड़ा कारण यह है कि जब 2020 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार को चिराग पासवान के कारण बड़ा झटका लगा, तो उन्होंने मुख्यमंत्री पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया था क्योंकि वह 43 विधायकों वाली पार्टी के नेता थे। हालाँकि, उन्होंने 24 घंटे के भीतर अपना मन बदल लिया। इसी तरह अगर सही मायने में नीतीश कुमार को इंडिया अलायंस की ओर से प्रधानमंत्री बनने का ऑफर मिलता है तो वे इससे इनकार नहीं कर पाएंगे। लेकिन सूत्रों की मानें तो ऐसा वे तब करेंगे जब बीजेपी तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में हार जाएगी।

### अपराधियों ने युवक को गोली मारी

पटना (ईएमएस)। यहां पटना सिटी के अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार ओवर ब्रिज के नीचे देर रात अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। जहां उनकी स्थिति गंभीर है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि युवक की स्कूटी और मोबाइल भी मौके से गायब है। घायल युवक की पहचान पियु रंजन के रूप में हुई है जो अगमकुआं थाने के कुम्हरार मोहल्ले का रहने वाला है।पियु रंजन एक मेडिकल स्टोर में काम करता है। देर रात वह ड्यूटी से वापस अपने घर अपने स्कूटी से लौट रहा था। इसी क्रम में कुम्हरार ओवर ब्रिज के नीचे कुछ अपराधियों ने युवक से लूटपाट शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि अपराधियों का विरोध करने पर युवक को गोली मार दी गई। गोली लगते ही युवक जमीन पर गिर गया। इस बीच मौके का फायदा उठाकर अपराधी युवक का मोबाइल और स्कूटी लेकर फरार हो गए। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

## पूर्व सांसद जगदीश शर्मा ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

जहानाबाद : बिहार में वर्तमान में चल रहे भूमि सर्वेक्षण कार्य को लेकर अनेक गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे जमीन मालिक काफी परेशान हैं। इस प्रक्रिया के दौरान कई त्रुटियों के कारण भूमि मालिकों की जाति और जमीन के रिकॉर्ड में गलतियां हो रही हैं, जो सरकार के दावे को सवालों के घेरे में खड़ा कर रही हैं। एक ताजा मामला जहानाबाद के पूर्व सांसद जगदीश शर्मा से जुड़ा है, जिनकी जाति भूमि सर्वेक्षण के अभिलेख में गलत तरीके से दर्ज की गई है।

#### सर्वेक्षण में बदली पूर्व सांसद की जाति

पूर्व सांसद जगदीश शर्मा की जाति को सर्वेक्षण के दौरान भूमिहार की जगह ग्वाला (यादव) दर्ज कर दिया गया, जो एक बड़ी गलती मानी जा रही है। जगदीश शर्मा घोसी प्रखंड के कोर्रा गांव के निवासी हैं और राजनीति में उनका लंबा अनुभव रहा है। वे घोसी से छह बार विधायक और एक बार जहानाबाद से सांसद रह चुके हैं। इस गलती ने न केवल भूमि सर्वेक्षण प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि जिले की राजनीतिक हलचलों में भी इस घटना की चर्चा गर्म है।

#### पूर्व सांसद ने सीएम को पत्र लिख की शिकायत

जगदीश शर्मा ने इस गलती पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। इसमें सर्वेक्षण प्रक्रिया में हुई खामियों को उजागर किया। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि सर्वेक्षण के प्रथम चरण में अमीनों को जमीन मालिकों से मिलकर सही जानकारी दर्ज करनी चाहिए थी। अगर सर्वे की प्रक्रिया सही ढंग से की जाती, तो ऐसी गलतियां न होतीं। शर्मा ने आरोप लगाया कि कुछ क्षेत्रों में बकाश्त जमीन को रैयतों से छीनने की कोशिश की जा रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

#### सर्वेक्षण में सुधार के सुझाव

पूर्व सांसद ने अपने पत्र में सर्वेक्षण प्रक्रिया को सुधारने के लिए कई सुझाव दिए हैं। उनका मानना है कि जिन लोगों के पास अपनी जमीन के पुख्ता कागजात हैं, उनके नाम पर तुरंत रसीद काटने का आदेश दिया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर त्रुटियों का निवारण किया जाए, ताकि भूमि मालिकों को राहत मिल सके। उनका मानना है कि जब एक चर्चित व्यक्ति की जाति ही बदल दी जा सकती है, तो सामान्य नागरिकों के साथ क्या हो रहा होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

#### सर्वेक्षण के दौरान आ रही अन्य समस्याएं

यह केवल एक मामला नहीं है। पूर्व सांसद ने हुलासगंज प्रखंड के नरमा, किसुनपुर, और बिसुनपुर गांवों में बकाश्त जमीन को रैयतों से छीनने की कोशिशों का भी जिक्र किया है। इससे साफ होता है कि सर्वेक्षण की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हो रही हैं। इसके कारण कई जमीन मालिकों के साथ अन्याय हो रहा है और उन्हें कानूनी और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पंचायत सचिव को बार बाला संग नाचने और शराब पीने के मामले में डीएम ने किया निलंबित



पूर्वी चंपारण : पूर्वी चंपारण के ढाका प्रखंड में पंचायत सचिव सुधीर कुमार को जिला अधिकारी सौरभ जोरवाल ने निलंबित कर दिया है। सुधीर का नेपाल में बार बाला के साथ नाचने और शराब पीते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इस घटना ने सरकारी तंत्र में अनुशासन और मर्यादा के उल्लंघन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### वीडियो वायरल पर डीएम ने की सख्त कार्रवाई

जानकारी के मुताबिक, सुधीर कुमार का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर फैल गया। उसमें वह नेपाल में बार बाला के साथ ठुमके लगाते और नशे की हालत में पैसे लुटाते नजर आ रहे हैं। जब यह वीडियो जिलाधिकारी के पास पहुंचा, तो उन्होंने बिना देरी किए सुधीर कुमार को निलंबित कर दिया। सुधीर कुमार ढाका प्रखंड के बरहड़वा लखनसेन पंचायत के सचिव भी हैं।

#### घटना की जांच के आदेश

डीएम सौरभ जोरवाल ने इस मामले की गहन जांच के लिए ढाका एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी है। अगर जांच में मामला सत्य पाया जाता है, तो विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है। हालांकि यह वीडियो कब और कहां का है, इस पर अभी तक स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि सुधीर कुमार नेपाल घूमने गए थे, जहां उन्होंने शराब और बार बाला के साथ पार्टी की।

#### बिहार में शराबबंदी का उल्लंघन

गौरतलब है कि बिहार में मद्य निषेध कानून लागू है, जिसके तहत सरकारी सेवकों को शराब का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई जाती है। इसके बावजूद पंचायत सचिव का ऐसा कृत्य करना, कानून की अवहेलना को दर्शाता है। सुधीर कुमार को फिलहाल निलंबित कर दिया गया है और जांच पूरी होने तक उन्हें प्रखंड कार्यालय में ही उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इस मामले ने सरकारी सेवकों के आचरण पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# शिव चर्चा करने वाली महिलाओं पर गिरा बिजली का तार, एक महिला की मौत



पटना : पटना में मंदिर में चल रहे शिव चर्चा पूजा चल रहा था। तभी अचानक बिजली का तार गिर गया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक दर्जन लोग घायल हो गए। जिनमें चार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। गंभीर लोगों को इलाज के लिए पटना के एम्स भेजा गया है,जबकि अन्य लोगों को इलाज के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना पालीगंज स्थित करकर बीघा गांव की है। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज डीएसपी और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए पालीगंज डीएसपी ने बताया कि एक व्यक्ति के मरने की सूचना मिल रही है, जबकि लगभग एक दर्जन लोग झुलस गए हैं। इस घटना में चार लोगों को गंभीर स्थिति में पटना रेफर कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पालीगंज थाना के करकर बीघा गांव में रविवार को शिव चर्चा चल रही थी। इसी दौरान अचानक बिजली की तार आपस में टकरा गई और तारों के बीच चिंगारी निकलते हुए तार गलकर टूटकर गिर पड़ी। आसपास के लोगों ने बताया कि वहां शिव चर्चा चल रही थी और बिजली की 11000 वोल्ट की तार शिव चर्चा में शामिल महिलाओं पर गिर गई। इस हादसे में शिव प्रसाद की पत्नी की झुलसने से मौत हो गई, जबकि लगभग एक दर्जन महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद पूरे गांव में अफरा तफरी मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग और स्थानीय थाना को दी। बताया जा रहा है की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के लोगों ने आनन-फानन में उसे इलाके की बिजली काट दी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### नदी में बही महिला मोकामा में जिंदा मिली

पटना (ईएमएस)। बिहार के हाजीपुर में बही मोकामा में जिंदा मिली महिला। वह सोनपुर में गंगा नदी में बह गयी थी महिला 95 किमी दूर मोकामा में मिली वो भी जिंदा। वो 24 घंटे तक गंगा की तेज धार से खुद को बचाने के लिए जूझती रही।यह महिला प्रमिला अपने पति के साथ वैशाली के सोनपुर गंगा घाट पर नवरात्र पर गंगा स्नान के लिए गई थी। दोनों नहाने के दौरान नदी के गहरे पानी में चले गए और तेज धार में बहने लगे। करीब 24 घंटे बाद मोकामा में लोगों ने उसे सही सलामत नदी से निकाल लिया। वहीं पति के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। महिला का कहना है कि कि उसे तैरना नहीं आता है। वो गंगा में बहती चीजों के सहारे खुद को बचाती रही और मोकामा में लोगों ने उसे बचा लिया। पानी में रहने की वजह से महिला का पूरा शरीर अकड़ गया था। प्रमिला को गांव में लाया गया। महिला की हालत ठीक नहीं थी, लेकिन शरीर अकड़ा हुआ था। गांव की महिलाओं ने तेल मालिश की। डॉक्टर को बुलाया। इलाज के बाद अब महिला ठीक है। उसके घर वालों को सूचना दी गई। उसने कहा कि गांव के लोगों ने बहुत मदद और सेवा की। महिला के ठीक होने के बाद उसने अपने घर वालों को जानकारी दी। घर वालों हाजीपुर से मोकामा आए उसे साथ लेकर चले गए हैं।

### वीआईपी प्रमुख की विशाल आरक्षण यात्रा




सहरसा : सहरसा में रविवार को वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने विशाल आरक्षण यात्रा की। इस दौरान उन्होंने संत लक्ष्मीनाथ गोसाई कला भवन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में सहनी ने सरकार की बाढ़ प्रबंधन नीतियों और बाढ़ पीड़ितों की अनदेखी को लेकर तीखी आलोचना की। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को खिचड़ी खिलाने और मात्र सात हजार रुपये सहायता देने पर सरकार की कड़ी निंदा की। वीआईपी नेता मुकेश सहनी ने कहा कि सरकार अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है और उसकी लापरवाही के कारण बाढ़ आई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बाढ़ पीड़ितों को पर्याप्त राहत नहीं दे रही है। सहनी ने कहा कि सरकार सिर्फ खिचड़ी खिला रही है, जबकि लाखों का नुकसान हो चुका है। अगर सरकार बांधों को मजबूत और ऊंचा कर देती, तो बाढ़ से यह तबाही नहीं होती। वीआईपी सुप्रीमो ने अपनी पार्टी द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि पार्टी पिछले चार-पांच दिनों से बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिरयानी का वितरण कर रही है। उन्होंने सरकार की ओर इशारा करते हुए कहा कि बाढ़ पीड़ितों को केवल खिचड़ी खिलाई जा रही है, जबकि सरकार की लापरवाही से बाढ़ आई है। सहनी ने आश्वासन दिया कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो बाढ़ पीड़ितों को पूरा मुआवजा मिलेगा, न कि केवल सात हजार रुपये जैसा कि वर्तमान सरकार दे रही है। सहनी ने अपने आगामी राजनीतिक अभियानों की चर्चा करते हुए कहा कि वह 'एक साल के लिए सरकार बनाओ, अधिकार पाओ' के तहत बिहार के सभी जिलों में यात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने अपने 10 प्रतिशत वोट बैंक का भी जिक्र किया और जनता से अपील की कि वे उन्हें एक मौका दें, ताकि वे उनके हितों की रक्षा कर सकें। सहरसा में उनके आगमन पर बलुआहा पुल पर नंदन कुमार के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जेसीबी से उन पर फूल बरसाए गए और स्वागत समारोह में भारी भीड़ उमड़ी। यह आरक्षण यात्रा पूरे बिहार में चल रही है और इसे लेकर पार्टी में उत्साह है।

### बूढ़ी गंडक का रौद्र रूप, खतरे के निशान के पार; सैकड़ों घर जलमग्न

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर में बागमती नदी के कहर के बाद से अब बूढ़ी गंडक नदी के जल स्तर में एक बार फिर से तेजी से इजाफा होने लगा है। शहर के बूढ़ी गंडक नदी के निचले क्षेत्र जिसमे चंदवाड़ा लकड़ी ढाई आश्रम घाट अखाड़ा घाट छिट भगवतीपुर चंदवारा और संगम घाट और दादर के पास के कई हिस्सों में पानी आने से बाढ़ का खतरा बना हुआ है। इससे आमजन की परेशानी बढ़ गई है। शहर के निचले हिस्से के दर्जनों मुहल्ले जलमग्न हो गये हैं, जिस वजह से लोग घर में कैद हो गए हैं। हालांकि बूढ़ी गंडक नदी बीते दिनों खतरे के निशान के नीचे थी लेकिन अब एक बार फिर लगातार जल स्तर में हो रहे इजाफा ने रहने वाले लोगो की चिंता बढ़ा दिया है। मुजफ्फरपुर जिला के आधा दर्जन से अधिक प्रखंड से होकर गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी मोतीपुर मीनापुर मुसहरी बोचहा मुरौल और सकरा प्रखंड से होकर गुजरती है। लगातार नदी के जल स्तर में इलाफा होने से शहरी क्षेत्रों के कई निचले हिस्सों में बाढ़ के पानी ने दस्तक दिया है, जिसके बाद यहां के रहने वाले दहशत में है।

# वाटर टैंक साफ करते वक्त जहरीली गैस से एक मजदूर की मौत



पूर्णिया : पूर्णिया में निर्माणाधीन वाटर टैंक साफ कर रहे एक मजदूर की मौत जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि चार अन्य मजदूर की हालत अभी गंभीर बनी हुई है, जिन्हें इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। घटना के बाद मृतक परिजनों में मातम पसरा हुआ है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई। यह घटना रविवार सुबह मुफस्सिल थानाक्षेत्र के दीवानगंज कदमटोला में घटी है। जानकारी के मुताबिक, मृतक मजदूर की पहचान दीवानगंज निवासी दिलीप महाल्दार के बेटे राजा महाल्दार (28) के रूप में हुई है। वहीं, घायल मजदूरों में मिठ्ठू मंडल (28), भरत मंडल (26), छोटी मंडल (30) और एक अन्य शामिल हैं। घटना को लेकर मलतू महाल्दार ने बताया कि करीब दो साल से निर्माणाधीन वाटर टैंक बंद था। रविवार को वाटर टैंक को साफ करने के लिए घर के बगल के ही चार मजदूर आए थे। वाटर टैंक का ढक्कन खोलने बाद मेरे पारिवारिक सदस्य राजा महाल्दार ने कहा कि हम ये काम जानते हैं। वाटर टैंक में लीक कहा है, हम तुरंत खोज लेंगे। बिना सेफ्टी के ही राजा महाल्दार अंदर घुस गया। घुसने के तुरंत बाद ही जहरीली गैस की चपेट में आने से टैंक के अंदर ही बेहोश हो गया। बाहर से आवाज देने के बाद कोई जबाव नहीं मिलने पर भरत मंडल भी अंदर घुस गया। ये भी कुछ देर तक बाहर नहीं आया, उसके बाद बचाने के लिए सभी चारों मजदूर एक-एक कर वाटर टैंक के अंदर चले गए। सभी मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश हो गए।उन्होंने बताया कि उसके बाद ग्रामीणों की मदद से किसी तरह सभी को बाहर निकाल लिया गया। आनन-फानन में सभी को इलाज के पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान राजा महाल्दार को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि बाकी सभी का इलाज पूर्णिया जीएमसीएच में चल रहा है।वहीं, मुफस्सिल थानाध्यक्ष बृजेश कमार ने बताया कि वॉटर टैंक साफ करने के दौरान एक मजदूर की मौत हुई है। वहीं, चार को बेहोशी हालत में पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतक मजदूर की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पद्मश्री अवार्डी श्रीमती दुर्गाबाई से की भेंट

भोपाल(ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मश्री अवार्डी श्रीमती दुर्गाबाई के कोटरा सुल्तानाबाद स्थित निवास पहुंचकर उनसे भेंट की तथा कुशल क्षेम पूछी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर श्रीमती दुर्गाबाई का अभिवादन किया। श्रीमती दुर्गाबाई ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तिलक कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती दुर्गाबाई से लोक कला विशेषकर गोंड चित्रकारी में हो रहे नवाचारों और प्रदेश में नई पीढ़ी के कलाकारों के प्रशिक्षण तथा प्रोत्साहन के संबंध में चर्चा भी की। उल्लेखनीय है कि श्रीमती दुर्गाबाई को चित्रकला के लिए वर्ष 2022 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

## चेंबूर अग्निकांड में मारे गए लोगों के परिवारों को 5 लाख की सहायता- मुख्यमंत्री शिंदे

मुंबई, (ईएमएस)। मुंबई के चेंबूर के सिद्धार्थ नगर अग्निकांड में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि घायलों का इलाज सरकारी खर्चे पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिंदे ने रविवार को घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों के बारे में जानकारी ली, साथ ही उन्हें हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। गुप्ता परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की उच्चस्तरीय जांच करायी जायेगी। ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के उपायों की भी समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अगर इस स्थान पर झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास का काम रुका है तो इस संबंध में भी उचित निर्णय लिया जायेगा। इस दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले, मुंबई उपनगरीय जिले के संरक्षक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, पूर्व सांसद राहुल शेवाले और मुंबई महानगरपालिका के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## थ्रेसर की सफाई करते समय युवक का हाथ कटा, युवक अस्पताल में भर्ती

अशोकनगर (ईएमएस)। रूसल्ला गांव में रविवार की सुबह के समय एक युवक अपने ट्रैक्टर थ्रेसर को चालू करके सफाई कर रहा था। तभी अचानक से युवक का हाथ थ्रेसर के अंदर चला गया, जिससे उसका टहनी तक का हाथ कट गया। उसे तत्काल गांव के लोग जिला अस्पताल लेकर आए जहां उसे भर्ती कराया गया है। युवक का नाम पुरुषोत्तम पुत्र सरवन जाट उम्र 38 साल निवासी मंगोला थाना गंजखेड़ी जिला अलवर है। खरीफ सीजन की सोयाबीन और मक्का की फसल का सीजन करने के लिए अपने साथियों के साथ 10 दिन पहले ही आया था। सुबह के समय फसल निकालने से पहले वह अपनी थ्रेसर की सफाई कर रहा था। ट्रैक्टर और थ्रेसर को चालू कर दिया और इसी दौरान उसकी सफाई करने लगा तभी अचानक से उसका हाथ अंदर चला गया और कट गया।

## सुल्तान ऑफ जौहर कप के लिए मध्यप्रदेश के तीन खिलाड़ियों का भारतीय जूनियर हॉकी टीम में चयन

भोपाल/इन्दौर (ईएमएस)। मध्यप्रदेश राज्य पुरुष हॉकी अकादमी के तीन खिलाड़ी प्रियव्रत, अंकित पाल और मोहम्मद कोनैन दाद का चयन भारतीय जूनियर टीम के लिए किया गया है, जो जौहर बारू, मलेशिया में होने वाली 12वीं सुल्तान ऑफ जौहर कप में भाग लेंगे। सभी खिलाड़ी मुख्य प्रशिक्षक समीर दाद, सहायक प्रशिक्षक लोकेन्द्र शर्मा और हबीब हसन के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य पुरुष हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि तीन खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनकी मेहनत और कौशल ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। विश्वास है कि ये खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का गौरव बढ़ाएंगे। मंत्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग दे रही है। इससे वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। सुल्तान ऑफ जौहर कप में भारत की जूनियर टीम से इन खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है और पूरा प्रदेश इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहा है।

## चार धाम यात्रा पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी

अशोकनगर (ईएमएस)। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी अपने साथियों के साथ इन दिनों हेलीकॉप्टर द्वारा उत्तराखंड के चार धाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ की धार्मिक यात्रा पर हैं। श्री रघुवंशी रविवार को गंगोत्री दर्शन के बाद बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए, उन्होने बताया कि आज शाम 4 बजे बाबा केदारनाथ के दर्शन करेंगे। तत्पश्चात रात्रि विश्राम के बाद सोमवार सुबह श्रीबद्री नारायण धाम पर पहुंचेंगे।

## सुल्तान ऑफ जौहर कप के लिए मध्यप्रदेश के तीन खिलाड़ियों का भारतीय जूनियर हॉकी टीम में चयन

### खेल मंत्री सारंग ने दी शुभकामनाएं

भोपाल(ईएमएस)। मध्यप्रदेश राज्य पुरुष हॉकी अकादमी के तीन खिलाड़ी प्रियव्रत, अंकित पाल और मोहम्मद कोनैन दाद का चयन भारतीय जूनियर टीम के लिए किया गया है, जो जौहर बारू, मलेशिया में होने वाली 12वीं सुल्तान ऑफ जौहर कप में भाग लेंगे। सभी खिलाड़ी मुख्य प्रशिक्षक समीर दाद, सहायक प्रशिक्षक लोकेन्द्र शर्मा और हबीब हसन के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य पुरुष हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, यह हमारे प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि तीन खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनकी मेहनत और कौशल ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। विश्वास है कि ये खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का गौरव बढ़ाएंगे। मंत्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग दे रही है।

## संस्कृति विद्यालय में आयोजित हुआ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

अशोकनगर (ईएमएस)। शहर के सीबीएसई संबद्ध विद्यालय संस्कृति एन इंग्लिश मीडियम स्कूल में सक्रिय शिक्षण पर आधारित एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के अन्तर्गत आने वाले उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में आयोजित किया गया। भोपाल के आर्मी पब्लिक स्कूल की हैड मिस्ट्रेस श्रीमती शिखा शर्मा एवं सागर पब्लिक स्कूल की हैड मिस्ट्रेस डॉ. समरीन खान के नेतृत्व में आयोजित की गयी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ शिक्षक के प्रशिक्षण पर भी विशेष जोर देती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय निर्देशक व प्राचार्या लगातार इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करते आए हैं। इस कार्यशाला में बताया गया कि सक्रिय शिक्षण (एक्टिव लर्निंग) एक शिक्षण पद्धति है जिसमें छात्रों को सक्रिय रूप से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें छात्र अपने सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाते हैं और शिक्षक उनकी सहायता करते हैं। कार्यशाला में उन्होंने सक्रिय शिक्षण के मुख्य सिद्धांत, सक्रिय शिक्षण के लाभ, सक्रिय शिक्षण की चुनौतियाँ व सक्रिय शिक्षण के तरीके जैसे समूह चर्चा, प्रोजेक्ट-आधारित सीखना, प्रस्तुतियाँ और प्रदर्शन, खेल और गतिविधियाँ और वाद-विवाद चर्चा आदि को बड़े ही रोचक ढंग से बताया। सक्रिय शिक्षण को अपनाकर, शिक्षक छात्रों को सक्रिय रूप से सीखने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं और उनकी शिक्षा में सुधार कर सकते हैं।

# माओवादियों से लोहा लेने वाले जांबाज जवानों से हुए रूबरू उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## जवानों के साहस को सराहा और उनकी हौसला अफजाई

दंतेवाड़ा, (ईएमएस)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि एवं आदि विकास मंत्री रामविचार नेताम एवं वनमंत्री केदार कश्यप आज दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा के कारली स्थित रक्षित केन्द्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा एवं मंत्रियों ने सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों से मुलाकात की और उनके साहसिक और सफल ऑपरेशन की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।



गौरतलब है कि बीते 04 अक्टूबर को दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र नेन्दूर व थुलथुली में माओवादियों के विरूद्व सुरक्षा बलों के जवानों ने माओवादियों से हुई मुठभेड़ में अपने अदम्य साहस से 31 माओवादियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ में पुलिस बलों द्वारा डीकेएसजेडसी, डीवीसी, पीएलजीए कंपनी नंबर 6 के कई कैडर सहित 18 पुरुष एवं 13 महिला कुल 31 सशस्त्र वर्दीधारी माओवादी को ढेर कर दिया था। इस मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की सूचना है। मारे गए माओवादियों में 25 लाख का इनामी डीकेएसजेडसी एवं पूर्वी बस्तर इंचार्ज नीति उर्फ उर्मिला भी शामिल थी। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में से अब तक हुई 15 शिनाख्तगी में डीकेएसजेडसी के अलावा दो कैडर 8 लाख इनामी डीबीसीएम एवं 9 कैडर पीएलजीए कंपनी 6 माओवादियों भी शामिल है। इस घटना में 01 नग एलएमजी, 04 नग एके 47, 06 नग एसएलआर, 03 नग इन्सास, 2 नग थ्री नॉट थ्री सहित अन्य हथियार बरामद हुए। पुलिस बल के जवानों की टीम दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में पूर्वी बस्तर डिवीजन, पीएलजीए कंपनी 6, इंद्रावती एरिया कमेटी, प्लाटून 16 इत्यादि के शीर्ष नक्सलियों के आने की सूचना के आधार पर सर्चिंग ऑपरेशन के लिए निकले थे। इस संयुक्त टीम में दंतेवाड़ा डीआरजी, नारायणपुर डीआरजी और एसटीएफ शामिल थे। भारी बरसात में उफनते नदी नालों और माड़ की पहाड़ियों को पार कर पुलिस जवानों की टीम नक्सलियों के जमा होने वाले इलाके में पहुंची, और यहां हुई जबरदस्त मुठभेड़ में 31 माओवादियों को मार गिराया। यह सुरक्षा बलों के लिए बहुत बड़ी सफलता है। इस बड़े ऑपरेशन में एक मात्र जवान घायल जवान के अलावा अन्य सभी जवान सुरक्षित रहे। इस अवसर पर पुलिस बल नेतृत्व कर रहे एडिशनल एसपी स्मृतिक राजनाला पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी।
उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर सभी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि मैं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर सभी जवानों के लिए शुभकामना संदेश लेकर आया हूँ, आपके अदभूत पराक्रम और शौर्य से बस्तर में सुख-शांति फिर से लौटेगी। इस अभियान से आपने देश और दुनिया की सोच बदली है, और मॉ दंतेश्वरी की कृपा इस भीषण मुठभेड़ में किसी भी जवान को कोई हानि नहीं हुई। बस्तर शांति का टापू रहा है, परन्तु कुछ दिग्भ्रमित लोगों के कारण यहाँ की शांति भंग हुई है। हमारे सुरक्षा बल और पुलिस के जवान ऐसे लोगों को नेस्तनाबूद करके ही रहेंगे। यह छत्तीसगढ़ सबसे बड़ा ऑपरेशन रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के सकारात्मक परिणाम मिले है।
कृषि एवं आदिवासी विकास विभाग मंत्री रामविचार नेताम इस सफल ऑपरेशन को विजय दिवस की संज्ञा देते हुए कहा कि इस सफलता से पूरा देश गौरवान्वित है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि इस सफल ऑपरेशन की चर्चा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में है। इससे माओवाद मुक्त बस्तर अभियान को एक नयी गति मिली है। इसके लिए सुरक्षा बलों सहित आईजी, डीआईजी तथा कलेक्टर, एसपी सभी बधाई के पात्र है। इस अवसर पर विधायक दंतेवाड़ा चौतराम अटामी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित बस्तर आईजी सुंदरराज पी,डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, डीएफओ सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके.बर्मन सहित अन्य पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कई वर्षों से एक ही तहसील व हल्का में पदस्थ पटवारी

अशोकनगर (ईएमएस)। शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेशभर में पदस्थ अतिशेष शिक्षकों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जा रहा है परन्तु कई सालों से एक ही हल्के में जमे पटवारियों की ओर राजस्व विभाग का ध्यान नहीं है। इसके पीछे का कारण विभागीय ढीलपोल है अथवा राजनेतिक पकड़ यह कह पाना मुश्किल है।




यूं तो सरकार के नियम हैं कि एक अधिकारी और कर्मचारी एक ही जगह पर 3 साल से अधिक समय तक पदस्थ नहीं रह सकते। लेकिन सरकार के नियम को तोडक़र राजस्व विभाग के कई पटवारी सालों से अंगद के पैरों की तरह एक ही हल्के में जमे हुए हैं। अशोकनगर तहसील की ही बात की जाये तो करीब 15 से 20 पटवारी ऐसे हैं जिन्हें 10 से अधिक वर्ष उसी हल्के में पदस्थ रहते हुए हो गए हैं और ऐसे तो अनेक पटवारी हैं जिन्हें एक ही तहसील में पदस्थ रहे 15 से 20 वर्षों तक होने को है। इन पर ना तो लंबे समय तक एक ही हल्के में जमे रहने का कोई नियम लागू होता है और ना ही गृह तहसील में पदस्थ होने का। ऐसे में सवाल यह है कि क्या एक ही तहसील में जमे पटवारी शासकीय कार्यों को प्रभावित नहीं करते। जिले में पदस्थ अनेक ऐसे पटवारी हैं जिन पर शासन के निर्देश लागू होने के बाद भी उन पर उन निर्देशों का पालन नहीं कराया जाता है और उन्हें उनके हल्का से या उस तहसील से हटाना शायद ही किसी अधिकारी के बस की बात रहती हो क्योंकि राजनीतिक रूप से वह अपना वजूद अधिक बनाए रहते हैं। इन मामलों में तो ऐसे अनेक पटवारी हैं जो एक ही तहसील मुख्यालय में 10 से अधिक वर्षों तक लगातार वहीं पर जमे हुए हैं और अपनी गृह तहसील में ही सेवाएं दे रहे हैं जबकि राजस्व विभाग के स्पष्ट निर्देश है कि गृह तहसील में किसी भी पटवारी की पदस्थापना नहीं होना चाहिए। अनेक पटवारी भू-माफियाः यदि देखा जाए तो एक ही तहसील में और एक ही स्थान पर अनेक वर्षो से काम कर रहे पटवारी बाकायदा भू-माफिया की स्थिति में आ चुके हैं और उनके द्वारा भूमि का कारोबार बड़े ही विशाल स्तर पर संचालित किया जाता है। सार्वजनिक महत्व की जमीनों को अवैध घोषित करने में माहिर अनेक पटवारी एक ही स्थान पर अनेक वर्षों से जमे हुए हैं। जमीन का व्यवसाय दलालों के साथ कर रहे पटवारी अपने अनुभव एवं संपर्कों का लाभ उठाकर बेहद ही शातिरपन के साथ इस व्यवसाय को करने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा ऐसे अनेक पटवारी हैं जो स्वयं छोटे घास की अनेकों एकड़ जमीन पर कब्जा कर अनेक वर्षों से खेती करते आ रहे हैं लेकिन उनको उन हलकों से या तहसील से हटाने वाला कोई नहीं है। कई बार अनेक अधिकारियों ने इस मामले में प्रयास किए तो राजनीतिक वजूद के दम पर अपना स्थानांतरण रुकवा लेते हैं।

दो दिवसीय कन्या वंदन, पूजन व पाद-पक्षालन कार्यक्रम का हुआ समापन -
:: सनातन संस्कृति से कराया अवगत ; कन्याओं का वंदन कर वैदिक मंत्रोउच्चार के बीच किया पूजन व आरती ::
:: इन्दौर शहरी क्षेत्र व ग्रामीण अंचलो में वृहद स्तर पर उत्सव की तरह आयोजित हुए कार्यक्रम ::

इन्दौर (ईएमएस)। हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउण्डेशन के आव्हान पर शहर एवं ग्रामीण अंचलों में दूसरे दिन भी कन्या वंदन, पूजन व पाद-पक्षालन के कार्यक्रम हुए। जिसमें छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन युवाओं द्वारा किया गया एवं पूजन के पश्चात सभी युवाओं व उपस्थित आमजनों को उनकी रक्षा, सुरक्षा व आत्म सम्मान बनाए रखने की शपथ दिलाई। कन्या पूजन अलग-अलग कालोनी, मोहल्लों, भवनों, मठ-मंदिरों के साथ ही ग्रामीण अंचलों में हुआ। जहां विद्वान पंड़ितों के सान्निध्य में कन्याओं का पूजन करने के साथ ही उन्हें सनातनी संस्कृति से भी अवगत कराया गया। दो दिनों में 400 स्थानों पर आयोजित किए जाने वाले इस कन्या वंदन कार्यक्रम में 1 लाख 10 हजार से अधिक कन्याओं का पाद-पूजन किया गया।
हिन्दु आध्यात्मिक एवं सेवा फाउण्डेशन के चेयरमेन विनोद अग्रवाल (अग्रवाल ग्रुप), अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा (गुरूजी ठंडाई), सचिव विनोद बिड़ला, सहसचिव चंद्रमोहन दुबे एवं मीडिया प्रभारी जवाहर मंगवानी ने बताया कि रविवार को कुम्हार खाड़ी, योजना क्रमांक 51 संगम नगर, महावर नगर, रामेश्वर बस्ती, नव विकास नवदुर्गा उत्सव समिति न्यू विकास नगर, अमर टेकरी, पिपलिया लौहार ग्राम तिल्लौर खंडवा रोड़, मां वैष्णो देवी गरबा मंडल, गणेश नगर खंडवा नाका, जबरेश्वर गरबा मंडल तेजाजी नगर, सीताश्री परिसर, नवदुर्गा उत्सव समिति क्रांति कृपलानी नगर सहित पूरे शहर में सामूहिक कन्या पूजन का आयोजन हुआ। जिसमे सभी धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़े नागरिकों के साथ ही सभी मठ-मंदिर, गरबा पांडालों, सामाजिक संस्था व संगठनों के साथ ही सर्व जाति-सर्व समाज के लोग जुटे थे। सभी ने कन्याओं को सनातन संस्कृति से अवगत कराने के साथ

## कन्या-पूजन मातृ-शक्ति की आराधना का प्रतीक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव विशाल कन्या-पूजन कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल(ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नवरात्रि पर होने वाला कन्या-पूजन मातृशक्ति की आराधना का प्रतीक है। साथ ही नवरात्रि, जीवन में ऋतु परिवर्तन की महत्ता को भी स्थापित करती है। सनातन परंपरा में विद्यमान उपवास की अवधारणा और उसके लाभ को आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था भी स्वीकार करती है। भारतीय संस्कृति मातृसत्ता की महत्ता को नमन करती है। हमारी संस्कृति में मां सरस्वती को ज्ञान की देवी और मां लक्ष्मी को धन संपदा की देवी के रूप में पूजा जाता है। भारतीय संस्कृति भोजन और भाव दोनों को महत्व देती है यह स्व से संपूर्ण ब्रह्मांड को एकाकार करने के विचार पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सेवा भारती महावीर मंडल भोपाल द्वारा गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित विशाल कन्या-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प वर्षा कर कन्याओं का स्वागत और विधि-विधान से उनका पूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति जीव मात्र से प्रेम और शांति का संदेश देती है। यह हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और देश का सामर्थ्य ही है, जिसके परिणामस्वरूप विश्व, शांति के लिए भारत की ओर देखता है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो या ईरान-इजराइल के बीच संघर्ष, शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर सभी देश आशा से देख रहे हैं। यह हम सबके लिए गौरव का विषय है। नवदुर्गा शक्ति संचय का पर्व है, देश भी शक्ति सम्पन्न हो तथा अधिक से अधिक शक्ति संचय की ओर हम अग्रसर हों, इसी उद्देश्य से सेवा भारती संस्था समाज के सभी वर्गों के कल्याण और हित संवर्धन के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवरात्रि, दशहरा और दीपावली की सभी को शुभकामनाएं दीं।

## पूजा के दौरान पेड़ के पास गई नवविवाहिता मासूम बच्चे सहित कुंए में गिरी, दोनों की मौत

भोपाल। राजधानी के गुनगा थाना इलाके में महिला और उसके 15 माह के मासूम बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में डूबने से मौत हो गई। बताया गया है कि महिला मासूम बेटे को गोद में लेकर घर के पास सही स्थित कुएं के पास बने देवी के स्थान पर पूजा करने गई थी। पूजा के बाद वह कुएं के पास लगे पेड़ से फल तोड़ रही थी, उसी समय पैर फिसलने से वह मासूम सहित कुएं में जा गिरी। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बैरसिया के ग्राम नलखेड़ा में रहने वाली संगीता (27) की शादी तीन वर्ष पहले गुनगा निवासी सुनील कुशवाहा से हुई थी। सूनील पेशे से किसान था, वहीं सगींता गृहिणी थी। दंपत्ति का 15 माह का बेटा नितिन भी था। उसके पति का गुनगा कस्बे में ही मकान है, यह मकान में खेत में बना है। मकान से थोड़ी दूरी पर ही बिना मुंडेर का कुआं है, इसी कुएं के पास देवी के स्थान के रुप में चबूतरा बना है, जहॉ पूजा पाठ की जाती है। चबूतरे के पास ही एक सीताफल का पेड़ भी लगा है। परिवार वालो ने पुलिस को बताया की संगीता रोजाना कुएं के पास बने चबूतरे पर पूजा पाठ करने जाती थी। शनिवार दोपहर करीब बारह बजे भी वह अपने मासूम बेटे नितिन को गोद में लेकर पूजा करने गई थी। पूजा के बाद कुएं के पास लगे सीताफल के पेड़ से फल तोड़ते समय अचानक ही उसका पैर फिसलने से वह कुंए में जा गिरी। पानी में गिरने की आवाज और संगीता के चीखने की आवाज सुनकर परिवार वाले कुएं पर पहुंचे वहॉ संगीता की एक चप्पल कुएं के बाहर और दूसरी चप्पल कुंए के भीतर पड़ी नजर आई। परिवार वालो ने फौरन ही आसपास के लोगों के साथ ही पुलिस को हादसे की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मोटर के जरिये कुएं का पानी खाली कराना शुरु किया। करीब दो घंटे के प्रयासो के बाद आखिरकार संगीता और मासूम नितिन के शव बाहर निकाल लिये गये। पुलिस ने मामला कायम कर शवो को पीएम के लिए मचूरी में रखवा दिया।

# भारत विश्व गुरु के रूप में शिक्षक परंपरा को स्थापित करना चाहता है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज के मार्ग पर चलने से ही शिक्षा व्यवस्था होगी बेहतर

### शिक्षा, धर्म का पुनर्रागमन और मानव मन व इन्द्रियों की स्वामिनी है

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा भूषण अखिल भारतीय सम्मान समारोह को किया संबोधित

भोपाल(ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरुकुल परंपरा हमारे देश की शिक्षा का आधार रही है। शिक्षक हमेशा पूज्य थे और पूज्य रहेंगे। भारत विश्व गुरु के रूप में उस शिक्षक परंपरा को स्थापित करना चाहता है, जो गुरुकुल परंपरा चाणक्य से चंद्रगुप्त तक और चंद्रगुप्त से विक्रमादित्य तक हर जगह, हर समय, हर काल में कायम रही है। मुख्यमंत्री रविवार को रवीन्द्र भवन सभागार में शिक्षा भूषण अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुरेश सोनी, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सदस्य स्वामी उमेश नाथ जी महाराज कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा भूषण अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान -2024 से डॉ. रामचंद्रन आर., प्रोफेसर के.के. अग्रवाल और प्रोफेसर कुसुमलता केडिया को सम्मानित किया।

### गुरु और गुरुकुल परंपरा में गुरु का विशेष महत्व




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज के उद्देश्य से आयोजित शिक्षक समारोह के आयोजन में शैक्षिक फाउंडेशन और अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत की गुरु और गुरुकुल परंपरा में गुरु का बड़ा महत्व है। इतिहास में जब भी कोई प्रश्न खड़े हुए तो गुरु की भूमिका सामने आई। यदि भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को गुरु वशिष्ठ वनवास के लिए नहीं ले जाते तो रामायण में राम का चरित्र अधूरा रहता।
भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा में गुरु सांदीपनि का उज्ज्वल चरित्र शिष्यों के लिए अनुकरणीय और चुनौतियों में प्रेरणा का स्रोत रहा है।

### शिक्षा न तो सत्ता की दासी है और न ही कानून की किन्करी

अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुरेश सोनी ने कहा कि वास्तव में विकास तभी हो सकता जब हमारे आसपास के परिवेश और जीवन मूल्यों का विकास हो। उन्होंने 1928 में गुजरात विद्यापीठ में दिए गए काका कालेलकर के संबोधन को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा ने अपने स्वरूप की व्याख्या करते हुए कहा कि शिक्षा न तो सत्ता की दासी है और न ही कानून की किन्करी है, न ही यह विज्ञान की सखी है औप न ही कला की प्रतिहारी यह अर्थशास्त्र की बांदी, शिक्षा तो धर्म का पुनर्रागमन है, यह मानव के हृदय, मन और इन्द्रियों की स्वामिनी है। मानव शास्त्र और समाज शास्त्र, इनके दो चरण हैं, तर्क और निरीक्षण शिक्षा की दो आँखें हैं, विज्ञान मस्तिष्क, इतिहास कान और धर्म शिक्षा के हृदय है। श्री सोनी ने बताया कि काका कालेलकर ने अपने संबोधन में कहा था कि उत्साह और उद्यम शिक्षा के फेफड़े हैं। शिक्षा ऐसी जगत जननी जगदम्बा है, जिसका उपासक कभी किसी का मोहताज नहीं होगा, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। श्री सोनी ने कहा कि मूल्य परक शिक्षा-भारत केंद्रित शिक्षा, शिक्षकों के सामाजिक सम्मान और संस्कारों पर जोर देने वाली शिक्षा के लिए सामूहिक रूप से विचार करते हुए काका कालेलकर द्वारा दिए गए चिंतन के अनुरूप देश में शिक्षा का वातावरण बनाने के लिए प्रयास करने होंगे। इसी से 2047 तक विश्व के रंग मंच पर भारत, प्रमुख नेतृत्व कर्ता के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम में पुरुस्कृत डॉ. रामचंद्रन आर., प्रोफेसर के.के. अग्रवाल और प्रोफेसर कुसुमलता केडिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### शाकाहार महंगा और मांसाहार सस्ता

देश में महंगाई किसी कीमत पर रुकने का नाम नहीं ले रही है। यह लगातार तेज रफ्तार में बढ़ती ही जा रही है। इस महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीबों और शाकाहारी मध्यम वर्ग पर देखने को मिल रहा है। हालात यह हैं कि निम्न वर्ग कुपोषण का शिकार होता चला जा रहा है वही मध्यम वर्ग को अब पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है। दूध, सब्जी, दाल, तेल और अन्य दैनिक उपयोग में आने वाली शाकाहारी खाद्य सामग्री दिनों-दिन महंगी होती जा रही है। एक तरफ महंगाई सातवें आसमान पर पहुंचने को तैयार है लेकिन जनता चुप है। इसे देख ऐसा प्रतीत होता है कि आमजन किसी जादूई छड़ी के इंतजार में है, जिसके मिलते ही महंगाई गायब हो जाएगी। सरकारें भी इस पर कुछ कहने को तैयार नहीं हैं। हद है कि बिजली के दाम बढ़ गए। दूध के दाम बढ़ गए। स्कूलों की फीस बढ़ गई। खाद्य पदार्थों के निरंतर दाम बढ़ ही रहे हैं। यह तो सभी मानते हैं कि एक बार जो दाम बढ़ गए फिर वह कभी नीचे नहीं आते हैं। साल 2014 में जब कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार में 104 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया था तब देश में पेट्रोल 70 रूपये प्रति लीटर मिल रहा था। 450 रुपए की रसोई गैस सिलेंडर मिल रहे थे। तब सभी लोगों को महंगाई बढ़ी हुई लग रही थी। देशभर में महंगाई के खिलाफ आंदोलन हो रहे थे। आज जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम 70 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, तब भी 100 से 110 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल बिक रहा है। आमजन के मन में तो सवाल यही है कि आखिर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब तेल के दाम घट गए तो फिर देश में क्यों नहीं घट रहे हैं? वर्तमान में भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम साल 2014 जैसे ही हो जाते तो गनीमत थी, लेकिन इस पर कोई कुछ कहता नजर नहीं आ रहा है। इसके विपरीत गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग से लेकर अमीर सभी को पेट्रोल-डीजल एक ही बढ़े हुए रेट में ही खरीदना पड़ रहा है। यही नहीं जो दूध 35 रूपये प्रति लीटर मिल रहा था, वह 65 और 70 रूपये के आस-पास पहुंच गया है। खाने का तेल 200 रूपये लीटर के आसपास हो गया है कोई भी सब्जी 50-60 रुपए प्रति किलो से कम नहीं मिलती है। दालों के रेट बेतहाशा बढ गए हैं, जिसके कारण अब दो टाइम का खाना भी निम्न और मध्यम वर्ग को जुटा पाना मुश्किल हो रहा है।

हाल ही में जो सर्वे सामने आया है उसमें बताया गया है कि भारत में शाकाहार की थाली मांसाहार से महंगी हो गई है। सारी दुनिया में सबसे ज्यादा कीमत पर मांसाहार ही बिकता है, लेकिन भारत में यह उलटी गंगा बहाने जैसी स्थिति हो गई है। वह भी तब जबकि कथित तौर पर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए बड़े-बड़े समाजिक व धार्मिक संगठन काम कर रहे हैं। सरकार भी उन्हें कथित सहयोग कर रही है। इसके बाद भी खाद्य पदार्थ विशेष रूप से शाकाहारी खाद्य पदार्थ दिनों दिन बड़ी तेजी के साथ महंगे होते चले जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2024 में भारत में शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर 11फीसदी बढ़कर 31.3 रुपए हो गई है, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह कीमत 28.1 रुपए थी। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। सितंबर 2024 में मांसाहारी थाली की कीमत घटकर 59.3 रुपए हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 60.7 रुपए थी। सरकार के सामने जब तक आम जनता अपनी लड़ाई स्वयं नहीं लड़ेगी तब तक उसे महंगाई और अराजकता से निजात नहीं मिलने वाली है। केंद्र एवं राज्यों में जो सत्ता पर बैठे हुए राजनेता हैं उनका मानना है कि बच्चा जब रोता है तभी मां दूध पिलाती है। आम जनता को यदि कोई तकलीफ होगी तो वह सड़कों पर उतरकर सामने आएगी। वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों के समक्ष महंगाई और बेरोजगारी कोई मुद्दा नहीं है। सरकार आए दिन टैक्स और अन्य शुल्क बढ़ा रही है। जनता उसको चुप-चाप चुका रही है। इसका मतलब है कि जनता स्वयं चाहती है कि उसका स्टेटस सिंबल बढ़े, यदि वह महंगे खाद्य पदार्थ खाता है तो उसका स्टेटस भी बढ़ता है। सरकार ने आम जनता के स्टेटस को बढ़ाने के लिए यह सारे प्रयास किए हैं। यह अलग बात है कि मांसाहारी थाली सस्ती हो गई है और शाकाहारी थाली महंगी हो गई है। शाकाहारी थाली महंगी होने के कारण ही शाकाहारियों का स्टेटस लगातार बढ़ता चला जा रहा है।

### ब्रह्म की शक्ति अज्ञेय व अवर्णनीय है

**संजय गोस्वामी**

ब्रह्म अज्ञेय व अवर्णनीय है। कर्त्ता के २ भाग हैं- एक रूप में केवल द्रष्टा हैं, अन्य रूप में विश्व के सञ्चालक। इनको साक्षी और भोक्ता सुपर्ण रूप कहते हैं। व्यक्ति शरीर में इनको आत्मा और जीव कहते हैं। ब्रह्म की शक्तियां ७ ऋषि रूप में हैं, जिनके समन्वय को पक्षी रूप में व्यक्त करते हैं। इसके चित्र को सुपर्ण चिति कहते हैं। सृष्टि के ४ मूल बल चौकोर शरीर हैं, २ पक्ष समरूपता है, नियन्त्रक या तेज सिर है, विषमता पुच्छ है। इनसे अग्नि (पदार्थ पिण्ड) का चयन होता है, जिससे विभिन्न निर्माण होते हैं। द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया, समानं वृक्षं परिषस्वजाते। तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति, अनश्नन्नन्यो अभिचाकषीति॥ (मुण्डक उप. ३/१/१, श्वेताश्वतर उप. ४/६, ऋक्, १/१६४/२०, अथर्व, ९/९/२०) सुषुम्ना चेतना या ज्ञान का वृक्ष है। उसके मध्य (आज्ञा चक्र) में २ सुपर्ण (हंस, पक्षी) रहते हैं (परिषस्वजाते-पड़ोस में)। उनमें अन्य (एक) पिप्पल (पिब् + फल = जिस फल में आसक्ति हो) को स्वाद सहित खाता है। अन्य (दूसरा) बिना खाये (बिना आसक्ति = अनश्नन्) केवल देखभाल करता है। त इद्धाः सप्त नाना पुरुषानसृजन्त। स एतान् सप्त पुरुषानेकं पुरुषमकुर्वन्-यदूर्ध्वं नाभेस्तौ द्वौ समौब्जन्, यदवाङ् नाभेस्तौ द्वौ। पक्षः पुरुषः, पक्षः पुरुषः। प्रतिष्ठैक आसीत्। अथ या एतेषां पुरुषाणां श्रीः, यो रस आसीत्-तमूर्ध्व समुदौहन्। तदस्य शिरोऽभवत्। स एवं पुरुषः प्रजापतिरभवत्। स यः सः पुरुषः-प्रजापतिरभवत्, अयमेव सः, योऽयमग्निश्चीयते(कायरूपेण-शरीररूपेण-मूर्त्तिपिण्डरूपेण-भूतपिण्डरूपेण)। स वै सप्तपुरुषो भवति। सप्तपुरुषो ह्ययं, पुरुषः-यच्चत्वार आत्मा, त्रयः पशुपुच्छानि। (शतपथ ब्राह्मण, ६/१/१/२-६) ३. पार्थिव सुपर्ण-पृथ्वी पर सूर्य की गति २ प्रकार की है। वार्षिक गति उत्तरायण (मकर से कर्क रेखा तक) तथा उसके विपरीत दक्षिणायन है। यही सुपर्ण का विस्तार है। मकर रेखा पर सूर्य ३ तारा (तार्क्ष्य, ऋक्ष = तारा, भालू) वाले श्रवण नक्षत्र में रहता है (विक्रमादित्य काल में जब शून्य अयनांश था)। स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः। स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥ (यजु, २५/१९) यह आकाश के वृत्त (पृथ्वी कक्षा) की ४ दिशा हैं-ज्येष्ठा नक्षत्र का स्वामी इन्द्र, रेवती का पूषा, श्रवण का गोविन्द जो अरिष्ट की नेमि या सीमा (दूर करने वाले) हैं, तथा पुष्य का बृहस्पति। दक्षिण में सूर्य रहने पर हमारे उत्तरी गोलार्ध में सबसे बड़ी रात्रि तथा शीत होता है अतः यह अरिष्टनेमि है। उत्तरी सीमा के कर्क रेखा को केवल नेमि कहते हैं। उत्तर -दक्षिण दिशा में यह सूर्य की धुरी (नेमि) है। पृथ्वी अक्ष का झुकाव २२ से २६ अंश तक घटता बढ़ता है। कर्क रेखा की सीमा या नेमि का स्थान नैमिषारण्य है (कूर्म पुराण, २/४३/७, पद्म १/१, वराह, ११/१०७, वायु, १२५/२७, शिव, ७/१/३/५३)। इक्ष्वाकु काल में मिथिला की सीमा पर कर्क रेखा थी अतः वहां के राजा इक्ष्वाकु पुत्र को निमि कहते थे। उनकी निमि (पलक) नहीं गिरती थी। सूर्य चक्षु है, विषुव रेखा पर वह बन्द रहता है, कर्क, मकर रेखा पर पूरी तरह खुल जाता है। (भागवत पुराण, ९/१३, विष्णु, ४/५ आदि)। आज भी मिथिला में सूर्य के कर्क रेखा पर स्थित होने पर पञ्चाङ्ग आरम्भ होता है। इस सूर्य गति के भी छन्द हैं। यहां गरुड़ संवत्सर रूप है। अथ ह वाऽ एष महासुपर्ण एव स्यात्संवत्सरः। तस्य यान्पुरस्ताद्विषुवतः षण्मासानुपश्यन्ति सोऽन्यतरः पक्षो ऽथ यान्षड् उपरिष्टात् सः अन्यतरः। आत्मा विषुवान्। (शतपथ ब्राह्मण, १२/२/३/७) यह वर्गीकरण ब्रह्मा के स्थान पुष्कर (अभी बुखारा) के अनुसार है, जो उज्जैन से १२ अंश पश्चिम है (विष्णु पुराण, २/२८)। वेदाङ्ग ज्योतिष के अनुसार सबसे बड़ा दिन १६ घण्टे का था। सबसे छोटा दिन ८ घण्टे का होगा, उसका आधा। अतः इनको गायत्री (२४ अक्षर) से जगती (४८ अक्षर) तक बांटा गया है। विषुव के उत्तर तथा दक्षिण में १२, २०, २४ अंश के अक्षांश वृत्तों से ये वीथियां बनती थीं। ३४० उत्तर अक्षांश का दिनमान सूर्य की इन रेखाओं पर स्थिति के अनुसार ८ से १६ घण्टा तक होगा। अतः दक्षिण से इन वृत्तों को गायत्री (६ x ४ अक्षर) से जगती छन्द (१२ x ४ अक्षर) तक का नाम दिया गया। इसकी चर्चा ऋग्वेद (१/१६४/१-३, १२, १३, १/११५/३, ७/५३/२, १०/१३०/४), अथर्व वेद (८/५/१९-२०), वायु पुराण, अध्याय २, ब्रह्माण्ड पुराण अध्याय (१/२२), विष्णु पुराण (अ. २/८-१०) आदि में है। इनके आधार पर पं. मधुसूदन ओझा ने आवरणवाद में इसकी व्याख्या की है (श्लोक १२३-१३२)। बाइबिल के इथिओपियन संस्करण में इनोक की पुस्तक के अध्याय ८२ में भी यही वर्णन है।

# फूट और झूठ के सहारे वैतरणी पार करने के कुत्सित प्रयास

**निर्मल रानी**



आगामी 5 अक्टूबर को होने जा रहे हरियाणा विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार राज्य में सत्ता में वापसी के लिये ज़ोर आज़माइश कर रही है जबकि कांग्रेस पार्टी दस वर्षों के बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद लगाये बैठी है। ग़ौरतलब है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी बहुमत के लिये ज़रूरी 46 सीटें हासिल करने से 6 सीट पीछे रह गयी थी और उसे केवल 40 सीटें ही हासिल हुई थीं। उस समय कांग्रेस ने 31 सीटें जीत कर मज़बूत विपक्ष के रूप में अपना किरदार अदा किया था। जबकि राज्य में 10 सीटें जीतने वाली जननायक जनता पार्टी ने भाजपा के साथ मिलकर भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार बनाई थी। इसके बदले में जजपा को उपमुख्यमंत्री सहित कुल 2 मंत्री पद मिला था। परन्तु मार्च 2024 में जजपा ने भाजपा से नाता तोड़ लिया। ख़बर तो यह आई कि जजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में हरियाणा की 10 में से 2 सीट पर अपनी दावेदारी जता रही थी जिसके लिये भाजपा तैयार नहीं हुई। परन्तु राजनैतिक हल्क़ों में चर्चा यह थी कि जजपा ने किसान आंदोलन के बाद उपजे सत्ता विरोधी हालत के मद्देनज़र जजपा ने भाजपा से अपना नाता तोड़ा था।

इस बार कांग्रेस व भाजपा के अतिरिक्त पिछली बार की सत्ता की भागीदार जजपा सहित और भी कई क्षेत्रीय दल चुनाव मैदान में हैं। इनमें कुछ दल ऐसे हैं जो अपने अस्तित्व की रक्षा के लिये चुनाव मैदान में हैं तो कुछ हरियाणा की जनता से अपना परिचय कराने के लिये यानी राज्य की राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने मात्र के लिये चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि 90 सीटों की विधानसभा में कांग्रेस ने एक सीट अपने INDIA गठबंधन सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लिये छोड़कर शेष सभी 89 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ने का फ़ैसला किया है। INDIA गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी से कांग्रेस की सीटों के बंटवारे को लेकर पैदा हुई असहमति के बाद आप ने अकेले ही चुनाव लड़ने का फ़ैसला किया है। 2019 के चुनावों में आप ने राज्य की 46 सीटों पर चुनाव लड़ा था परन्तु एक भी सीट जीत नहीं सकी थी। परन्तु इस बार उसने सभी 90 सीटों पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिये हैं। ग़ौरतलब है कि 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप को NOTA से भी कम वोट हासिल हुये थे। इसके बावजूद 90 सीटों पर पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशी खड़ा करने का अर्थ राज्य की जनता, आम आदमी पार्टी द्वारा सीटें जीतना नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी की अप्रत्यक्ष रूप से मदद करना ज़रूर लगा रही है। अभी तक हरियाणा को लेकर चुनाव पूर्व जो भी सर्वेक्षण सामने आ रहे हैं लगभग उन सभी में भाजपा की सत्ता की बिदाई और कांग्रेस की वापसी की संभावना जताई जा रही है। चुनाव प्रचार के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से लेकर अन्य कई मज़बूत से मज़बूत भाजपा प्रत्याशियों तक को भी जिस तरह किसानों,ग्रामीणों व आम जनता का विरोध सहना पड़ रहा है उसे देखकर भाजपाइयों के पैरों तले से ज़मीन खिसक रही है। इसलिये टिकट वितरण से पूर्व से ही भाजपा व इससे जुड़ा आइ टी सेल,भक्तमंडली गोदी मीडिया व वॉट्सऐप एवं सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफ़ॉर्म्स के माध्यम से कांग्रेस के बारे में झूठ फैलाने में अपनी पूरी ताक़त झोंक रही है। जिस समय कांग्रेस ने पार्टी की भीतरी खींचातानी के कारण टिकट वितरण में देर की थी उस समय इसी अफ़वाहबाज़ सत्ताधारी नेटवर्क द्वारा एक अफ़वाह यह फैलाई गयी कि राहुल गाँधी से नाराज़ होकर भूपेंद्र हुडा व दीपेंद्र हुडा दिल्ली में कांग्रेस की टिकट सम्बन्धी एक मीटिंग से उठकर बाहर आ गये। चंद घंटों में ही इसी तंत्र ने अपने इसी झूठ का फ़ॉलो अप यह तैयार किया कि हुड्डा कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी खड़ी करने जा रहे हैं। बाद में जब इन्हें पता चला कि हुड्डा 89 में से 72 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को टिकट दिलाने में सफल रहे तो हुड्डा से नया राजनैतिक दल बनाने की झूठी आस लगाये बैठा यह झूठा प्रचार तंत्र बग़लें झाँकने लगा।

इसके बाद एक शर्मनाक वीडीओ सामने आया जिसमें कोई बुज़ुर्ग ग्रामीण व्यक्ति पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा के लिये अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहा है। इस विषय को लेकर भी भाजपा का यही तंत्र पूरी तरह सक्रिय हो उठा और इसी वीडियो को वायरल क्र डाला। गोया शैलजा के अपमान से गोया उनकी लाटरी खुल गयी हो। कांग्रेस को दलित विरोधी प्रचारित किया जाने लगा और उत्साहित भाजपाइयों द्वारा शैलजा को भाजपा में आने का न्यौता भी दिया जाने लगा। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एक भाजपा प्रत्याशी की चुनाव सभा में शैलजा के प्रति न केवल हमदर्दी जताते नज़र आये बल्कि उन्हें भाजपा में शामिल होने का सार्वजनिक मंच से न्यौता भी दे डाला। इसका कारण यही था कि हुड्डा के मुक़ाबले शैलजा समर्थक प्रत्याशियों को टिकट कम मिला। बस, इसी नाराज़गी को इन सांस्कृतिक राष्ट्रवादियों ने अपने लिये सुनहरा अवसर माना। परन्तु शैलजा ने इन सभी अफ़वाहों में उस समय पलीता लगा दिया जब उन्होंने यह कहा कि -जिसतरह मेरे पिता कांग्रेस पार्टी के तिरंगे से लिपट कर गये थे उसी तरह मैं भी कांग्रेस के ही तिरंगे में लिपटकर जाऊंगी। साथ ही शैलजा ने खट्टर जैसे नेताओं को यह कहकर आईना भी दिखा दिया कि भाजपा के जो नेता आज टिप्पणी कर रहे हैं, उनके काफ़ी नेताओं से ज़्यादा लंबा राजनीतिक जीवन मेरा रहा है। मुझे नसीहत न दें , मुझे अपना रास्ता और मेरी पार्टी मेरा रास्ता तय करना जानती है । दूसरी तरफ़ कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने भी कह दिया कि शैलजा हमारी बहन है,पार्टी की सम्मानित नेता हैं और यदि पार्टी में किसी ने कुछ कहा है तो उसकी पार्टी में कोई जगह नहीं है।

इसके बाद तो मानो भाजपा ख़ेमे में सन्नाटा ही पसर गया। आमआदमी पार्टी द्वारा 90 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा से प्रफुल्लित भाजपा जोकि शैलजा प्रकरण को लेकर भी काफ़ी उम्मीदें लगाये बैठी थी उसे मायूसी के सिवा कुछ हाथ नहीं लगा। और फूट और झूठ के सहारे वैतरणी पार करने के भाजपाई कुत्सित प्रयास धरे के धरे रह गये।

# दवा के नाम पर मरीजों की जिन्दगी से खिलवाड़

**कुमार कृष्णन**

दवा के नाम पर इंसानी जिन्दगी के साथ लगातार खिलबाड़ किया जा रहा है। हालिया उदाहरण है कि बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। परीक्षण में असफल होने वाली दवाओं में रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर,शर्करा यानी डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा केंद्रीय औषधि नियामक ने जिन दवाओं को गुणवत्ता के मानकों के अनुकुल नहीं बताया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल/,दर्द निवारक डिक्लोफेनेक,एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी दवा कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। इन 53 दवाओं में से परीक्षण में नाकाम की सूची में अभी केवल 48 दवाओं का ही नाम सामने आया है। क्योंकि इसमें से पांच दवाइयां जो मानक फेल हुई हैं उनकी निर्माता कंपनी का कहना है कि ये दवाएं उनकी नहीं है। बल्कि उनके नाम से नकली दवा को बाजार में बेचा जा रहा है। जो दवाएं फेल की गई हैं उनमें सनफार्मा द्वारा निर्मित पैन्टोसिड टैबलेट भी है,जिसका इस्तेमाल प्रायः एसिडिटी रोकथाम के लिए किया जाता है।इटेस्ट में फेल हो गई ये सभी दवाओं को सेवन को सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। अजीवोगरीब विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं।केंद्रीय औषधि नियामक के इस परीक्षण ने लोगों के स्वास्थ्य की चिंता को और बढ़ा दिया है, क्योंकि एक तरफ दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं और दूसरी तरफ नकली दवाओं के बाजार में आने की भी खबर है। जांच तो केवल पांच दवाओं का नाम सामने आया है, हो सकता है नकली दवाओं के इस खतरनाक कारोबार में और दवाओं को भी बेचा जा रहा हो। स्वास्थ्य मंत्रालय नकली और परीक्षण में फेल होने वाली दवाओं की बिक्री और इन दवाओं को बनाने वालों पर कितनी सख्त कार्रवाई करेगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता,यह तो आनेवााल वक्त ही बताएगा। फिलहाल स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा दोहरी जवाबदेही निभा रहे हैं। वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व भी निभा रहे हैं, उन पर भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने का जिम्मा है। हालांकि तीन दिन पहले आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के छह बरस पूरे होने पर नड्डा ने नरेन्द्र मोदी की इस पहल की तारीफ करते हुए कहा था कि यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा पहलों में से एक बन गई है। यह सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों के लिए समान स्वास्थ्य सेवा पहुंच प्रदान करने के लिए इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय औषधि नियामक के दवाओं के परीक्षण और उसके नतीजे से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। वर्ना सेहत सुधारने के नाम पर नकली और असफल दवाओं का सेवन लोगों को और बीमार बना ही रहा था। चिंता की बात यह है कि असफल दवाओं में कई ऐसी दवाएं हैं, जिनका इस्तेमाल सबसे अधिक होता है।

आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत के साथ खिलबाड़ करते हैं। जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते हों। महत्वपूर्ण पहलू यह है कि देश में करीब 220 मिलियन लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं, इसी तरह 2021 में डायबिटीज मरीजों की संख्या 529 मिलियन थी। करोड़ों लोग एसीडिटी रोकने की और विटामिन्स की दवाएं लेते हैं। इन सबके स्वास्थ्य पर इन दवाओं का कितना विपरीत असर हुआ होगा, यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। इस पर गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। विडंबना तो यह है कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से गुरेज करती हैं। लेकिन कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है।दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों के स्तर में इतनी गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये दुखी मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं।

इससे उन तमाम मरीजों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। यद्यपि केंद्रीय औषधि नियामक ने 53 दवाओं क मरीजों के लिये नुकसानदायक होने की आशंका में इन दवाइयों के उत्पादन,वितरण व उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने यह फैसला दवा टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश पर लिया था। जिसका मानना था कि इन दवाओं में शामिलअवयवों की चिकित्सकीय गुणवत्ता संदिग्ध है। दरअसल, एक ही गोली को कई दवाओं से मिलाकर बनाने को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स यानी एफडीसी कहा जाता है। बहरहाल, सामान्य रोगों में उपयोग की जाने वाली तथा जीवनरक्षक दवाओं की गुणवत्ता में कमी का पाया जाना, मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिसके लिये नियामक विभागों की जवाबदेही तय करके घटिया दवा बेचने वाले दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए।

# योग द्वारा हृदय रोग से मुक्ति

**उमेश कुमार सिंह**

मेडिकल सांइस की दुनिया में डॉ. बिमल छाजेड़, एम.बी.बी.एस., एम. डी. एक जाने-पहचाने व्यक्ति हैं। ये भारत में नॉन इन्वेसिव कॉर्डियोलॉजी के जन्मदाता हैं। डॉक्टर छाजेड़ ने विख्यात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) में छह वर्ष तक सीनियर रेसीडेण्ट और सहायक प्रोफेसर के पद पर काम कर चुके हैं। वर्ष 1995 में इन्होंने AIIMS छोड़ दिया और अपनी रिसर्च के आधार पर साओल की स्थापना की। साओल का मतलब है- विज्ञान तथा जीवन जीने की कला (साइंस एण्ड आर्ट ऑफ लीविंग) जो आधुनिक मेडिकल साइंस और जीवन जीने की कला को जोड़ता है। इनका हृदय रोग के रिवर्सल के लिए चलाया गया त्रिदिवसीय कार्यक्रम बहुत प्रसिद्ध हुआ। यह कार्यक्रम भारत के लगभग सभी मुख्य शहरों में शुरू किया गया है। हृदय की देखभाल के लिए इन्होंने जो साओल हृदय कार्यक्रम चलाया है वह भारत में हृदय की देखभाल का सबसे लोकप्रिय तरीका है जिसमें चीर-फाड़ की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती। डॉ. छाजेड़ ने सौ से ज्यादा किताबें लिखी हैं, जिनकी गिनती सर्वाधिक बिकने वाली किताबों में होती है। इनकी किताबों का भारत की लगभग सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया गया है। इन्होंने जीरो ऑयल कुकिंग के माध्यम से भोजन बनाने का नया तरीका भी बताया, जो पूरे भारत में बहुत प्रसिद्ध हुआ । इन्होंने हृदय रोगियों के लिए बिना तेल के 1000 व्यंजन तैयार किए हैं तथा भारत में सौ से ज्यादा शहरों में तथा विदेशों में भी व्याख्यान दिए हैं। इनकी तनाव प्रबंधन की कक्षाओं और तकनीकों ने हजारों लोगों की जिंदगी बदल दी है। इस क्षेत्र में अपनी इन उपलब्धियों के लिए इन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। लोग इन्हें नॉन-इनवेसिव डॉक्टर, हार्ट केयर और लाइफ स्टाइल एक्सपर्ट पुकारते हैं। यह खुद को उन डॉक्टरों (कॉर्डियोलॉजिस्ट्स और हार्ट सर्जन्स) से पूरी तरह अलग मानते हैं जो हृदय संबंधी अस्पतालों में हृदय रोगियों का उपचार करते हैं। इनकी संस्था साओल यानी ( साइंस एंड आर्ट ऑफ लिविंग) हृदय रोगियों की जीवनशैली में बदलाव करके बाईपास, एंजियोप्लास्टी किए बिना उनका उपचार करती है। हृदय रोगियों को हृदय सुरक्षा संबंधी चिकित्सकीय पहलुओं के साथ-साथ पारंपरिक दवाइयों, खानपान में बदलावों और योग के बारे में भी बताया जाता है। डायमंड बुक्स द्वारा "योग द्वारा हृदय रोग से मुक्ति" पुस्तक प्रकाशित की गयी है जिसके लेखक डॉ. बिमल छाजेड़ हैं। हृदय रोगियों को इस नई प्रकार की परिवर्तित चिकित्सा पद्धति ( रिवर्सल थैरेपी) योग वस्तुतः जीवनशैली और जीवन को जीने का मार्ग बताया है, जिसमें आसन, प्राणायाम और ध्यान का समावेश होता है। यह एक विशाल विषय है और इस पर अनेक पुस्तकों की रचना की जा सकती है। चूंकि अलग-अलग लोग योग के ग्रंथों की अपने-अपने तरीके से व्याख्या करते हैं इसलिए इसके विभिन्न संस्करण होना स्वाभाविक है। यह 5,000 वर्ष पुरानी साधना और विषय है। जो प्रागैतिहासिक काल में यकीन करते हैं, उनका कहना है कि योग अनादिकाल ( लगभग 15,000 वर्षों) से चला आ रहा है। योग के हर अंश के कई रूप हैं किंतु इसका एक अभिन्न अंग है जिसमें यम और नियम के दर्शन का समावेश है जो योग में क्या करें और क्या न करें, का बोध कराता है। यह जीवन को किस प्रकार जीना चाहिए संबंधी निर्देश देता है। योग का दर्शन अत्यंत वृहद है जिसमें राजयोग, भक्तियोग, कर्मयोग आदि शामिल हैं। "योग द्वारा हृदय रोग से मुक्ति" में इसी बात को सुस्पष्ट तरीके से बताने जा रहा है। यौगिक आसनों को हृदय रोगियों के लिए प्रायः सबसे लाभकारी और श्रेष्ठ व्यायाम माना जाता है। पिछले 20 वर्षों से हृदय रोगियों के साथ कार्य करने के दौरान हमने कई आसनों का प्रयोग किया और अंततः 20 मिनट के योग आधारित व्यायाम और आसनों से ही हृदय के खतरों को शून्य कर दिया। जहां तक प्राणायाम की बात है तो हृदय रोगियों को कपालभाति और भास्त्रिका जैसे कठिन प्राणायाम करने की मनाही है क्योंकि उनके लिए ये खतरनाक साबित हो सकते हैं। बाबा रामदेव जी की कृपा से आजकल ये दोनों प्राणायाम बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। यद्यपि आम लोगों के लिए ये सही हैं किंतु ऐसे हृदय रोगियों को ये नहीं करने चाहिए जिन्हें हार्ट अटैक का खतरा हो। ऐसे रोगियों के लिए अनुलोम-विलोम प्राणायाम ( नाक के दोनों नथुनों से बारी-बारी से सांस लेना) करना बेहतर प्राणायाम है। हृदय रोगियों के लिए योग का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भाग जीवनशैली में बदलाव लाने संबंधी परामर्श और ध्यान (मेडिटेशन) लगाना है। ये हमारे जीवन को बदलते हैं, हमारी इच्छाशक्ति को बढ़ाते हैं, हमें शांति प्रदान करते हैं, तनाव को कम करते हैं, हमारे भावनात्मक चिड़चिड़ेपन को कम करते हैं और (साइको न्यूरो इम्युनोलॉजी - पीएनआई) के द्वारा कार्य करके रुकावट कम करने में सहायता करते हैं। कई प्रकार की ध्यान संबंधी विधियों का अध्ययन करने के उपरांत मैंने हृदय रोग को स्वस्थ हृदय में बदलने (रिवर्सल ऑफ हार्ट डिज़ीज़) अर्थात उसके निवारण हेतु प्रशिक्षण आधारित योग में प्रेक्षा- ध्यान पद्धति ( प्रेक्षा मेडिटेशन सिस्टम) को सर्वश्रेष्ठ योग पाया। लेकिन यह याद रखना चाहिए कि योग आम आदमी के लिए सेहत को सुधारने, खुशी और आंतरिक शांति प्राप्त करने का साधन है, लेकिन हृदय रोगियों के लाभार्थ मैंने इस पद्धति में कई बदलाव और सुधार किए। साओल कार्यक्रम के अंतर्गत जीरो ऑयल कुकिंग, गिरीदार वसायुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज, तनाव विश्लेषण और प्रबंधन आदि अन्य तत्व शामिल किए। साओल के अंतर्गत चिकित्सा ज्ञान, सरल चिकित्सा शिक्षण, मेडिकल टेस्ट, दवाइयों, ईसीपी, बीसीए, आयुर्वेद और होम्योपैथी का भी समावेश किया।

साओल का तात्पर्य है - साइंस एंड आर्ट ऑफ लिविंग। मेडिकल साइंस और आर्ट ऑफ लिविंग को एक साथ मिलाया। मेडिकल साइंस यानी चिकित्सा विज्ञान में से हमने बाईपास सर्जरी और एंजियोप्लास्टी के प्रचलित उपचारों को शामिल नहीं किया क्योंकि ये प्रकृति के विरुद्ध हैं। ये शरीर को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं जिसमें स्वयं ही हृदय रोग को दूर और उसका उपचार करने की शक्ति है। विदित हो कि हृदय रोग कोई अकस्मात् होने वाला रोग नहीं है और हम हृदय रोग होने के सही कारणों को भी भलीभांति जानते हैं तो क्यों न हम इन्हीं कारणों को दूर करने का भरसक प्रयास करें और हृदय को शक्तिशाली बनाकर हृदय रोग के खतरे को दूर करें। साओल में हम यही कर रहे हैं। इसलिए यह पुस्तक उन लोगों के लिए बहुत अच्छी मार्गदर्शक निर्देशिका साबित होगी जो योगिक तकनीक के साथ-साथ साओल पद्धति का पालन करना चाहते हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### हरियाणा जाएगें एन एस एस के आठ स्वयं सेवक

दुमकाःहरियाणा सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर 2024 में दुमका विश्वविद्यालय के एन एस एस के आठ स्वयं सेवक तथा एक दलनायक शामिल होंगे। हरियाणा के हिसार स्थित जी जे यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। झारखण्ड टीम का दायित्व सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका को मिला है। इसके लिए टीम लीडर के रूप में मधुपुर महाविद्यालय मधुपुर की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनिता गुआ हेम्ब्रम का चयन हुआ है। डॉ हेम्ब्रम के साथ उसी महाविद्यालय से स्वयंसेवक कृष्ण कुमार, आलिया साही और संगीता हांसदा का चयन हुआ है। साथ ही देवघर महाविद्यालय देवघर के स्वयं सेवकों में मोनू कुमार, सूरज कुमार रवानी और भवानी कुमारी का चयन हुआ है। एस पी कालेज दुमका के स्वयं सेवक मैरी सेरेना किस्कू और विजय कुमार का चयन हुआ है। सभी स्वयं सेवक टीम लीडर के साथ शिविर में रिपोर्ट करेंगे। विश्वविद्यालय एन एस एस के कोर्डिनेटर डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने बताया कि इस सन्दर्भ में संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्यों को पत्र भेजा जा चुका है। सभी सम्बंधित स्वयंसेवकों व कार्यक्रम पदाधिकारी को भी सूचित कर दिया गया है। साथ ही हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विश्वविद्यालय के लिए यह सुखद समाचार है कि झारखंड के विश्वविद्यालयों में से सिर्फ सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय से कार्यक्रम पदाधिकारी व स्वयं सेवकों का चयन हुआ है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत अनुबंध कर्मियों ने फूलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ का किया गठन

दुमका : सिदो कान्हू मुर्मू इंडोर स्टेडियम के परिसर में स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत अनुबंध कर्मियों ने एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हमारे मांगो और हक अधिकार की लड़ाई के लिये एक संगठन का गठन किया गया।जिसका नाम संताल हुल के स्वतंत्रा सेनानी फूलो झानो के नाम "फूलो झानो मुर्मू एन एच एम अनुबंध कर्मचारी संघ" रखा गया।सभी कर्मियों ने यह निर्णय लिया कि अपनी सारी मांगो को सरकार के समक्ष इस बैनर तले रखा जाएगा। सर्व सम्मति से दुमका जिला इकाई का सचिव एली बागे, अध्यक्ष एनी स्वेता टुडु,कोषाध्यक्ष पुष्पा सोरेन को चुना गया।इस मौके पुष्पा सोरेन,सुशीला मुर्मू,सरिता कुमारी,सुशरणा सोरेन,गीता कुमारी,नली राजमेरी मरांडी,मेरिना मरांडी,सन्तोषणी मुर्मू,लग्नेश हेम्ब्रम,सुशीला सोरेन,अन्ना शेफाली सोरेन,ज्योतिका सोरेन आदि उपस्थित थे।

### भोजन सेवा सह वस्त्र वितरण समारोह का आयोजन

दुमकाःजय माता दी सेवा समिति तथा कृतिका सेवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में रविवार भोजन सेवा में राजमा,चावल के साथ आज विशेष रूप से दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर माताओं को साड़ी और भाइयों को टी शर्ट सप्रेम दिया गया।अध्यक्ष राजेश कुमार राउत के घर से स्वनिर्मित भोजन,शहर के टाटा शोरूम,टीन बाजार,धर्मस्थान,वीर कुंवर सिंह चौक,गाँधी मैदान इत्यादि जगहों पर कार से घुम-घुम कर लगभग 160 लोगों को भोजन कराया गया। उनके चेहरे की खुशी देख कर मन को बहुत संतुष्टि मिली । इन कार्यक्रमों से मन को बहुत शांति मिलती हैं।समिति का उद्देश्य ही नर सेवा नारायण सेवा हैं।ये रविवार भोजन सेवा 1 जनवरी 2022 से लगभग सभी रविवार होती आई है। ये कार्यक्रम अभी निरंतर चले ऐसा प्रयास किया जाएगा।* दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर जरूरत मंदों के बीच नए वस्त्र देने का सौभाग्य माता रानी की कृपा से बहुत ही सुखद थी।समिति के द्वारा बक्शी बाँध में एक माता रानी की भव्य मंदिर और धर्मशाला का निर्माण कार्य शुरू हैं। समिति दुमका के सभी दानवीर श्रद्धालु से सहयोग की अपेक्षा करती हैं सहयोग हेतु संपर्क करें ।कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेश कुमार राउत,मोनिका राउत, प्रियंका देवी, मानसी कुमारी, संदीप कुमार जय बमबम, श्याम केशरी, संतोष ठाकुर, दीपक कुमार और गीता हेम्ब्रम इत्यादि लोगों का कार्य सहयोग रहा।

### आशा शब्द ही उम्मीद और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है : मंत्री शुक्ला

भिण्ड में आशा, पर्यवेक्षक एवं बीसीएम के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

भोपाल (ईएमएस)। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि आशा शब्द है उम्मीद का दूसरा नाम है। यह शब्द महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देता है। मंत्री शुक्ला ने रविवार को भिंड जिले के मेहगांव में आशा, पर्यवेक्षक एवं बीसीएम को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा-पत्र और शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।मंत्री शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ता एक मजबूती कड़ी के रूप में कार्य कर रही हैं, जो प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने व टीकाकरण संबंधी कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से निभा रही हैं।मंत्री शुक्ला ने कहा कि आशा कार्यकर्ता के नाम के आगे ही आशा शब्द जुड़ा हुआ है जो सबके मन में उम्मीद की किरण तो जगाता ही है। साथ ही महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देता है। आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की जितनी सराहना की जाये उतनी कम होगी। उन्होंने कहा कि आशा, गर्भवती महिलाओं के पास डॉक्टर से पहले पहुंचने का कार्य कर रही है। जिले में आशा कार्यकर्ताओं के निरंतर किया जा रहे प्रयत्नों और परिश्रम का ही परिणाम है कि आज शिशु-मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी तरह सजग रहकर कार्य करने से जिले में लिंगानुपात भविष्य में और भी बेहतर होगा। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे आशा कर्यकर्ता और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के यश बाथरे करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयन

भोपाल(ईएमएस)। मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के होनहार खिलाड़ी यश बाथरे का चयन भारत की ओर से मॉडर्न पेंटाथलॉन के बाईथले/ट्रायथले इवेंट में भाग लेने के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित वर्ल्ड चैंपियनशिप प्रतियोगिता 8 से 14 अक्टूबर के बीच इजिप्ट में आयोजित की जाएगी।यश बाथरे विगत चार वर्षों से मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी में कैप्टन मनोज झा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता ने उन्हें बधाइयां दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस स्कूटी दल



भोपाल( ईएमएस )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार रतलाम में पुलिस विभाग द्वारा बालिका सुरक्षा के लिए महिला पुलिस स्कूटी दल द्वारा पेट्रोलिंग सुनिश्चित की गई है। नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत गरबा खेलने आने जाने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के अन्य प्रबंध सुनिश्चित किये हैं।महिला पुलिस स्कूटी दल को पुराने कंट्रोल रूम से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। स्कूटी दल शहर में नवरात्रि त्यौहार दौरान शाम 7 बजे से रात्रि एक बजे तक सभी गरबा पांडालों के आसपास भ्रमण करेगी। त्यौहार के दौरान आने जाने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं की मनचलों से सुरक्षा एवं छेड़खानी करने वाले पर नजर रखी जाएगी।महिला सुरक्षा को लेकर यह रतलाम पुलिस का एक और महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें लगभग 25 महिला पुलिस कर्मी शामिल रहेगी। नवरात्रि पर्व के बाद भी ये टीम शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करेगी ।

# डालसा द्वारा विधिक जागरूकता व विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

#### विधिक सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाना




दुमकाःराष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक प्राधिकार के तत्वाधान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेशानुसार आज रविवार को जिले के सभी दस प्रखंडो मे विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर सह विधिक जागरूकता मेला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे व्यवहार न्यायालय, दुमका के सभी न्यायाधीश अलग अलग सभी दस प्रखंडो मे कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवा का विस्तार से जानकारी देकर लोगों को इसका लाभ उठाने की सलाह दी। इस दौरान दुमका, मसलिया, रानेश्वर,जरमुंडी, जामा, सरैयाहाट, शिकारिपाड़ा, काठीकुंड, गोपीकांदर,आदि सभी विभिन्न प्रखंडो मे करोड़ों रूपये का परिसम्पतियों का वितरण लाभुकों के बीच किया। इधर दुमका प्रखंड मे जिला जज-पंचम, शत्रुंजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान न्यायाधीश द्वारा लाभुकों के बीच परिसम्पति एवं अन्य योजनाओं के लाभ का प्रमाणपत्र वितरण किया गया । प्रखंड द्वारा स्वीकृति मे से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेशंन, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन , मुख्यमंत्री विधवा सम्मान पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आबुवा आवास योजना, मईया सम्मान योजना, छात्रवृति सहित अन्य योजना का लाभ दिया गया। इस मौके पर न्यायधीश शत्रुंजय कुमार सिंह ने कहा कि आज के समाज मे महिलाओ की भागीदारी जरुरी है इसके लिए महिलाओ को आगे आने की जरुरत है। उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाए चलाती है। इसका लाभ उठाने पर जोर दिया। न्यायाधीश ने शिक्षा, रोजगार पर बल देते हुये कहा कि आज के दौर मे शिक्षा का होना जरुरी है। इसके लिये जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने डालसा द्वारा मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताते हुये लाभ उठाने की अपील की। दुमका प्रखंड में इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, उमेश मंडल, चीफ एल ए डी सी, सिकंदर मंडल सीओ सहित पीएलवी, कैलाश रामदास, बबलू मुर्मू, रोहित राय, रामसेवक साह, नितिन कुमार तथा संजय कुमार पांडे के साथ जेएसपीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीं जामा प्रखंड मे जिला जज प्रथम, रमेश चंद्र, शिकारीपाड़ा प्रखंड में जिला जज चतुर्थ, धर्मेंद्र कुमार सिंह, जरमुंडी प्रखंड में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनूप तिर्की, मसलिया प्रखंड में डालसा सचिव उत्तम सागर राणा, सरैयाहाट प्रखंड में वॉटर भेंगरा सीनियर सिविल जज, रामगढ़ प्रखंड में मोहम्मद जावेद खान न्यायिक दंडाधिकारी, रानेश्वर प्रखंड में मोहित चौधरी अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी, गोपीकंदर प्रखंड में आदित्य न्यायिक दंडाधिकारी तथा काठीकुंड प्रखंड में नेहा झा न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका शामिल हुये। आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक एवं अंचल, स्वास्थ्य और बाल विकास परियोजना, कार्यालय के कर्मी सहित जे एस पी एल के काफ़ी संख्या मे महिलायें तथा लाभुक उपस्थित थे ।

### साफ्टवेयर इंजीनियर युवती और आर कैट के साइंटिस्ट्स को लूटने वाले शातिर साइबर लुटेरों को ट्रैफिक सूबेदार ने किया नाकाम

इन्दौर (ईएमएस) साइबर लुटेरों द्वारा इन्दौर में विगत दिनों एक साफ्टवेयर इंजीनियर युवती और आर आर कैट के साइंटिस्ट्स को डिजिटल अरेस्ट कर उनसे लाखों रुपए लूटने की वारदातों को सफलता पूर्वक अंजाम देने के बाद एक ट्रैफिक सूबेदार को भी डिजिटली अरेस्ट करने की असफल कोशिश की गई जिसे ट्रैफिक सूबेदार ने अपनी सूझबूझ से नाकाम कर दिया। घटनानुसार अज्ञात साइबर लुटेरों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता इंदौर के ट्रैफिक सूबेदार को फोन लगाया और कहा कि तुम्हारा बेटा रैप के केस में फंसा है। रुपए ट्रांसफर करों नही तो गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश कर देंगे। हालांकि इन शातिर साइबर लुटेरों को यह नहीं पता था कि जिस सूबेदार को उन्हें फोन लगा रहे थे, उसका बेटा महज चार साल का है और वह घर पर ही था। यह बात सूबेदार ने जब उन शातिर लुटेरों को यह कहते बताई कि मुझे मुर्ख मत बनाओ, मेरा बेटा तो महज चार साल का है।

## मुख्यमंत्री की भेजी मिठाई लेकर जवानों के बीच पहुंचे मंत्रीगण

#### मंत्रियों ने जवानों की पीठ थप-थपाकर हौसला अफजाई की

दंतेवाड़ा,(ईएमएस) । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने मंत्रीगणों के हाथों मिठाई भेजकर नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों की हौसला अफजाई की। उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और वन मंत्री केदार कश्यप ने दंतेवाड़ा-नारायणपुर की सीमा से लगे थुलथुली क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े एनकाउंटर को अंजाम देने वाले जांबाज जवानों का मुंह मीठा कराकर उनका हौसला बढ़ाया। मंत्रीगणों ने दंतेवाड़ा पुलिस लाइन में जवानों से भेंटकर बस्तर में शानदार कार्य के लिए आईजी पी. सुंदरराज, नारायणपुर दंतेवाड़ा एसपी, डीआरजी, एसटीएफ सहित पुलिस के सभी अधिकारियों की प्रशंसा की व एनकाउंटर का नेतृत्व कर रहे एएसपी से उनके अनुभव सुने व डीआरजी के महिला जवानों से भी स्थिति की जानकारी ली।जवानों से चर्चा करते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मैं यहां आप सबके पास देश के गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शुभकामना संदेश लेकर आया हूं। मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा आप लोगों को शुभकामना स्वरूप भेजी गई मिठाई देने आया हूं। आप सब दंतेश्वरी माई के बेटे और बेटियां हैं और आपने जो कार्य किया है, इसके बाद किसी को कोई संदेह नहीं है कि आपकी भुजाओ की ताकत से बस्तर में मंडराने वाला नक्सली आतंक जल्द ही खत्म होगा। गृह मंत्री ने जवानों को आश्वस्त किया कि सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है। बस्तर में विकास के लिए सरकार कभी किसी चीज की कोई कमी नहीं होने देगी। उन्होंने बस्तर के भटके नौजवानों से अपील की कि वे मुख्यधारा में लौटे। उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि प्रदेश व देश के विकास में बाधक किसी भी शक्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा की आम बस्तरियों के विकास के लिए राशन दुकान, स्वास्थ्य सुविधाएं, सड़के ,बिजली आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। इससे बस्तर विकास की गति में तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पहाड़ी क्षेत्र की रामबाई के लिए महतारी वंदन योजना की राशि किसी संजीवनी से कम नहीं



धमतरी, (ईएमएस)। अपने घर की परछी में मक्के का बीज निकालती रामबाई खुश है कि इस बार दशहरा-दीपावली के त्यौहार के समय बहुत ज्यादा आर्थिक समस्याओं से नहीं जूझना पड़ेगा। कोरबा शहर से लगभग सौ किलोमीटर दूर जंगल और पहाड़ी इलाकों में रहने वाली रामबाई के लिए जीवनयापन किसी जद्दोजहद से कम नहीं है। वह बताती है कि जब से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन योजना शुरू की है तब से उन्हें अपने खाते में हर माह एक हजार रुपए आने की गारण्टी मिल गई है। उनका कहना है कि वह आने वाले दशहरा-दीपावली को बीते बरसो की तुलना में बहुत बेहतर तरीके से मनाएगी।कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में दूरस्थ क्षेत्र ग्राम जजगी में रहने वाली रामबाई आयाम बताती है कि इस बार बरसात ठीक-ठाक हुई है लेकिन पहाड़ी इलाकों में पानी का ठहराव कुछ देर तक नहीं रहता। इन इलाकों में मक्के की फसल लेनी होती है। उन्होंने अपनी बाड़ी में मक्के की फसल ली थी, अब मौसम के साथ ही मक्के को तोड़कर बीज अलग कर रही है। रामबाई ने बताया कि उनके क्षेत्र में धान का फसल लेना बहुत बड़ी चुनौती है। कई बार मौसम दगा दे जाता है। बारिश नहीं होने पर भी खेत में ही फसल सूख जाते हैं। ऐसे में ज्यादातर ग्रामीण मक्के सहित कम पानी में पैदा होने वाले फसलों पर ध्यान देते हैं और जीविकोपार्जन के लिए बकरी सहित अन्य पशुओं का पालन करते हैं। रामबाई ने बताया कि उनके गाँव में अधिकांश गरीब परिवार निवास करते हैं। गांव की ज्यादातर महिलाएं जीवकोपार्जन के लिए बहुत जद्दोजहद करती हुई घर चलाती है, उन्हें दिन भर कुछ न कुछ परिश्रम करना पड़ता है। ऐसे में जब महतारी वंदन योजना की शुरूआत हुई तो कुछ महिलाओं को भरोसा नहीं था कि हर माह उनके खाते में एक हजार आएगा। अब जबकि 7 महीने हो गए हैं और एक हजार रुपये निरंतर खाते में आ रहा है तो उनका भरोसा और विश्वास छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति बढ़ता ही जा रहा है। रामबाई ने बताया कि आने वाले समय में दशहरा-दीपावली है। इस दौरान माह में मिलने वाली एक हजार की राशि उनके जैसी अनेक जरूरतमंद महिलाओं के लिए खुशियों के साथ त्यौहार मनाने में मददगार साबित होगी। इस राशि से वे कुछ कपड़े, मिठाई सहित अन्य जरूरी सामग्री अवश्य खरीद पाएंगी।

## वन्य जीवों के रहवास के लिए छत्तीसगढ़ के वन क्षेत्र सबसे उपयुक्त : केदार कश्यप

#### वनमंत्री वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम में हुए शामिल

रायपुर, (ईएमएस)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप आज नया रायपुर स्थित ट्रिपल आईटी के सभागार में आयोजित वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम में शामिल हुए। वन विभाग 2-8 अक्टूबर तक मनाए जा रहे ''सह अस्तित्व से वन्य जीव संरक्षण सप्ताह'' थीम पर आधारित वन्य जीव सप्ताह के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में जन जागरूकता को लेकर विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तर पर आयोजित विविध गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित करने का कार्यक्रम आज वन विभाग द्वारा ट्रिपल आईटी रायपुर के सभागार में आयोजित हुआ।वन मंत्री केदार कश्यप ने इस मौके पर विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान करने के साथ ही उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री कश्यप ने इस मौके पर वन्य जीव सप्ताह अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छत्तीसगढ़ की सुश्री रागिनी ध्रुव को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और पुरस्कार राशि का चेक भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने इस मौके पर उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। सुश्री रागिनी ध्रुव अचानक मार्ग टायगर रिजर्व वन क्षेत्र के गांव शिवतराई की रहने वाली हैं।मंत्री श्री कश्यप ने इस मौके पर अपने उद्बोधन में कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ राज्य की जलवायु और भौगोलिक स्थिति अन्य स्थानों की तुलना में बेहतर है। हमारा राज्य बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से सुरक्षित है। यहां के वन क्षेत्र वन्य जीवों के रहवास के लिए बेहद उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल से ही हमारे वनवासियों भाईयों का वन्य जीवों से मित्रवत व्यवहार रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में इसमें बदलाव आया है, जिसके चलते यदा-कदा द्वन्द की स्थिति देखने और सुनने को मिलती है। उन्होंने वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए वन क्षेत्रों को संरक्षित और संवर्धित करने का आव्हान किया। मंत्री श्री कश्यप ने राज्य में वन एवं पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए वन विभाग एवं छत्तीसगढ़वासियों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में सालभर पूर्व जन्मे 6 शावकों का क्रमशः ज्वाला, पृथ्वी, पंचमुख, मृजराज, केशरी और इन्द्रावती जैसे पौराणिक नाम रखे और कहा कि जंगल सफारी में शेर की संख्या में वृद्धि होना, खुशी की बात है।इस मौके पर मंत्री श्री कश्यप ने अचानकमार टायगर रिजर्व का लोगो तथा कानन पेंडारी और जंगल सफारी की वार्षिक प्रतिवेदन पुस्तिका का विमोचन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी धम्मशील गनवीर ने वन्य जीव सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन्य जीवों के संरक्षण की स्थिति में सुधार होने के कारण इनकी संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि वन विभाग द्वारा बर्ड काउंट इंडिया, कलिंगा यूनिवर्सिटी और पक्षी मित्रों के सहयोग से बर्ड एटलस तैयार किया जा रहा है। 2 अक्टूबर से चल रहे वन्य प्राणी सप्ताह के तहत राजधानी से लेकर जिला मुख्यालयों में जन जागरूकता के लिए निबंध, प्रश्नोत्तरी, भाषण, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव, वन्य प्राणी प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर अग्रवाल, प्रबंध संचालक लघु वनोपज संघ अनिल कुमार साहू, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक राज्य वन अनुसंधान केन्द्र आनंद बाबू, सरपंच ग्राम भेलवाडीह सहदेव कोसरिया, उपरवारा सरपंच गिरधर पटेल, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### गार्डन, कालोनी का होगा विकासः रोहाणी

जबलपुर,( ईएमएस)। कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने रानी लक्ष्मी बाई वार्ड 66 अंतर्गत बिलहरी राजुल फेस 1 गार्डन में उपस्थित जनता को आश्वस्त किया की कालोनी की हर समस्या का निदान जरूरी है, गार्डन में समिति के सदस्यों को एक एक फलदार वृक्ष लगाना चाहिए , स्कूल के 200 बच्चों को स्कूल में उपयोग की जाने वाली सामग्री वितरित की गई। रानी लक्ष्मी बाई वार्ड की पार्षद कृष्णा दास चौधरी , ने बताया है की विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने अपना जन्म दिन बिलहरी गार्डन में कन्याओं के पैर धुल कर, पूजन कर कन्याओं को चुनरी उढ़ाकर, दक्षिणा देकर आशीर्वाद लेकर सेवा दिवस के रूप में मनाया। कार्य क्रम में अटल उपाध्याय, नकुल गुप्ता, मंतो पहलवान, संतोष यादव, संतोष रजक ,आशीष दास चौधरी , राजेश अवस्थी, भागचंद पटेल, सौरभ गोयल, पुष्पा तिवारी, सुनील तिवारी , प्रहलाद उपाध्याय, विनय चौधरी, आर सी निरंजन, आनंद चौधरी, दीपक पवार,आशुतोष दुबे सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

### होटल में हुई विस्फोट की घटना की होगी प्रशासकीय जाँच

जबलपुर,( ईएमएस)। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तिलवारा थाना क्षेत्रान्तर्गत शनिवार 5 अक्टूबर को निर्माणाधीन वेलकम आईटीसी होटल में गैस पाईप लाईन की टैस्टिंग के दौरान हुई विस्फोट तथा आग लगने की घटना की प्रशासकीय जांच के आदेश दिये हैं। श्री सक्सेना ने प्रशासकीय जांच के लिए तीन अधिकारियों की जांच समिति गठित की है तथा उसे एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्रशासकीय जांच समिति को तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए तकनीकी जांच दल का गठन भी किया है।जिला दंडाधिकारी द्वारा घटना की जांच के लिए गठित प्रशासकीय समिति में अनुविभागीय दण्डाधिकारी, गोरखपुर, नगर पुलिस अधीक्षक, गढ़ा एवं अतिरिक्त कमिश्नर, नगर निगम को शामिल किया गया है। श्री सक्सेना ने प्रशासकीय जाँच समिति को जांच में तकनीकी सहयोग के लिए गठित पांच सदस्यों के तकनीकी जांच दल में फायर आफिसर, नगर निगम, उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, कार्यपालन अभियंता, पीआईयू।

### शहर सरकार भोपाल के विकास के लिए संकल्पित : रविन्द्र यति

भोपाल(ईएमएस)। महापौर परिषद के सदस्य रविन्द्र यति ने वार्ड क्र. 83 अंतर्गत विजय विलास कालोनी में एल.ई.डी स्ट्रीट लाईट का लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर रविन्द्र यति ने कहा कि शहर सरकार, भोपाल के विकास के लिए संकल्पित है। श्री यति ने कहा कि नागरिकों को जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत वार्ड में अनेक विकास कार्य किए जा रहे है। श्री यति ने नागरिकों से आव्हान किया कि भोपाल को स्वच्छ व सुंदर बनाने में वह भी सहभागी बने। इस अवसर पर कालोनी के अध्यक्ष प्रोफेसर एन.पी.ओझा, राजहर्ष व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष अमित चौधरी, टीकाराम विश्वकर्मा, माणिक ठाकरे, डॉ.अरविन्द कुमार दुबे, सुरेश पांड, विकास शर्मा, ब्रिजेश झरिया सहित बड़ी संख्या में रहवासीगण उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने निजी क्षेत्र को किया जा रहा प्रोत्साहित : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

#### निजी स्वास्थ्य संस्थानों ने कोविड काल में किया सराहनीय कार्य

#### उप मुख्यमंत्री एमपीएनएचए के वार्षिक सम्मेलन में हुए शामिल

भोपाल (ईएमएस)। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिये शासकीय सेवाओं को सशक्त करने के साथ निजी क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। निजी स्वास्थ्य संस्थानों ने कोविड काल में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय में सराहनीय कार्य किया है। मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं में शीर्ष में ले जाने के लिए सशक्त प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास, मैनपावर और आधुनिक उपकरण उपलब्धता के लिये व्यवस्थाएँ की गयी हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त किया जा रहा है ताकि नागरिकों को निकट स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में ही स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हो सकें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने होटल जहांनुमा पैलेस भोपाल में मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन (एमपीएनएचए) भोपाल के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

#### प्रधानमंत्री मोदी ने जन स्वास्थ्य को दी है सर्वोच्च प्राथमिकता

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन स्वास्थ्य को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ है। अब 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान योजना का लाभ पा सकेंगे। आयुष्मान योजना का यह विस्तार वरिष्ठ नागरिकों के राष्ट्र-सेवा में योगदान का सम्मान है।

#### स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ चिकित्सकों को किया सम्मानित

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में 14 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, 3 नये मेडिकल कॉलेज के संचालन की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है आगामी वर्षों में 8 नये मेडिकल कॉलेज संचालन के लिये कार्य प्रक्रियाधीन हैं। पीपीपी मोड में 12 मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मध्यप्रदेश कृषि, ऊर्जा और स्वच्छता क्षेत्र में शीर्ष में है, शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों के संगठित प्रयास से हम स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न मानकों में मध्यप्रदेश को शीर्ष पर ले जाने में सफल होंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल का एमपीएनएचए के पदाधिकारियों ने पुष्पमाल से अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया।लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि निजी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुलभ करने के लिए आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं। संचालक आईईसी डॉ. रचना दुबे, संचालक एमसीएच डॉ. अरुणा कुमार, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ अरुण श्रीवास्तव, डीन जीएमसी डॉ. कविता सिंह, एमपीएनएचए के अध्यक्ष डॉ. रणधीर सिंह, सचिव डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. अजय गोयनका, डॉ. अनूप हजेला सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

# बाजार की साप्ताहिक समीक्षा

इन्दौर (ईएमएस)। माँग की मजबूती से आलौच्य सप्ताह में किराना जिंसों में नारियल तेजी पर रहा। शक्कर में भी सुर्खी रही। खाद्य तेलों में बाजार तेजी पर देखे गये। तिलहनों में सरसो व रायडा माँग में रहा। दलहनों में लेवाली के अभाव में चना बड़ाकर बोला गया। तुअर में नरमी दर्ज हुई।

किराना :- शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। शक्कर में पूछपरख अच्छी रहने से भावों में जोरदार तेजी देखी गयी। शक्कर में बाजार 50-75 रू. प्रति क्विंटल की तेजी आयी और शक्कर बाजार 3980-4025 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। कालीमिर्च में लेवाली अच्छी रहने से बाजार मजबूत देखे गये। कालीमिर्च एटम क्वालिटी मालों में बाजार 735-755 रू. प्रति किलो पर आ गये। नारियलों में लेवाली के चलते बाजार में सुर्खी कायम रही। नारियलों में 120 भरती मालों में बाजार 2450-2500 रू. प्रति थैले पर आ गये। सूखे मेवों में लेवाली बनी रहने से बाजार सुर्खी बनाये रहे। काजू 240 क्वालिटी मालों में बाजार 870-880 रू. प्रति किलो पर आ गये। बादाम में भी सुधार देखा गया।

तेल तिलहन :- आलौच्य सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों व तिलहनों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। किन्तु बाजार तेजी पर रहे। बाजार सूत्रों के मुताबिक आयातित मालों में बनी तेजी के चलते बाजार में तेजी देखी गयी। समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों में सींगदाना तेल इन्दौर लाइन पर 1520-1540 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। वहीं, सोया व कपास्या तेलों में बाजार 20-25 रू. प्रति 10 किलो की तेजी बना गये। सोया तेल रिफाइंड मालों में 1270-1275 रू. प्रति 10 किलो को छू गये। कपास्या तेलों में भी सुर्खी देखी गयी। तिलहनों में सोयाबीन में नये मालों में गीलापन है। मौसम में बदलाव के बाद सूखे मालों की आवकें तेजी से बढ़ेगी। जिसके चलते भावों में तेजी ही है। आलौच्य सप्ताह के दौरान सोयाबीन में बाजार 4800-5500 रू. प्रति क्विंटल के मध्य रहे।

दाल दलहन :- आलौच्य सप्ताह के दौरान दाल-दलहनों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। चने में लेवाली कमजोर पड़ने से भावों में मंदी देखी गयी। चने में बड़यिा मालों में बाजार 7750 से 7500-7550 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। तुअर में लेवाली के चलते भावों में मजबूती बनी रही। तुअर में हल्के मालों में बाजार 9500-9800 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। उड़द व मूंग में पूछपरख रहने से बाजार सुर्ख नज़र आये।

## इस सप्ताह आएंगे दो आईपीओ 365 करोड़ जुटाए जाएंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। हाल के सप्ताहों में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की बाढ़ के बाद प्राथमिक बाजार में इस सप्ताह सिर्फ दो आईपीओ आ रहे हैं, जिनके जरिये करीब 365 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। सितंबर में मुख्य मंच पर 12 आईपीओ और एसएमई (लघु और मझोले उद्यम) खंड में 40 आईपीओ आए थे। सात अक्टूबर से शुरू होने वाले अगले सप्ताह मुख्य मंच पर गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग और एसएमई खंड पर शिव टेक्सकेम के आईपीओ आने हैं। गरुड़ कंस्ट्रक्शन आईपीओ के जरिये 264 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। गरुड़ कंस्ट्रक्शन का आईपीओ आठ अक्टूबर को खुलकर 10 अक्टूबर को बंद होगा। शिव टेक्सकेम का 8-10 अक्टूबर के दौरान अपने आईपीओ के जरिये 101 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का लक्ष्य है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के चलते अक्टूबर की शुरुआत से शेयर बाजार में काफी गिरावट आई है। प्राइम डेटाबेस के अनुसार अस्थायी सुस्ती के बावजूद कुल मिलाकर आईपीओ बाजार का परिदृश्य सकारात्मक है। अभी 26 कंपनियों के पास आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी है, जिसके जरिये वे 72,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती हैं। इसके अलावा 55 कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव सेबी के पास विचाराधीन हैं। इन कंपनियों की आईपीओ के जरिये 89,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

## अदाणी समूह ने अहमदाबाद में हरित हाइड्रोजन मिश्रित पीएनजी आपूर्ति शुरू की



नई दिल्ली (ईएमएस)। अदाणी समूह ने अहमदाबाद के कुछ हिस्सों में घरों में आपूर्ति की जाने वाली खाना खाना पकाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में हरित हाइड्रोजन का मिश्रण शुरू कर दिया है। फ्रांस की ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज टोटलएनर्जीज के साथ समूह की शहर गैस वितरण इकाई अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने अहमदाबाद के शांतिग्राम में पाइप वाली प्राकृतिक गैस आपूर्ति में 2.2-2.3 प्रतिशत हरित हाइड्रोजन का मिश्रण करना शुरू कर दिया है। लिंक्डइन पर पोस्ट में कंपनी ने यह जानकारी दी। स्वच्छ मार्गों के माध्यम से उत्पादित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में डाला जाता है। कंपनी ने इलेक्ट्रोलाइसिस प्रक्रिया के माध्यम से पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित करने के लिए पवन या सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके हरित हाइड्रोजन का उत्पादन शुरू किया है। इस हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस में मिलाया जाता है। इसकी आपूर्ति घरों में खाना पकाने के लिए और उद्योग को की जाती है। एटीजीएल ने बयान कहा कि हम अहमदाबाद के अदाणी शांतिग्राम में अपने हाइड्रोजन मिश्रण प्रणाली के सफलता से शुरू होने की घोषणा करते हुए काफी रोमांचित हैं। पोस्ट में कहा गया है कि यह परियोजना 4,000 घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को निर्बाध हाइड्रोजन-मिश्रित प्राकृतिक गैस प्रदान करेगी। वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी गुजरात के सूरत जिले के कवास में घरों को हरित हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करती है। गेल (इंडिया) लिमिटेड भी मध्य प्रदेश के इंदौर में ग्रे हाइड्रोजन के साथ सीएनजी की आपूर्ति के लिए एक छोटी पायलट परियोजना पर काम कर रही है।

# आरबीआई के ब्याज दर और एफआईआई के रुख तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

### घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ब्याज दर पर निर्णय, पश्चिम एशिया के संघर्ष और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे, घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे। पिछले सप्ताह पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी। बाजार के विश्लेषक कहते हैं कि घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर रहेगी। एमपीसी की बैठक सात अक्टूबर को शुरू होगी। तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा बुधवार यानी नौ अक्टूबर को की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों का सत्र टीसीएस के साथ शुरू हो रहा है। घरेलू मोर्चे पर तरलता की स्थिति मजबूत बनी हुई है। ऐसे में अधिक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों से नकदी का प्रवाह आकर्षक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों की ओर हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिंस कीमतें, अमेरिकी डॉलर सूचकांक और अमेरिका के महत्वपूर्ण वृहद आंकड़े भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के एक शोध प्रमुख ने कहा कि निफ्टी और सेंसेक्स दोनों के लिए क्रमशः 26,000 और 85,000 अंक के नए मील के पत्थर कुछ समय के लिए थे, क्योंकि पश्चिम एशिया की वजह से लगे झटकों और विदेशी कोषों द्वारा कुछ कम मूल्यांकन वाले एशियाई बाजारों की ओर रुख करने से बाजार प्रभावित हुआ। इससे बाजार में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच पांच दिन में निवेशकों की पूंजी 16.26 लाख करोड़ रुपये घट गई। बाजार का रुख प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा। सप्ताह के दौरान आरबीआई का ब्याज दर पर निर्णय आना है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आएंगे। साथ ही अमेरिका में फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा, बेरोजगारी आंकड़े और अमेरिका के जीडीपी आंकड़े भी आने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) ने कहा कि निवेशकों की निगाह भू-राजनीतिक घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव पर रहेगी। विदेशी कोषों के प्रवाह के अलावा घरेलू प्रवाह भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। घरेलू मोर्चे पर सभी की निगाह एमपीसी की बैठक पर है। इस बैठक के नतीजों की घोषणा नौ अक्टूबर को होगी। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी और जन्माष्टमी के दौरान कंपनी ने बिक्री में अच्छी वृद्धि दर्ज की। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपने मासिक बिक्री विवरण में कहा कि सितंबर के अंत में पंजीकरण में तेजी आई है। यह आगामी त्योहारी सत्र की दृष्टि से अच्छा है।

## एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयरों से 27,142 करोड़ निकाले

नई दिल्ली (ईएमएस)। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण अक्टूबर के पहले तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों से 27,142 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का निवेश नौ महीने के उच्च स्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। अप्रैल-मई में शेयरों से 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर अन्य महीनों में एफपीआई शुद्ध लिवाल रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रम और ब्याज दरों की भविष्य की दिशा जैसे कारक आगे भारतीय बाजार में एफपीआई के निवेश की दिशा तय करेंगे।

# हिंडाल्को, जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में तांबा खदान प्राप्त करने की दौड़ में शामिल

### नीलामी इसी माह में ही होने की संभावना



नई दिल्ली (ईएमएस)। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में दो तांबे की खदानों को हासिल करने की दौड़ में शामिल हो गई हैं। इन खानों को इसी महीने बिक्री के लिए रखा जाएगा। दोनों खदानों की कुल क्षमता सालाना 30 लाख टन की है। सूत्रों ने कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील झारखंड में सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की दो तांबा खदानों के अधिग्रहण की दौड़ में हैं। दोनों खदानों की नीलामी अक्टूबर में ही होने की संभावना है। इनमें से एक ब्लॉक नया है, जबकि दूसरा पिछले 20 साल से बंद है। हिंदुस्तान कॉपर ने पहले राखा तांबा खान को फिर से खोलने और उसका विस्तार करने और चापरी में भूमिगत खदान के विकास और संचालन के लिए खान डेवलपर-सह-परिचालक (एमडीओ) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। हिंदुस्तान कॉपर ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा था कि राखा खनन पट्टा 2021 में समाप्त हो गया। खनन पट्टे के विस्तार का कार्य झारखंड सरकार के साथ प्रगति पर है, इसके अलावा खनन पट्टे के तहत शेष वन क्षेत्र पर चरण एक की वन मंजूरी देने के लिए आवेदन को परियोजना जांच समिति द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। राज्य वन विभाग के विभिन्न अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण पूरा हो चुका है। हिंदुस्तान कॉपर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल मे कहा था कि कंपनी खदान उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 1.22 करोड़ टन सालाना करने के लिए विस्तार परियोजनाओं को लागू कर रही है। इस कदम से तांबे के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 37.8 लाख टन अयस्क का उत्पादन किया, जो वित्त वर्ष 2022-23 के 33.5 लाख से 13 प्रतिशत अधिक है।

## अमेरिका के बाद अमूल अब यूरोपीय बाजार में करेगा प्रवेश

जमशेदपुर (ईएमएस)। अमूल और गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमूल द्वारा हाल ही में अमेरिका में पेश किया गया दूध बेहद सफल रहा है और अब वह यूरोपीय बाजार में प्रवेश करने के लिए तैयार है। हाल ही में यहां निजी व्यवसाय प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई द्वारा आयोजित 'अमूल मॉडलः लाखों के जीवन में बदलाव' विषय पर 11वें डॉ. वर्गीज कुरियन स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है और आगामी वर्षों में दुनिया के कुल दूध उत्पादन का एक-तिहाई भारत में होगा। डेयरी सिर्फ एक कारोबार नहीं है, यह ग्रामीण भारत के लिए जीवन रेखा है। अमेरिका में अमूल द्वारा हाल ही में पेश किए गए दूध के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह बेहद सफल रहा है, और अब वे पहली बार यूरोपीय बाजार में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रासंगिक बने रहने के लिए अमूल प्रोटीन युक्त, ऑर्गेनिक और रसायन मुक्त उत्पादों की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने अमूल के संस्थापक डॉ. कुरियन द्वारा विकसित परिवेश की सराहना की।

## एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयरों से 27,142 करोड़ निकाले

नई दिल्ली (ईएमएस)। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण अक्टूबर के पहले तीन कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों से 27,142 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का निवेश नौ महीने के उच्च स्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। अप्रैल-मई में शेयरों से 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर अन्य महीनों में एफपीआई शुद्ध लिवाल रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रम और ब्याज दरों की भविष्य की दिशा जैसे कारक आगे भारतीय बाजार में एफपीआई के निवेश की दिशा तय करेंगे। आंकड़ों के अनुसार एक से चार अक्टूबर के बीच एफपीआई ने शेयरों से 27,142 करोड़ रुपये निकाले हैं। दो अक्टूबर को 'गांधी जयंती' के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहे थे। ऋण या बॉन्ड बाजार की बात करें, तो समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने सामान्य सीमा के माध्यम से 900 करोड़ निकाले हैं और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) के माध्यम से 190 करोड़ रुपये का निवेश किया है।इस साल अबतक एफपीआई ने शेयरों में 73,468 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 1.09 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# कार कंपनियां त्योहारी सत्र पर बिक्री में अच्छी वृद्धि की कर रही उम्मीद



नई दिल्ली। देश की प्रमुख वाहन कंपनियां मौजूदा त्योहारी सत्र के दौरान अपनी बिक्री में अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। त्योहारी सत्र ओणम से शुरू होकर दिवाली पर समाप्त होता है। किआ इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 3-4 महीने उद्योग के लिए अच्छे नहीं रहे हैं क्योंकि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बिक्री में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों की दबी मांग और सरकारी निवेश के आने से हमें लगता है कि यहां से चीजें सुधरनी शुरू हो जाएंगी। बरार ने कहा कि सितंबर में बुकिंग की रफ्तार अच्छी रही है और इससे अक्टूबर के लिए अच्छा संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार सभी त्योहार अक्टूबर में हैं। हम अक्टूबर में अपनी बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पांच से 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। बरार ने कहा कि जनवरी-अप्रैल की अवधि में यात्री वाहन उद्योग में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी, लेकिन मई-सितंबर में इसमें लगभग दो-तीन प्रतिशत की गिरावट आई। निसान मोटर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूरा उद्योग तीन मुश्किल महीनों के बाद त्योहारी सत्र में कुछ रौनक की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक चुनौतीपूर्ण अवधि रही है। त्योहारी सत्र से तय होगा कि तिमाही कैसी रहेगी। और तिमाही से तय होगा कि साल के शेष महीने कैसे रहेंगे। उन्होंने कहा कि हर कोई त्योहारी सत्र का इंतजार कर रहा है, खासकर उद्योग के लोग। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी में ग्राहकों की संख्या और पूछताछ में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमारे रणनीतिक परिचालन में सुधार महत्वपूर्ण है। जैसे कि हमने तीसरी पाली शुरू की है। इससे हमारी आपूर्ति क्षमता का महत्तम इस्तेमाल हो रहा है। खासकर बड़ी मांग वाले मॉडल मसलन अर्बन क्रूजर हाइराइडर आदि के मामले में। इसके मामले में प्रतीक्षा अवधि कम हुई है।

## घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग राजस्व नौ फीसदी तक बढ़ सकता हैः आईसीआरए



नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग को चालू वित्त वर्ष में राजस्व में नौ प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि संगठित सड़क लॉजिस्टिक्स रिपोर्ट में पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 4.6 प्रतशत की वृद्धि हुई थी। इक्रा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में इस उद्योग का राजस्व 23,273 करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट के अनुसार इक्रा को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय सड़क लॉजिस्टिक्स उद्योग का राजस्व सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। एजेंसी ने कहा कि ई-कॉमर्स, एफएमसीजी, खुदरा, रसायन, फार्मास्यूटिकल्स और औद्योगिक वस्तुओं जैसे क्षेत्रों से अच्छी मांग, विभिन्न सरकारी उपायों और नीतियों से इस क्षेत्र के लिए एक स्थिर दृष्टिकोण बना हुआ है। इक्रा लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उच्च मुद्रास्फीति, असमान मानसून, अपेक्षाकृत फीका त्योहारी सत्र और बढ़ती ब्याज दर के बीच अपेक्षाकृत सुस्त मांग के कारण वृद्धि धीमी रही थी।

# कम आपूर्ति के बीच आयातित पामोलीन तेल की कीमतें सुधरीं



नई दिल्ली (ईएमएस)। आयात के कम आर्डर रहने की वजह से कम आपूर्ति की स्थिति के बीच शनिवार को देश के थोक तेल-तिलहन बाजार में पामोलीन तेल कीमतों में मजबूती दर्ज हुई। सहकारी संस्था नेफेड की बिकवाली के बीच आपूर्ति बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई जबकि बाकी खाद्यतेल- तिलहनों के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए।बाजार सूत्रों ने कहा कि हाजिर बाजार में माल की कमी के बीच कच्चा पामतेल (सीपीओ) का भाव जस का तस बना हुआ है। इसके भाव अधिक हैं और इस वजह से इसके आयात के आर्डर में गिरावट देखी गई जिससे खाद्यतेलों की आपूर्ति का संतुलन बिगड़ गया। लेकिन सीपीओ की कमी और त्योहारों की मांग देखते हुए जो आयात के आर्डर की लदान सितंबर के अंतिम दिनों या अक्टूबर के आरंभ में हुआ है, वह माल 15 अक्टूबर के बाद देश में पहुंचेगा। सीपीओ की इस कमी के बीच उसका प्रसंस्करण कर बनाये जाने वाले पामोलीन तेल का दाम मजबूत बंद हुआ। शनिवार को सोयाबीन तेल-तिलहन, ऊंचे दाम पर कम कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और कच्चा पामतेल (सीपीओ) के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। सरसों तिलहन 6,750-6,800 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,300-6,575 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 14,850 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,250-2,550 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 14,075 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी- 2,190-2,290 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,190-2,305 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 13,500 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,800 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 12,500 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 12,850 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 13,900 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला 12,900 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,685-4,735 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,450-4,695 रुपये प्रति क्विंटल, मक्का खल (सरिस्का)- 4,225 रुपये प्रति क्विंटल।

# बाजार में बड़ी गिरावट को क्यों अच्छा बता रहे एक्सपर्ट!




नई दिल्ली (ईएमएस)। शेयर बाजार ने पिछले कारोबारी हफ्ते में बड़ी गिरावट देखी है। 5 दिन में 4100 अंक नीचे आने के बाद सेंसेक्स अभी 81700 के करीब आ गया है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में इस दौरान 16 लाख करोड़ से ज्यादा की गिरावट आई है। ऐसा माना जा रहा है कि अभी ये गिरावट और जारी रह सकती है। ईरान-इजरायल संकट पहले से ही बाजार को नीचे खींच रहे थे और अब हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के चुनावों के नतीजे भी इसमें योगदान देने के लिए तैयार बैठे लग रहे हैं। एक तरफ जहां निवेशक आगामी संभावि गिरावट से सहमे बैठे हैं तो वहीं विशेषज्ञ इससे बहुत ज्यादा घबराते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल्स के एक अधिकारी ने एक इंटरव्यू में ज्यागा करेक्शन को फिलहाल बेहतर बताया। उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में अगर बाजार खुद को करेक्ट (गिरावट) करता है तो यह निवेशकों, विशेषकर रिटेल निवेशकों के लिए बेहतर होगा।

उनका कहना है कि इससे बाजार अभी के मुकाबले अधिक सुरक्षित हो जाएगा। उनका कहना है कि पहले मार्केट में काफी बड़ी गिरावट देखने को मिलती थी। बकौल शाह, हर 13-14 महीने में बाजार एक बार औसतन 20 फीसदी से ज्यादा नीचे आ जाता था। उन्होंने कहा कि साल में 2 से 3 बार ये 10 परसेंट करेक्ट होता था। शाह ने कहा कि अब बाजार में ये देखने को नहीं मिल रहा है। 2020 से हमने कोई 20 परसेंट की गिरावट नहीं देखी है और केवल 1 बार 10 फीसदी का करेक्शन आया है। हम बाजार में निष्ठा के साथ पैसा लगाने से पहले एक बार 10-20 फीसदी की गिरावट देखना चाहेंगे। ये बाजार को काफी सुरक्षित बना देगा।

## नए संकट में स्पाइसजेट, 5 अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने स्पाइसजेट के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह और चार अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन पर आरोप है कि कंपनी ने कर्मचारियों के प्रोविडेंट फंड (पीएफ) की 12 प्रतिशत कटौती की गई राशि उनके पीएफ खाते में जमा नहीं की। यह राशि लगभग 65 करोड़ रुपये की है। ईपीएफओ द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। स्पाइसजेट के ऊपर आरोप है कि जून 2022 से जुलाई 2024 के बीच कर्मचारियों के वेतन से पीएफ के 12 प्रतिशत हिस्से की कटौती की गई थी, जिसे 15 अगस्त 2024 तक जमा किया जाना था. लेकिन कंपनी ने इसे जमा नहीं किया। एफआईआर में कंपनी के एमडी अजय सिंह, निदेशक शिवानी सिंह, स्वतंत्र निदेशक अनुराग भार्गव और दो अन्य अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ईरानी हमलों का जवाब देना इजराइल का कर्तव्य : नेतन्याहू

तेल अवीव,(ईएमएस)। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फिर ईरान के मिसाइल हमलों का जवाब देने की बात कही है। उन्होंने तेल अवीव में सैन्य मुख्यालय से बोलते हुए कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपने शहरों और नागरिकों पर इस तरह के हमलों को स्वीकार नहीं करेगा और इजराइल भी ऐसा नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इन हमलों का जवाब देना इजराइल न केवल कर्तव्य है, बल्कि अधिकार भी है।इससे पहले मंगलवार को ईरान ने करीब 200 बैलिस्टिक मिसाइल इजराइल पर दागे थे। इजराइली डिफेंस सिस्टम ने ज्यादातर मिसाइलों को नष्ट कर दिया था। कुछ मिसाइलें गिरी थीं। ईरानी पत्रकार ने दावा किया था कि इसमें इजराइल को नुकसान हुआ है लेकिन वह छिपा रहा है। हालांकि, कुछ मिसाइलों ने इजरायल में विशेषकर इजराइली एयरबेस को नुकसान पहुंचा था। इजराइली सेना ने कहा कि इस हमले में कोई विमान या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं हुआ है।नेतन्याहू ने उत्तरी इजराइल के नागरिकों को उनके घरों में वापस भेजने का वादा करते हुए कहा कि करीब एक महीने पहले जैसे ही हम गाजा में हमास के बटालियनों को नष्ट करने के अंत में पहुंचे, हमने उत्तर के लोगों से किया गया वादा पूरा किया। उन्होंने हिजबुल्लाह के नेताओं को खत्म करने का भी दावा किया।नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने हिजबुल्लाह के मिसाइल और रॉकेट भंडार का एक बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इजराइली सैनिक हिजबुल्लाह की ओर से बनाई गई सुरंगों को नष्ट कर रहे हैं, लेकिन इस कार्य को अभी पूरा नहीं किया गया है। इस बीच नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर भी निशाना साधा, मैक्रों ने इजराइल को हथियार सप्लाई नहीं करने की बात कही थी। नेतन्याहू ने कहा कि राष्ट्रपति को ऐसा बयान देते समय सोचना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि चाहे हथियार मिले या न मिले, इजरायल की जीत तय है।

### हैरिस के समर्थन में 10 अक्टूबर से ओबामा शुरु करेंगे चुनावी अभियान

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा 10 अक्टूबर से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के लिए चुनाव प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और हैरिस को जीत दिलाने लोगों से अपील करेंगे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ओबामा चुनाव प्रचार के दिन कमला हैरिस को उनके अभियान में मदद करेंगे। ओबामा प्रमुख राज्यों में भाषण देंगे इसकी योजना तैयार कर ली गई है, जिनमें से पहला पेंसिल्वेनिया, हैरिस के अभियान के एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि हैरिस के कुछ कर्मचारियों सहित डेमोक्रेट चिंतित थे कि उपराष्ट्रपति पर्याप्त अभियान कार्यक्रम आयोजित नहीं कर रहे थे, जिससे उन्हें चुनाव में नुकसान हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर को होना है। डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस करेंगी और रिपब्लिकन पार्टी का प्रतिनिधित्व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प करेंगे।

### इजराइली हमले में मरने वालों की संख्या 21 हुई

गाजा,(ईएमएस)। मध्य गाजा पट्टी के दीर अल बलाह शहर में विस्थापित लोगों की एक मस्जिद पर इजराइल ने हमला कर दिया। इस हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। मीडिया रिपोर्ट में सफ़ा ने पहले 13 लोगों की मौत की सूचना दी थी। इजराइल रक्षा बलों ने शनिवार रात गाजा पट्टी के दीर अल बलाह शहर में इब्न रुश्द स्कूल और शुहादा अल-अक्सा मस्जिद पर हमला कर दिया। इजराइल का कहना है कि यह फिलिस्तीनी आंदोलन हमास का कमांड सेंटर बना हुआ था।

### इमरान हुए 72 के, प्रशंसकों और राजनेताओं ने दी बधाई

-समर्थकों ने की पाकिस्तान के पूर्व पीएम को जेल से रिहा करने की मांग

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के पूर्व पीएम और मशहूर क्रिकेटर खिलाड़ी इमरान खान 72 साल के हो गए हैं। इमरान के समर्थकों ने उन्हें जेल से रिहा करने और 'न्यायपालिका की स्वतंत्रता' की मांग करते हुए एक रैली निकालने के लिए इस्लामाबाद की ओर कूच किया। सोशल मीडिया मंच पर उनके प्रशंसकों और राजनीतिक समर्थकों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते 'हैप्पी बर्थडे इमरान खान'' कहा।उन्होंने इमरान की क्रिकेट खेलने के दौरान की तस्वीरें और वीडियो भी साझा किए हैं। इमरान खान 18 अगस्त 2018 से नौ अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के पीएम रहे थे क्योंकि उन्हें अविश्वास प्रस्ताव के बाद पद से हटा दिया गया था। उन्हें पिछले साल 5 अगस्त को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया था। उसके बाद उनके खिलाफ एक के बाद एक कई मामले दर्ज किए गए और उनमें से कुछ में उन्हें दोषी करार दिया गया। वह एक साल से ज्यादा समय से जेल में बंद हैं। इमरान का जन्मदिन ऐसे समय में मनाया गया है जब उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस्लामाबाद के डी चौक और लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान पर प्रदर्शन करने का फैसला किया है। पीटीआई प्रदर्शन न कर सकें, इसलिए वहां सेना को बुलाया गया।

### यूक्रेन ने रूसी लड़ाकू विमान मार गिराया

कीव,(ईएमएस)। यूक्रेनी सेना ने दावा किया है कि उसने डोनेट्स्क प्रांत के कोस्टियनटिनिव्का शहर के पास एक रूसी लड़ाकू विमान को मार गिराया है। यह विमान एक घर पर गिरा, जिसके बाद उसमें आग लग गई। स्थानीय सैन्य प्रशासन प्रमुख सेरही होरबुनोव के मुताबिक, जले हुए विमान की तस्वीरें सामने आई हैं।वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है, कि उसने यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में स्थित जेलेन्ने द्रूहे गांव पर कब्जा कर लिया है। यह गांव डोनेट्स्क प्रांत में स्थित है, जिस पर आंशिक रूप से पहले से रूस का नियंत्रण है। रूस ने यह दावा तब किया है जब तीन दिन पहले यूक्रेनी सेना ने वुहलदार शहर से पीछे हटने की जानकारी दी थी। वुहलदार शहर जेलेन्ने द्रूहे से लगभग 33 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।हालांकि, यूक्रेनी अधिकारियों ने अभी तक रूस के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। विशेषज्ञों का मानना है कि वुहलदार की हार कीव के लिए एक महत्वपूर्ण झटका हो सकता है, लेकिन इससे युद्ध के व्यापक हालात में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। यूक्रेन ने रुसी विमान मार गिराने का दावा शनिवार को किया, जबकि रुस ने यूक्रेन के एक गांव पर कब्जा कर लिया है।

### हेलेन तूफान से अमेरिका में मरने वालों की संख्या 227 पहुंची



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में आए हेलेन तूफान से खासी तबाही हुई है, वहीं इसके प्रभाव से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर शनिवार को 227 हो गई। इस तूफान का सबसे ज्यादा असर अमेरिका के दक्षिण-पूर्व में देखा गया, जबकि छह राज्यों में अनेक लोगों की मौत हो गई। अमेरिका में आए हेलेन तूफान के कारण चहुंओर तबाही का मंजर देखने में आया है। इस तूफान के कारण मारे गए लोगों के शवों को तलाशने और निकालने का कार्य एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी जारी है। बताते चलें कि तूफान 'हेलेन' 26 सितंबर को तट पर आया था। इसके बाद तूफान फ्लोरिडा से उत्तर की ओर बढ़ गया था, जहां पर व्यापक पैमाने पर विनाश हुआ है। तूफान के कारण हुई भीषण वर्षा में अनेक मकान या तो ढह गए या फिर पानी के साथ बह गए। अनेक सड़क मार्ग नष्ट हो गए और बिजली एवं मोबाइल फोन सेवाएं ठप प्रायः हो गईं। विभागीय जानकारी में बताया गया कि हेलेन तूफान में मारे गए लोगों की संख्या शुक्रवार को 225 थी, इसके अगले शनिवार को साउथ कैरोलाइना में दो और शव मिलने के बाद यह संख्या 227 पहुंच गई है। फिलहाल यह नहीं बताया जा सका है कि तूफान के कारण कितने लोग लापता हुए हैं, लेकिन तलाशी अभियान जारी है। ऐसे में यह आशंका भी जाहिर नहीं की जा सकती है कि मतकों की संख्या आगे और कितनी बढ़ने वाली है। हेलेन ने 2005 में आए कैटरीना तूफान की याद ताजा करा दी है, जो कि अमेरिका की भूमि पर आने वाले सबसे भयंकर तूफानों में से एक था।

# ईरान के पास कौन से हथियार, जो इजराइल के लिए चुनौती



तेहरान (ईएमएस)। मध्य पूर्व में तनाव चरम पर है। ईरान ने इजरायल पर बड़ा हमला किया था। इसके बाद यहूदी राष्ट्र ने भी बदला लेने की शपथ ली है। इसके बाद आशंका है कि इन दोनों देशों के बीच यदि युद्ध छिड़ता है, तब यह एक बड़े क्षेत्रीय संघर्ष का रूप ले लेगा जोकि पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है। इस बीच सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या इजरायल ईरान से कमजोर पड़ रहा है? ईरान कितना ताकतवर है? ईरान के हमलों के बाद क्या इजरायल चुप बैठेगा? क्या ये हमला हिज्बुल्लाह संगठन प्रमुख नसरुल्लाह की मौत का बदला है?ईरान की एजेंसी ने कहा था कि ईरान के 90 प्रतिशत हमले सफल हुए हैं और निशाने पर लगे हैं। इस बीच जानते हैं कि ईरान के पास कौन से ताकतवर हथियार हैं जो इजरायल के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के पास कई ताकतवर हथियार हैं, जिसमें अबू महदी मिसाइल, फतह हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल, मुहाजिर-10 ड्रोन, सेवोम खोरदाद और सैय्यद बख्तरबंद लड़ाकू वाहन शामिल है। ईरान के ये हथियार इजरायल के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं। ईरान की अबू महदी मिसाइल समुद्र, जमीन और हवा से लांच की जा सकती है। इस मिसाइल की रेंज एक हजार किमी से अधिक है। यह मिसाइल कई गति सीमाओं पर उड़ान भर सकती है। वहीं ईरान की 1400 किमी रेंज वाली फतह-1 हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल 13 से 15 मैक तक की रफ्तार पकड़ सकती है। ये मिसाइल उड़ान में पैंतरेबाजी कर सकती है।इसके साथ ईरान के पास मुहाजिर-10 ड्रोन है जो 24 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है। इसकी रेंज दो हजार किमी है। यह 210 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। इतना ही नहीं यह ड्रोन तीन हजार किलोग्राम तक का वॉरहेड ले जा सकता है और सात हजार मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। सेवोम खोरदाद, ईरान की एक मध्यम दूरी की वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली है। यह एयर डिफेंस सिस्टम एक साथ 350 किमी तक की दूरी पर 100 लक्ष्यों को ट्रैक करके उनमें से चार को निशाना बना सकता है। ईरान ने अपने एयर डिफेंस की ताकत जून 2019 को अमेरिका को दिखाई थी।साथ ही ईरान पर सैय्यद एक बख्तरबंद लड़ाकू वाहन है। इस लड़ाकू वाहन को इसतरह से डिजाइन किया गया कि युद्ध के मैदान में दुश्मनों के खिलाफ प्रभावी ढंग से लड़ा जा सके। इसका उद्देश्य सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और दुश्मन पर प्रभावी हमला करना है, इस उच्च सुरक्षा और फायरपावर के साथ विकसित किया गया है। बता दें कि ईरान के पास ताकतवर हथियार हैं जो उसे एक महत्वपूर्ण सैन्य शक्ति बनाती हैं। लेकिन इजरायल भी अपनी सुरक्षा के लिए तत्पर रहता है। इजरायल के पास भी आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग और अन्य मिसाइल रक्षा प्रणालियां हैं, जो उसे संभावित हवाई हमलों से बचाने में मदद करती हैं।

### इजराइल ने सेंट्रल गाजा में मस्जिद पर किया हमला

गाजा (ईएमएस)। इजराइल द्वारा सेंट्रल ग़ज़ा के दैर-अल-बलाह में एक मस्जिद को निशाना बनाए जाने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। हमास के मेडिकल कर्मियों के अनुसार, इस हमले में कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं। मस्जिद में विस्थापित लोगों ने शरण ली हुई थी, जिससे इस हमले की विभीषिका और बढ़ गई है। इजराइल ने दावा किया है कि उसने हमास के कमांड ठिकानों को निशाना बनाया है। हालाँकि, फ़लस्तीनी मीडिया ने बताया कि उत्तरी ग़ज़ा के बैत लाहिया और जबालिया के नज़दीक भारी बमबारी हुई, जिसमें भी कई लोगों की जान चली गई। इजराइली सेना का कहना है कि उन्होंने जबालिया में यूएन के कंपाउंड के पास हमास के ठिकानों पर हमला किया था। इस बढ़ती हिंसा और बमबारी से ग़ज़ा के आम नागरिकों में दहशत का माहौल है, और राहत प्रयासों के बावजूद मानव जीवन की हानि लगातार जारी है।

# पश्चिमी देशों को नेतन्याहू की दो टूक, आपके समर्थन के साथ या उसके बिना जीतेंगे



येरूशलम। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की आलोचना की है। मैक्रॉन ने एक रेडियो साक्षात्कार में इजरायल को हथियारों की आपूर्ति रोकने का आह्वान किया था और कहा था कि सभी सभ्य देशों को दृढ़ रहना चाहिए। नेतन्याहू ने इसे शर्मनाक करार दिया। सवाल किया कि क्या उनकी तरह ईरान हिजबुल्लाह, हूती, हमास और उसके सहयोगियों पर हथियार प्रतिबंध लगा रहा है? नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा, मैक्रॉन और अन्य पश्चिमी नेता अब इजरायल के खिलाफ हथियार प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं, और जोर देकर कहा कि इजरायल उनके समर्थन के साथ या उसके बिना जीतेगा।उन्होंने कड़े शब्दों में कहा, लेकिन युद्ध जीतने के बाद भी उनकी शर्मिंदगी लंबे समय तक जारी रहेगी। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल आज सभ्यता के दुश्मनों के खिलाफ सात मोर्चों पर अपना बचाव कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, क्या ईरान हिजबुल्लाह, हूती, हमास और उसके अन्य सहयोगियों पर हथियार प्रतिबंध लगा रहा है? बिल्कुल नहीं। ये सब साथ खड़े हैं। लेकिन जो देश कथित तौर पर इस आतंकी संगठनों का विरोध करते हैं, वे इजरायल पर हथियार प्रतिबंध लगाने का आह्वान करते हैं। नेतन्याहू ने दावा किया कि इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह की मिसाइल और रॉकेट क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना सीमा के पास लेबनानी समूह की सुरंग प्रणाली को नष्ट कर रही है। हालांकि खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन हमने संघर्ष का संतुलन बदल दिया है। लगभग एक महीने पहले, जैसे ही हम गाजा में हमास बटालियनों को नष्ट करने के अंत के करीब पहुंचे, हमने उत्तरी इजरायल के निवासियों से किए गए वादे को पूरा करना शुरू कर दिया। 23 सितंबर से, इजरायली सेना ने पूरे लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई नागरिक हताहत हुए हैं और कई क्षेत्रों से निवासियों को विस्थापित होना पड़ा है। हवाई हमलों में समूह के महासचिव हसन नसरल्लाह सहित प्रमुख हिजबुल्लाह नेताओं को भी निशाना बनाया गया और उनकी हत्या कर दी गई। इसके अलावा, इजरायल ने लेबनान में एक सीमित जमीनी अभियान शुरू किया है।

### हमलों में अब तक 440 हिजबुल्लाह लड़ाके ढेर, इजराइल और बढ़ाएगा दबाव

येरुशलम,(ईएमएस)। इजराइली सेना आईडीएफ ने हिजबुल्लाह कमांड सेंटर्स को निशाना बना रही है। इसके अलावा हथियारों की धरपकड़ के साथ-साथ टनल्स में भी अभियान चलाया जा रहा है। इजराइली सेना ने कहा है कि ग्राउंड ऑपरेशन शुरू करने से अब तक उसने 440 हिजबुल्लाह आतंकियों को मार दिया गया है।आईडीएफ चीफ ने एक बयान में कहा कि हिजबुल्लाह पर बनाया गया दबाव जारी रहेगा। दुश्मन को और ज्यादा नुकसान पहुंचाने के लिए दबाव को और बढ़ाया जाएगा। उन्हें किसी तरह की कोई राहत नहीं देने वाले हैं। इजराइली सेना ने बताया है कि उसने हिजबुल्लाह के एक कमांड सेंटर को निशाना बनाया है। यह कमांड सेंटर दक्षिणी लेबनान के बिंट जेबिल में था।वहीं, हिजबुल्लाह के रॉकेट हमले में उत्तरी अरब गांव में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक इन लोगों को नाहरिया के गैलिली मेडिकल सेंटर में ले जाया गया। इसके अलावा कई अन्य जगहों से रॉकेट हमले हुए है। कारमील और डेर अल-असल में रॉकेट्स ने अपार्टमेंट और बिल्डिंग्स को भी नुकसान पहुंचाया है। लेबनान की तरफ से हाएफा बे एरिया में भी रॉकेट दागे गए थे।बता दें कि इजराइल ने शनिवार को बेरुत के दक्षिणी उपनगरों पर 12 हवाई हमले किए। उसने पहली बार उत्तरी लेबनान में एक फलस्तीनी शरणार्थी शिविर को भी निशाना बनाया। फिलस्तीनी चरमपंथी समूह ने एक बयान में कहा कि उत्तरी शहर त्रिपोली के पास बेदावी शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में हमास के सैन्य प्रकोष्ठ के एक अधिकारी, उनकी पत्नी और दो बेटियों की मौत हो गई।

# कनाडा में 100 साल पुरानी बिल्डिंग में आग, संदेह पैदा कर रही



ओटावा (ईएमएस)। कनाडा के ओल्ड मॉन्ट्रियल इलाके में एक पुरानी बिल्डिंग में बने हॉस्टल में आग लग गई। आग लगाने की घटना में कम से कम दो लोगों की मौत हुई। पुलिस के मुताबिक सुबह लगभग 2 बजे तीन मंजिला इमारत में आग लगी। पुलिस ने बताया कि आग संदिग्ध प्रकृति की है और इसके लगने की वजह अभी साफ नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, आग ने 100 वर्ष पुरानी तीन मंजिला इमारत को पूरी तरह नष्ट कर दिया। बिल्डिंग के दूसरे और तीसरे तल पर ले 402 नाम का होस्टल और मुख्य तल पर एक रेस्टोरेंट था।रिपोर्ट के मुताबिक, नगर निगम के टैक्स रिकॉर्ड से साफ होता है कि इमारत का मालिक एमिल-हैम बेनामोर है, जिसने 2021 में इसमें 20 कमरों वाला होटल बनाने की अनुमति मांगी थी। यही शख्स प्लेस डीयूविल की इमारत का भी मालिक था, जहां मार्च 2023 में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई थी।रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को आग की चपेट में आई इमारत, 1923 में बनी थी। इसमें ही ले 402 हॉस्टल था। हॉस्टल के बारे में कई ऑनलाइन रिव्यू में अन्य मुद्दों के अलावा बिना खिड़कियों के कमरों का उल्लेख किया गया। लेकिन अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता मार्टिन गिलबॉल्ट ने बताया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इमारत के 19 कमरों में से कोई भी बिना खिड़कियों वाला था। मॉन्ट्रियल के सार्वजनिक सुरक्षा आयोग के उपाध्यक्ष और नगर पार्षद अब्देलहक सारी ने कहा कि मॉन्ट्रियलवासियों के चिंतित होने का कारण है। सारी ने कहा, प्लेस डीयूविल आग के डेढ़ साल बाद हम उन्हीं सवालों का सामना कर रहे हैं, हमारे पास कोई जवाब नहीं है।

# भड़काऊं बातें करने वाला जाकिर नाइक हिंदू प्रोफेसर के सामने हुआ पानी-पानी

### गीता के दो श्लोक सुन सन्नाटे में चला गया

कराची (ईएमएस)। विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक गीता के दो श्लोक सुन सन्नाटे में चला गया। गैर मुसलमानों के लिए भड़काऊं बातें करने वाला जाकिर नाइक हिंदू धर्म और देवी देवताओं पर सैकड़ों नफरती भाषण दे चुका है। कट्टरपंथी मौलानाओं के लिए नाइक एक ऐसी ब्रेन वॉश मशीन है जिसका इस्तेमाल गैर मुसलमानों के लिए किया जाता है। लेकिन दुनियाभर में गैर मुसलमानों के खिलाफ जहर उगलने वाले जाकिर नाइक की बोलती एक हिंदू प्रोफेसर ने बंद कर दी। कराची में ये सब हुआ और जाकिर नाइक कुछ बोल भी नहीं सका।बीते दो दिनों से नाइक पाकिस्तान में है। नाइक ने मंच पर अनाथ बच्चियों को बेटी कहने पर नाराजगी जाहिर कर अपनी कट्टरपंथी सोच दिखा दी। एक ओर नाइक पाकिस्तान में अपनी कट्टरपंथी सोच को हवा दे रहा है, वहीं दूसरी ओर



पाकिस्तान में पूरी की पूरी सरकार उसके चरणों में नतमस्तक है। अब पाकिस्तान में खड़े होकर एक सनातनी ने जाकिर की कट्टरपंथी सोच पर जोरदार तमाचा जड़ा है। दरअसल, एक कार्यक्रम में नाइक शामिल हुआ था। उसी कार्यक्रम में मनोज चव्हाण नाम के प्रोफेसर भी थे। इन्होंने गीता के श्लोक पढ़ते हुए नाइक से कुछ सवाल पूछे जिनका जवाब जाकिर दे नहीं सका। भगवत गीता का हवाला देकर पूछा कि आखिर ये कौन सी सोच है, जो मजहब के नाम पर हिंसा और युद्ध कराना सिखाती है। सबसे पहले चव्हाण ने जाकिर नाइक को सनातन धर्म की सोच के बारे में बताया। पाकिस्तान में एक सनातनी के सवाल ने जाकिर के सोच और तकरीरों को कटघरे में खड़ा कर दिया। अमन को लेकर प्रोफेसर मनोज चव्हाण के सवालों के जवाब भी जाकिर ने उसी सोच के साथ दिया, जिसके लिए वहां जाना जाता है।

### अमेरिका राष्ट्रपति चुनावः संविधान को बचाने ट्रंप को जिताना ही होगाः एलन

पेनसिल्वेनिया,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की तारीख जैसे जैसे करीब आ रही है सियासी पारा भी चढ़ रहा है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया एक चुनावी रैली की। इस रैली में मंच पर ट्रंप के साथ टेस्ला के सीईओ एलन मस्क भी उनके साथ दिखाई दिए।मंच पर जाकर एलन मस्क ने ट्रंप के लिए समर्थन मांगा। इस चुनावी रैली में हजारों की संख्या में रिपब्लिकन पार्टी के समर्थक शामिल हुए। मंच से मस्क ने लोगों के सामने फाइट-फाइट और वोट-वोट के नारे लगाए। उन्होंने मंच पर आकर कहा कि संविधान को संरक्षित करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को जीतना होगा। हमारे जीवनकाल का यह सबसे अहम चुनाव है और अमेरिका में लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए ट्रंप को जिताना ही होगा। मस्क ने कहा कि डेमोक्रेट पार्टी लोगों से वोट देने के अधिकार को छीनना चाहते हैं।बता दें कुछ दिन पहले पेंसिल्वेनिया में इसी जगह पर चुनावी रैली के दौरान ट्रंप पर हमला किया गया था। ट्रंप ने गोलीबारी के बाद जहां से अपना भाषण छोड़ा था वहीं, से शुरू किया। ट्रंप ने जुलाई में हुई हत्या की कोशिश को याद करते हुए कहा कि मैं कभी हार नहीं मानूंगा। मैं कभी झुकूंगा नहीं। मैं कभी टूटूंगा नहीं। मैं कभी झुकूंगा नहीं, मौत के सामने भी नहीं।

### चंद्रमा पर समय की लड़ाई प्रतिस्पर्धा नहीं, वैश्विक वर्चस्व की रणनीति

वाशिंगटन (ईएमएस)। पिछले साल अगस्त में भारत ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर ऐतिहासिक कदम रखकर अंतरिक्ष अनुसंधान में नया अध्याय शुरू किया था। इसके साथ ही अन्य देशों अमेरिका, चीन, रूस और जापान भी चंद्रमा पर जाने के अपने-अपने मिशन की योजना बना रहे हैं। पृथ्वी पर हम सभी समय को आसानी से समझते हैं, लेकिन चांद पर क्या समय होगा? इसकी हमें जानकारी नहीं होती है। यह ऐसा सवाल है, जो तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है, बल्कि इसे लेकर अमेरिका और चीन में विवाद छिड़ गया है।

# अंतरिक्ष में उठने वाला है भयानक तूफान, धरती से टकराने के आसार



वॉशिंगटन(ईएमएस)। दुनिया के वैज्ञानिकों के लिए अंतरिक्ष में उठने वाला एक तूफान चिंता का विषय बन गया है। चिंता इसलिए है कि इस तूफान के पृथ्वी से टकराने के आसान बन रहे हैं। मई में आए शक्तिशाली सौर तूफान ने उत्तरी गोलार्ध में ऑरोरा डिस्प्ले का निर्माण किया। जब यह तूफान पृथ्वी की ओर आता है तो पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में एक बड़ी गड़बड़ी पैदा कर सकता है। इसे भू-चुंबकीय तूफान कहा जाता है। यह रेडियो ब्लैकआउट, बिजली की कटौती और ऑरोरा जैसे प्रभाव पैदा कर सकता है।हालांकि वे पृथ्वी पर किसी को भी सीधे नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, क्योंकि ग्रह का चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडल हमें इन तूफानों से सबसे खराब होने से बचाता है।अमेरिकी वैज्ञानिकों ने चेतावनी जारी की है कि यह बड़ा सौर तूफान पृथ्वी से टकराने वाला है। ऐसे में इस बात को भी समझने की आवश्यकता है कि यह भारत को कितना प्रभावित करेगा। नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि यह इलेक्ट्रॉनिक संचार को प्रभावित कर सकता है। आपको बता दें कि सौर तूफान, कणों, ऊर्जा, चुंबकीय क्षेत्रों और सामग्री का अचानक विस्फोट है जो सूर्य के कारण सौर मंडल में विस्फोट होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाला सौर तूफान दूरसंचार और उपग्रहों को बाधित कर सकता है। भारतीय वैज्ञानिक इस पर नजर बनाए हुए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के विशेषज्ञों ने कहा कि उन्होंने भारतीय उपग्रह ऑपरेटरों को सभी एहतियात बरतने के लिए सूचित किया है। अगले कुछ दिन पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि तूफान नीले ग्रह की ओर बढ़ रहा है।भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की डायरेक्टर डॉ. सुब्रमण्यन ने कहा, कुछ दिन पहले सौर उर्जा भड़क उठी थी। वह मई में हुई भड़क के समान ही शक्तिशाली है। इसलिए हम मैग्नेटोस्फीयर में किसी तरह के हस्तक्षेप की उम्मीद करेंगे। लेकिन हम इंतजार करना और देखना चाहेंगे क्योंकि पृथ्वी से टकराने में कुछ दिन लगते हैं। भविष्यवाणियां हैं कि ऐसा हो सकता है या नहीं भी हो सकता है, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा।

### सुनहरे उल्लू को जमीन से खोदकर निकालने का दावा



पेरिस (ईएमएस)। हाल ही में फ्रांस में एक व्यक्ति ने डिस्कॉर्ड फोरम पर घोषणा की कि उसने एक सुनहरे उल्लू को जमीन से खोदकर निकाला है, और अब कहीं भी इसे खोजने की कोशिश न की जाए। मिशेल बेकर नाम के एक शख्स ने लिखा, "हम आधिकारिक रूप से पुष्टि करते हैं कि सुनहरे उल्लू को ढूंढ लिया गया है। उसे जमीन के नीचे से खोदकर निकाला गया है। इसलिए अब किसी भी स्थान पर खुदाई करना व्यर्थ है। आप कहीं भी इस खजाने की तलाश न करें।" हालांकि, बेकर ने यह नहीं बताया कि उल्लू कहां पाया गया और इसे किसने खोजा। इस खोज की शुरुआत तब हुई जब 23 अप्रैल, 1993 को एक उपन्यासकार मैक्स वेलेंटाइन ने एक सीक्रेट लोकेशन पर सोने के उल्लू की पीतल वाली प्रतिकृति छिपाई थी। उन्होंने अपने उपन्यास में इस उल्लू तक पहुंचने का तरीका बताया था, जिसमें 11 पहेलियां थीं, जिनमें कुछ गणितीय सवाल, कुछ शाब्दिक खेल और कुछ ऐतिहासिक बातें शामिल थीं। इस उल्लू को तलाशने वाले को सोने के उल्लू का इनाम देने का भी वादा किया गया था। 2009 में वेलेंटाइन की मृत्यु के बाद, मिशेल बेकर ने इस खोज की जिम्मेदारी संभाली। तब से पूरे फ्रांस में लोग इस खजाने की तलाश में जुट गए थे, अपने घरों के आस-पास और जंगलों में खुदाई करते रहे। ऐसे खोजकर्ताओं को चौएटर्स कहा जाता था। इस सोने के उल्लू के अंदर एक गुप्त संदेश भी छिपा था, जिसे ढूंढने वाले को दिखाना अनिवार्य था। कई लोग तो इस खोज में इतना पागल हो गए कि उन्होंने अपनी आधी जिंदगी इसे खोजने में बिता दी। अब जब इस उल्लू के मिलने की खबर आई है, तो लोग हैरान हैं और उसकी एक झलक देखने की चाहत जता रहे हैं। इस खोज के दौरान, कुछ उपयोगकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि शायद इसे मेटल डिटेक्टर से खोजा गया होगा। इस घटनाक्रम ने पूरे देश को रोमांचित कर दिया है, और अब लोग जानने के लिए उत्सुक हैं कि आखिर यह सोने का उल्लू किस जगह से निकला। बता दें कि पिछले 31 वर्षों से फ्रांस में एक सोने के उल्लू की खोज चल रही थी, जिसे आखिरकार ढूंढ लिया गया है। भारत में इसे मां लक्ष्मी का वाहन माना जाता है और इसकी मौजूदगी से घर में खुशियों के आने की उम्मीद जताई जाती है।

# श्रीलंकाइ महिला टीम दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारी



**टी20 विश्व कप :**

शारजाह (ईएमएस)। श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम को टी20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में भी हार का सामन करना पड़ा है। श्रीलंकाई टीम को गत विजेता ऑस्ट्रेलिया टीम ने हराया। है। इस मुकाबले में श्रीलंकाई टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 93 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया टीम ने बेथ मूनी के 43 रनों की बेहतरीन पारी से 6 विकेट से 14.2 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। हर्षिता ने 35 गेंदों पर 23 जबकि निष्काशी ने 40 गेंदों पर 29 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेघन ने 4 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि हां, हमने अच्छी शुरुआत की है और मैं इससे खुश हूं। हमने हालातों के साथ बेहतर तालमेल दिखाय।

अब हमारा लक्ष्य अगले मैच में जीत दर्ज करना है। साथ ही कहा कि हम पूरे टूर्नामेंट में कुछ अलग चीजें आजमाएंगे। हमारी बल्लेबाजी लाइनअप अच्छा कर रही है पर गेंदबाज लय में नहीं दिखे।

वहीं श्रीलंकाई कप्तान चमारी अथापत्थु ने हार पर निराश होते हुए कहा कि हम पिछले 2 महीनों में अच्छा क्रिकेट खेल रहे थे, यहां तक कि वॉर्मअप में भी हमारा प्रदर्शन अच्छा था पर हम कम टर्न और उछाल वाली इन पिचों पर हमारी खिलाड़ी लंबी पारी नहीं खेल पायीं। मुझे उम्मीद है कि हम अपने अगले गेम में सुधार करेंगे।

## पाकिस्तान ने भारत को 106 रनों का लक्ष्य दिया

दुबई (ईएमएस)। पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम ने भारतीय टीम को जीत के लिए 106 रन का लक्ष्य दिया है। इस मैच में पाक टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 105 रन बनाये। पाक टीम की बल्लेबाज इस मैच में भारतीय गेंदबाजों के सामने दबाव में रही। केवल निदा डार ही 28 रन बना पायीं। अधिकतर खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पायीं।

वहीं भारतीय टीम की ओर से अरुंधति रेड्डी ने 3 जबकि श्रेयंका पाटिल ने 2 विकेट लिए। वहीं रेणुका ठाकुर, दीप्ति शर्मा, आशा सोभना ने एक-एक विकेट लिया।



**शंघाई में एटीपी टूर में रिटर्न शॉट लगाते हुए सर्बिया के नोवाक जोकोविच।**

## चीन ओपन : कोको गॉफ फाइनल में पहुंची

बीजिंग (ईएमएस)। अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ चीन ओपन के फाइनल में पहुंच गयी हैं। गॉफ ने इस मुकाबले के दौरान एक सेट से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए पाउला बडोसा को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया। इससे पहले भी गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने मैच जीते हैं। वापसी कर मैच को अपने नाम किया। गाफ बडोसा के खिलाफ शुरुआती सेट में हारने के बाद दूसरे सेट में भी 1-3 से पीछे हो गयी थी पर इसके बाद उसने कोई गलती नहीं की। गॉफ का सामना अब उसकी टक्कर चीन की झेंग किनवेन या चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा ।

धोनी का आईपीएल खेलना संदिग्ध, इस माह के अंत में होगा फैसला

मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 खेलने की संभावनाएं काफी कम हैं। माना जा रहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान धोनी इसी माह सीएसके अधिकारियों से मिलेंगे और अपना फैसला देंगे। इसका कारण है कि धोनी पांच साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर होने के कारण अब अनकैप्ड खिलाड़ियों की सूची में आ गये हैं।

सीएसके की एक रिपोर्ट में भी कहा गया है कि आगामी सत्र में एमएस धोनी का भाग लेना अभी तक तय नहीं है।

आईपीएल 2008 की मेगा नीलामी में सीएसके ने धोनी के साथ 6 करोड़ रुपये में करार किया था। वह उस समय से ही वह सीएसके टीम में बने हुए हैं। वह सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। इसके अलावा. उन्होंने 5000 से अधिक रन भी बनाए हैं। उनकी कप्तानी में सीएसके ने पांच बार खिताब जीता है। धोनी ने आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले ही कप्तानी छोड़ दी थी। उसके बाद रुतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया था।

बीसीसीआई के एक नियम के अनुसार अनकैप्ड खिलाड़ी को 4 करोड़ से अधिक की राशि में रिटेन नहीं किया जा सकता। ऐसे में ये धोनी के लिए काफी नुकसानदेह होगा क्योंकि उनके संन्यास लिए 5 साल से अधिक हो गये हैं।

## रिंकू सिंह ने बनवाया भगवान की योजना वाला टैटू

ग्वालियर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक क्रिकेटर रिंकू सिंह टैटू के खासे शौकीन हैं। रिंकू ने इस बार जो टैटू बनवाया है। वहीं अन्य से काफी अलग हैं। रिंकू ने कहा मेरी एक प्रसिद्ध कहावत है गॉड प्लान (ईश्वर की योजना)। मैंने अपना टैटू उसी के आधार पर डिजाइन किया है। इसमें भगवान की योजना शब्द एक वृत्त के अंदर लिखा हुआ है, जो सूर्य का प्रतीक है। साथ ही कहा कि टैटू मुख्य रुप से आईपीएल में मेरे 5 छक्कों का प्रतिनिधित्व है। इस मैच से मेरा जीवन बदल दिया। इसलिए मैंने सोचा कि मैं उन्हें टैटू में शामिल करूंगा।

रिंकू आईपीएल 2023 के दौरान लगातार लगाए गए 5 छक्कों से सबकी नजरों में आये थे। तब उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए अंतिम 5 गेंदों पर गुजरात टाइटंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल पर 5 छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। रिंकू ने उस सत्र के 14 मैचों में 149.53 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए, जिससे उन्हें भारतीय टीम में बुलाया गया। अगस्त 2023 में आयरलैंड के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से रिंकू भारत के लिए फिनिशर के रूप में उभरे हैं। उन्होंने 23 मैचों में 174.16 की स्ट्राइक-रेट से 418 रन बनाए हैं।

रिंकू अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने जुलाई में श्रीलंका दौरे पर वनडे में अपने पहले ओवर में एक विकेट और टी20ई में अपने पहले ओवर में दो विकेट लिए थे।

## दिल्ली फ्रेंचाइजी के हॉकी दिशक ने श्रीजेश

नई दिल्ली (ईएमएस)। भातीय हॉकी टीम के स्टार गोलकीपर रहे पीआर श्रीजेश को आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए दिल्ली फ्रेंचाइजी का हॉकी निदेशक बनाया गया है। इस लीग के लिए एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) ने एचआईएल के लिए दिल्ली टीम का अधिग्रहण कर उसे दिल्ली एसजी पाइपर्स नाम दिया है। ये लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी तथा दो स्थानों राउरकेला (पुरुष) और रांची (महिला) में आयोजित की जाएगी।

इसमें पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ टीमें होंगी जबकि पहली बार आयोजित होने वाली महिला स्पर्धा में छह टीमें भाग लेंगी। ये लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक खेली जाएगी। खेल की विश्व नियामक संस्था एफआईएच ने एचआईएल को 10 साल की अनुमति दी है। इस लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक यहां होगी। कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक इसमें शामिल होंगे। श्रीजेश लीग में खेल के प्रशासनिक पक्ष से जुड़ रहे हैं। श्रीजेश ने कहा, ''मेरे लिए यह पूरी तरह नया अनुभव होगा। पिछले महीने तक मैं एक सक्रिय खिलाड़ी था पर अब मैं एक अलग भूमिका में रहूंगा।'' उन्होंने कहा, '' अब मैं और नहीं खेलना चाहता बल्कि भारतीय हॉकी के लिए अगली पीढ़ी के विकास में मदद करना चाहता हूं।

## पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल एयर इंडिया पर भड़कीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्लेयर रानी रामपाल ने एयर इंडिया की लापरवाही की आलोचना की है! रानी ने सोशल मीडिया पर कहा कि विदेश से लौटते समय उसका लगेज टूटा हुआ मिला। रानी ने अपने टूटे सूटकेस की तस्वीर भी जारी की है। रानी अमेरिका और कनाडा में छुट्टियों के बाद स्वदेश लौटीं थीं। एयरपोर्ट पर जब उन्होंने बैगेज बेल्ट से अपना लगेज उठाया तो सूटकेस टूटा हुआ दिखा। रानी ने तंज कसते हुए कहा, इस शानदार सरप्राइज के लिए एयर इंडिया का शुक्रिया। आपका स्टाफ हमारे बैग के साथ ऐसा ही व्यवहार करता है। आज दोपहर कनाडा से भारत लौटते समय दिल्ली में उतरने के बाद मैंने पाया कि मेरा बैग टूटा हुआ है।

वहीं रानी की इस पोस्ट के बाद एयर इंडिया ने भी खेद जताते हुए उनसे उनकी उड़ान का विवरण मांग जिससे पता किया जा सके कि ये कैसे हुआ। पूर्व कप्तान को उम्मीद है कि इस मामले में रानी की शिकायत के बाद कई अन्य लोग भी सामने आये और उन्होंने कहा कि एयरइंडिया सामान की सही से देखभाल नहीं करता।

## रैना की सिक्सी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट में आक्रामक बल्लेबाजी

न्यूयार्क (ईएमएस)। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना आजकल अमेरिका में जारी सिक्सी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट में अपने आक्रामक बल्लेबाजी से छाये हुए हैं। रैना ने यहां आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत भी दिलायी है। इस टूर्नामेंट में वह न्यूयॉर्क लायंस की ओर से खेल रहे हैं। न्यूयॉर्क लायंस और लॉस एंजिलिस वेव्स के बीच खेले गये मुकाबले में रैना ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की गेंदों की भी जमकर पिटाई की ।रैना ने शाकिब के ओवर में दो छक्के लगा दिया। इसके अलावा चौका भी लगाया । शाकिब के ओवर से कुल 18 रन आए थे।

रैना की इस तेज पारी की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने 28 गेंद पर 53 रन बनाए। उनके बल्ले से इस पारी में 6 चौके और 3 छक्के देखने को मिले। रैना के कारण न्यूयॉर्क लायंस 19 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। निर्धारित 10 ओवर में न्यूयॉर्क ने 4 विकेट पर 126 रन ठोक बनाये। रैना ने उपुल थरंगा के साथ मिलकर 89 रन की साझेदारी की। इसके बाद अन्य बल्लेबाजों ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

## फीफा ने इजरायली फुटबॉल महासंघ को निलंबित करने से इंकार किया

फलस्तीनी फ़ुटबॉल ने की थी मांग

ज्यूरिख (ईएमएस)। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने इजरायल फुटबॉल महासंघ की सदस्यता समाप्त करने की मांग ठुकरा दी है। इससे पहले फलस्तीन ने मई में हुई फीफा की बैठक में इजरायल की सदस्यता निलंबित करने की मांग की थी। वहीं इस मामले में अब फैसला आया है। फीफा ने यहां आयोजित अपनी शीर्ष परिषद की बैठक के बाद कहा कि इजरायली फुटबॉल महासंघ को निलंबित नहीं किया हालांकि उसने कहा कि फलस्तीन के अधिकारियों द्वारा लगाए गए कथित भेदभाव के आरोपों की जांच की जाएगी।

फीफा ने कहा कि उसका एक सीनियर पैनल फलस्तीन के क्षेत्र में स्थित इजरायली फुटबॉल टीमों की इजरायली प्रतियोगिताओं में भागीदारी की जांच करेगा। वहीं फलस्तीन फ़ुटबॉल महासंघ अधिक समय से फीफा से वेस्ट बैंक की बस्तियों की टीमों को अपनी लीग में शामिल करने के लिए इज़रायली फ़ुटबॉल संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहा है।

## शिवम दुबे ने पसंदीदा कप्तान को लेकर दिये अपने जवाब से सभी को प्रभावित किया



मुम्बई (ईएमएस)। ऑलराउंडर शिवम दुबे से एक शो दौरान कहा जब पूछा गया कि उनका पसंदीदा कप्तान कौन है तो शिवम ने एक ऐसा जवाब दिया जिसे सभी ने पसंद किया है। शिवम से महेन्द्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के के बारे में पूछा गया था। तब उनके जवाब से दर्शकों के साथ ही मेजबान और अन्य क्रिकेटर भी प्रभावित नजर आये शिवम ने इसके जवाब में कहा , जब मैं चेन्नई के लिए खेलता हूं, तो एमएस धोनी सर्वश्रेष्ठ होते हैं, वहीं जब मैं भारतीय टीम से खेलता हूं तो रोहित शर्मा सर्वश्रेष्ठ होते हैं। शिवम चोटिल होने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हैं। उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें पूरी सीरीज से बाहर होना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनके स्थान पर तिलक वर्मा को शामिल किया है। दुबे अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण वे ईरानी कप के लिए मुंबई की टीम से भी बाहर हो गए। हालांकि उनकी चोट की गंभीरता स्पष्ट नहीं है, लेकिन टीम प्रबंधन ने उनकी स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए सतर्क रुख अपनाया है।

# खिताब जीतने रोहित को कप्तान बनाये आरसीबी : कैफ

### डिविलियर्स बोले ऐसी कोई संभावना नहीं



जोहांसबर्ग (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सत्र के लिए रोहित शर्मा को आरसीबी का कप्तान बनाया जाना चाहिये क्योंकि उसके वर्तमान कप्तान फाफ डु प्लेसिस 40 साल के होने जा रहे हैं। कैफ की इस बात को आरसीबी से खेले पूर्व क्रिकेटर ए बी डिविलियर्स ने मजाक माना है।

कैफ ने कहा था कि आरसीबी को रोहित की स्थिति का फायदा उठाना चाहिए और उन्हें टीम का नेतृत्व करने के लिए मनाना चाहिए। कैफ के अनुसार रोहित के आरसीबी टीम में शामिल होने से उनका लंबे समय से चला आ रहा आईपीएल ट्रॉफी का सूखा समाप्त हो सकता है। पिछले कुछ समये माना जा रहा है कि रोहित नीलामी से पहले मुम्बई इंडियंस छोड़ना चाहते हैं। इसी कारण पंजाब किंग्स और लखनउ सुपर जायंटस जैसी टीम उन्हें शामिल करना चाहती हैं। पूर्व क्रिकेटर के अनुसार आरसीबी को अवसर का लाभ उठाना चाहिये। रोहित अच्छी तरह से जानते हैं कि एकादश कैसे बनाई जाती है, इसलिए अगर उन्हें शामिल किया जाता है तो आरसीबी के पास खिताब जीतने का अवसर होगा।

वहीं डिविलियर्स ने कहा कि रोहित के आरसीबी में जाने की कोई संभावना नहीं है।

# पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां घर में मृत पायीं गयीं



पुणे (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां माया अंकोल का निधन हो गया है। 77 साल की माया अंकोला घर में मृत पायी गयी। ये मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। अब तक जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति के हमले में इस क्रिकेटर की मां की मौत हुई है पॉश डेक्कन इलाके में प्रभात रोड पर अंकोला का घर है। इस मामले की जांच के लिए विशेषज्ञों के साथ पुलिस की टीमें भी पहुंची। घर की नौकरानी ने सबसे पहले माया अंकोला को मृत देखा और उसी के बाद पुलिस वहां पहुंची। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि क्रिकेटर की मां को तत्काल ही अस्पताल ले जाया गया था। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उसकी रिपोर्ट के बाद ही इस मामले में पक्के तौर पर कुछ कहा जा सकेग। अब तक की जांच में उनके घर में जबरन किसी के प्रवेश की आशंका नजर नहीं है। इसके अलावा आप-पास रहने वाले लोगों ने घर से कोई आवाज सुनी है। पुलिस अभी सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है। सबूत एकत्र करने के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम अंकोला स्थित घर पहुंच गई है और अपराध की जांच के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। इस क्रिकेटर के साथ दूसरी बार ये ये हादसा हुआ है। इससे पहले 2013 में उनकी पत्नी ने भी आत्म हत्या कर ली थी

महाराष्ट्र की ओर से खेलने वाले अंकोला ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत काफी पहले की थी। साल 1989 को उन्हें भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला।

## विकेटकीपर ऋचा ने शानदार कैच पकड़ा

दुबई (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर ऋचा घोष ने यहां पाकिस्तान के खिलाफ हुए टी20 मुकाबले में एक शानदार कैच पकड़कर सभी का ध्यान खींचा। ऋचा ने पहली स्लिप पर पाक कप्तान फातिमा सना का ये कैच लिया। पाक कप्तान ने इस गेंद पर चौका लगाने का प्रयास किया पर ऋचा के सामने उनकी एक चली। ऋचा ने तेजी से जाकर गेंद लपक ली। इससे पहले इस मुकाबले में पाक ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसल किया। भारतीय टीम के गेंदबाजों के आगे पाक टीम खुलकर नहीं खेल पायी। उसके बल्लेबाजों ने एक के बाद एक विकेट गंवाये। यही कारण है कि पाकिस्तानी टीम निर्धारित 20 ओवर में किसी प्रकार 8 विकेट पर 105 रन बना पायी। पाक की ओर से सबसे ज्यादा रन निदा दार ने 28 रन बनाए।

# आईएमएल लीग में खेलते नजर आयेंगे सचिन



मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के लिए कमिश्नर बनाया गया है। फ्रैंचाइजी आधारित ये टी20 लीग इसी साल शुरु होगी। इसमें छह टीमें शामिल होंगी। ये टूर्नामेंट हर साल खेला जाएगा। इसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी खेलते हुए दिखेंगे।

इसमें लोगों को एक बार फिर सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी देखने का अवसर फिर मिलेगा। इस लीग को लेकर गावस्कर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि इससे पूर्व खिलाड़ियों में फिर से ऊर्जा आयेगी। उन्हें एक बार फिर से अपने देश के लिए खेलने का अवसर मिलेगा। ये टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ही होगा। गावस्कर ने सचिन के खेलने को लेकर कहा कि वह हमेशा ही ताजगी से भरे रहते हैं। वह सिर्फ भारतीय नहीं, बल्कि हर क्रिकेट प्रेमी के दिल में बसते हैं। इसलिए उनके फिर से मैदान में उतरने को लेकर बहुत उत्साह और बेसब्री है। वह हर खेल को पूरी लगन से खेलते हैं, तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि आगे कुछ रोमांचक पल देखने को मिलेंगे।

गावस्कर ने कहा कि पहले सत्र के लिए केवल तीन स्थल रखे गये हैं पर जैसे-जैसे सीजन आगे बढ़ेंगे, और भी स्थानों पर आईएमएल का आयोजन हो सकेगा। गावस्कर ने कहा कि कमिश्नर के तौर मुझे ये देखना होगा कि लीग बिना किसी परेशानी के सुचारू रूप से चले। खिलाड़ियों को पता है कि उनसे क्या उम्मीद की जाती है और वे पर्याप्त अनुभवी हैं,।

## रिंकू सिंह ने बनवाया भगवान की योजना वाला टैटू

ग्वालियर। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक क्रिकेटर रिंकू सिंह टैटू के खासे शौकीन हैं। रिंकू ने इस बार जो टैटू बनवाया है। वहीं अन्य से काफी अलग हैं। रिंकू ने कहा मेरी एक प्रसिद्ध कहावत है गॉड प्लान (ईश्वर की योजना)। मैंने अपना टैटू उसी के आधार पर डिजाइन किया है। इसमें भगवान की योजना शब्द एक वृत्त के अंदर लिखा हुआ है, जो सूर्य का प्रतीक है। साथ ही कहा कि टैटू मुख्य रुप से आईपीएल में मेरे 5 छक्कों का प्रतिनिधित्व है। इस मैच से मेरा जीवन बदल दिया। इसलिए मैंने सोचा कि मैं उन्हें टैटू में शामिल करूंगा। रिंकू आईपीएल 2023 के दौरान लगातार लगाए गए 5 छक्कों से सबकी नजरों में आये थे। तब उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए अंतिम 5 गेंदों पर गुजरात टाइटंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल पर 5 छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। रिंकू ने उस सत्र के 14 मैचों में 149.53 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए, जिससे उन्हें भारतीय टीम में बुलाया गया। अगस्त 2023 में आयरलैंड के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से रिंकू भारत के लिए फिनिशर के रूप में उभरे हैं। उन्होंने 23 मैचों में 174.16 की स्ट्राइक-रेट से 418 रन बनाए हैं।



स्पेन में ला लिगा फुटबफॉल में खेलते हुए रियल मैड्रिड और विलारेल के खिलाड़ी।

# पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सिदरा ने बाबर और कोहली में से किसे बताया बेस्ट



नई दिल्ली (ईएमएस)। बाबर आजम या विराट कोहली, कौन है बेहतर बल्लेबाज? यह सवाल हमेशा उठता है लेकिन जब भी सवाल पर चर्चा होती है, तब फैंस के बीच हमेशा जुनून देखने को मिलता है। अब इस सवाल का जवाब पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सिदरा नवाज ने दिया है। नवाज ने कहा, मुझे दोनों पसंद हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मैं कोहली को चुनती हूं। कोहली ने खेल के इतिहास में शायद सबसे महान बल्लेबाजों में से एक के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया है। आईसीसी इवेंट से लेकर तीनों प्रारूपों में उनका प्रदर्शन बेहतर है। कोहली का सबसे सफल प्रारूप वनडे रहा है, क्योंकि उन्होंने 295 मैचों में 13,906 रन बनाए हैं।

अप्रैल 2021 से पहले किंग कोहली ने दुनिया में नंबर एक रैंकिंग वाले वनडे बल्लेबाज के रूप में 1258 दिन बिताए थे। इसके बाद बाबर का यहां कब्जा था, लेकिन हाल ही में सफेद गेंद की कप्तानी से हटने वाले पाकिस्तान के बल्लेबाज को 2023 में शुभमन गिल ने पीछे छोड़ दिया था, लेकिन दिसंबर 2023 मे उन्होंने अपना स्थान फिर हासिल किया और अभी भी वनडे लीडरबोर्ड में शीर्ष पर हैं। सिदरा नवाज का मानना है कि भले ही आंकड़े इस मुकाबले में भारत के पक्ष में हो, लेकिन पाकिस्तानी टीम इंडियन टीम को मैच में दबाव में डाल सकती है। सिदरा ने कहा, अगर हम पिछली मुकाबलों पर गौर करे तब ज्यादातर मौकों पर भारत ने जीत हासिल की है, लेकिन इस विश्व कप में पाकिस्तान ने श्रीलंका पर जीत के साथ मजबूत शुरुआत की।

## संक्षिप्त खबरें

### आग से 3 बच्चों समेत 7 की मौत

मुंबई (ईएमएस)। मुंबई के चेंबूर इलाके के सिद्धार्थ कॉलोनी में 3 मंजिला इमारत में आग लग गई। इससे एक ही परिवार के 3 बच्चों समेत 7 लोगों की जलकर मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 5:20 बजे की है। चश्मदीदों ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर बनी दुकान आग में भड़की। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। देखते ही देखते आग ऊपर की मंजिल तक पहुंची, लेकिन वहां रह रहे लोगों को रेस्क्यू नहीं किया जा सका। फायर ब्रिगेड ने करीब 9 बजे तक आग पर काबू पाया, जिसके बाद अंदर फंसे सभी 7 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### रेप के आरोपी से नेशनल अवॉर्ड छिना

मुंबई(ईएमएस)। नाबालिग असिस्टेंट से रेप के आरोपी शेख जानी बाशा से बेस्ट कोरियोग्राफर का नेशनल अवॉर्ड छीन लिया गया है। मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग ने रविवार को इसकी जानकारी दी। जानी मास्टर के नाम से मशहूर कोरियोग्राफर शेख जानी बाशा को यह अवॉर्ड साल 2022 में रिलीज हुई धनुष की फिल्म 'तिरुचित्रम्बलम' के गाने 'मेघम करुक्था' का डांस कोरियोग्राफ करने के लिए दिया गया था। इस गाने को जानी ने सतीश कृष्णन के साथ मिलकर कोरियोग्राफ किया था। जानी को स्त्री-2 के गाने आई नहीं और पुष्पा के गाने श्रीवल्ली से फेम मिला था।

#### योगी ने महाकुंभ- 2025 का लोगो लॉन्च किया, बोले

### संत नकारात्मक बयानबाजी से बचें

प्रयागराज (ईएमएस)। महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ- 2025 का लोगो लॉन्च किया। इससे पहले, संगम घाट पर भूमि पूजन किया। फूल और दूध चढ़ाया। लेटे हनुमान मंदिर के भी दर्शन-पूजन किए। परेड ग्राउंड में 34 संत और 13 अखाड़ों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम ने संतों को सलाह दी कि नकारात्मक बयानबाजी से बचें। हमें यह समझना होगा कि महाकुंभ हमारा है। ये प्रशासन या सरकार का नहीं है।

### मेघालय में बाढ़ से 10 की मौत

नई दिल्ली (ईएमएस)। मेघालय के साउथ गारो हिल्स जिले में तेज बारिश के बाद आई बाढ़ से 24 घंटे 10 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 7 लोग एक ही परिवार के थे। इसके बाद गसुआपारा में लैंडस्लाइड हुई। वहीं नेपाल में तेज बारिश की वजह से उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में 20 से ज्यादा गांव में बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे करीब 50 हजार लोग प्रभावित हैं। इन गावों के स्कूल-कॉलेज और सडक़ें भी डूब चुकी हैं। गोरखपुर में भी 29 गांव बाढ़ में डूबे हैं। उधर, पंजाब के लुधियाना में शनिवार देर रात आई आंधी आने से दुर्गा पंडाल गिर गया। इससे 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 15 लोग भी घायल हुए हैं। पंडाल के गिरने से मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति खंडित हो गई। आंधी में कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरने की भी सूचना है।

### जूनियर डॉक्टर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

#### हेल्थ सेक्रेटरी को हटाने समेत 9 मांगों पर अड़े

कोलकाता (ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के खिलाफ छह जूनियर डॉक्टरों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। जूनियर डॉक्टर्स हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम को हटाने, स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही तय करने समेत अपनी 9 मांगों पर अड़े हैं। डॉक्टरों ने कोलकाता पुलिस की तरफ से लाठीचार्ज के बाद शुक्रवार, 4 अक्टूबर को धर्मतला इलाके में डोरिना क्रॉसिंग पर धरना प्रदर्शन शुरू किया था। उन्होंने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ममता सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। राज्य सरकार को दी गई डेडलाइन शनिवार की रात 8.30 बजे खत्म हो गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर फ्रंट के 6 प्रतिनिधियों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि वे भूख हड़ताल की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मंच पर सीसीटीवी लगाएंगे, ताकि हर कोई देख सके कि वहां क्या हो रहा है?

### 2026-27 में 1 लाख अग्निवीर रिटायर होंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। अग्निवीरों के पहले लॉट से 2026-27 में रिटायर होने वाले जवानों में से 42 प्रतिशत को सरकारी नौकरियों में लिया जाएगा। यह संख्या उन 25 फीसदी अग्निवीरों से अलग हैं, जिन्हें सेना में समायोजित करना है। यानी सेना में समायोजित होने से बचे हुए 75 फीसदी जवान केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में समायोजित होंगे। शुक्रवार को एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 25 फीसदी से ज्यादा अग्निवीरों को भारतीय वायु सेना में शामिल करने की इच्छा जताई थी। अग्निवीरों के पहले लॉट का कार्यकाल 2026-27 में पूरा होगा। यह संख्या 1 लाख के करीब है। इनमें 25 हजार सेना में नियमित हो जाएंगे। बाकी 75 हजार अग्निवीरों में 42 फीसदी (31500) विभिन्न मंत्रालयों में नियमित सेवा में समायोजित होंगे। इनमें अर्ध सैनिक बलों के अलावा अन्य सरकारी मंत्रालयों में समायोजित किए जाएंगे। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है रिटायरमेंट (4 साल) के बाद समायोजन 100 फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य है और इसकी शुरुआत 42 फीसदी से होगी।

### फर्जी सीबीआई अफसर बनकर करोड़ों की ठगी करने वाले को एमपी पुलिस ने दबोचा

लखीमपुर खीरी (ईएमएस)। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश की पुलिस ने यूपी के लखीमपुर खीरी शहर के मोहल्ला शास्त्रीनगर में छापा मारकर एक युवक को दबोचा है। पुलिस युवक को पकड़कर अपने साथ ले गई है। बताते हैं कि युवक ने फर्जी सीबीआई अफसर बनकर ठगी की है। चर्चा है कि पुलिस ने उसके पास से एक करोड़ रुपये नकदी भी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक चार दिनों से मध्य प्रदेश पुलिस खीरी में डेरा डाले हुए थी। स्थानीय पुलिस के साथ टीम मोहल्ला शास्त्रीनगर पहुंची और घर पर छापा मारकर एक युवक को दबोच लिया। पुलिस उसे कोतवाली सदर लाई और पूछताछ की। पूछताछ के बाद पुलिस उसे अपने साथ ले गई है। बताते हैं कि गिरफ्तार किए गए युवक ने सीबीआई अफसर बनकर साइबर के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी की है। वह इसी मामले में फरार था। सूत्रों ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस ने छापे के दौरान आरोपी के पास से एक करोड़ की नकदी भी बरामद की है।

### मेघालय में बाढ़ से 10 की मौत

नई दिल्ली (ईएमएस)। मेघालय के साउथ गारो हिल्स जिले में तेज बारिश के बाद आई बाढ़ से 24 घंटे 10 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 7 लोग एक ही परिवार के थे। इसके बाद गसुआपारा में लैंडस्लाइड हुई। वहीं नेपाल में तेज बारिश की वजह से उत्तर प्रदेश के महराजगंज में 20 से ज्यादा गांव में बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे करीब 50 हजार लोग प्रभावित हैं। इन गावों के स्कूल-कॉलेज और सडक़ें भी डूब चुकी हैं। गोरखपुर में भी 29 गांव बाढ़ में डूबे हैं। उधर, पंजाब के लुधियाना में शनिवार देर रात आई आंधी आने से दुर्गा पंडाल गिर गया। इससे 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 15 लोग भी घायल हुए हैं। पंडाल के गिरने से मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति खंडित हो गई। आंधी में कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरने की भी सूचना है।

### चौखंभा शिखर पर गए तीन पर्वतारोही लापता, बचाव अभियान तेज

गोपेश्वर,(ईएमएस)। चौखंभा-तीन शिखर पर आरोहण के लिए गए पर्वतारोहण दल के तीन सदस्य लापता बताए जा रहे हैं। अमेरिका और यूके की दो महिला पर्वतारोहियों को तीन दिन तक लापता रहने के बाद सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है, लेकिन अब बेस कैंप में ठहरे तीन अन्य सदस्य लापता बताए जा रहे हैं। इन्हें खोजने के लिए वायु सेना और एसडीआरएफ की मदद ली जा रही है। वायु सेना के हेलीकॉप्टर से एसडीआरएफ की टीम को चौखंभा-तीन के बेस कैंप के पास शनिवार को उतारा गया, जो लापता सदस्यों की संभावित लोकेशन तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। जोशीमठ से वायु सेना के दो हेलीकॉप्टरों ने संभावित क्षेत्र का अनेक दफा हवाई सर्वे किया, लेकिन किसी तरह का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। हालांकि, बर्फ में टेंट जरुर दिखाई दिए हैं, जिनकी तस्वीरें ली गई हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी के अनुसार, इस पर्वतारोहण दल में 26 लोग शामिल थे, जिनमें से 21 लोग बेस कैंप तक सामान पहुंचाकर वापस लौट आए थे।

# नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में गुजरात की अविरत विकास यात्रा के 23 सफल वर्ष पूरे

## गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में विकास की राजनीति का नया अध्याय शुरू हुआ

#### प्रतिवर्ष 7 से 15 अक्टूबर, 2024 के दौरान 'विकास सप्ताह' मनाया जाएगा गुजरात सरकार की घोषणा

गांधीनगर (ईएमएस)| प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 अक्टूबर, 2001 को गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, और इसी के साथ विकास की राजनीति का एक नया अध्याय शुरू हुआ। 7 अक्टूबर 2001 से गुजरात के विकास की जो अविरत यात्रा शुरू हुई थी, वह सोमवार, 7 अक्टूबर 2024 को 23 वर्ष पूरे करने जा रही है। नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से लेकर अब तक की ग्लोबल गुजरात की संकल्प सिद्धि की इस विविध विकास यात्रा और जनहितकारी सुशासन की गाथा को जन-जन के बीच उजागर करने के लिए 7 से 15 अक्टूबर, 2024 के दौरान पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ 'विकास सप्ताह' का जश्न मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में रविवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गुजरात के इस वैश्विक और बहुमुखी विकास के लिए नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए योगदान के लिए उनका ऋण स्वीकार किया गया। गुजरात की इस सर्वांगीण विकास यात्रा को नरेन्द्र मोदी द्वारा मिल रहे सतत मार्गदर्शन के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया गया और 2001 से 23 वर्षों तक उनकी प्रेरणा से गुजरात ने विकास और सुशासन के जो नए मील के पत्थर स्थापित किए हैं, उनका जश्न हर साल 'विकास सप्ताह' मनाकर करने का निर्णय किया गया।

राज्य सरकार के प्रवक्ता एवं स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने इस 'विकास सप्ताह' के दौरान विभिन्न थीमों के साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 7 से 15 अक्टूबर के दौरान आयोजित होने वाले 'विकास सप्ताह' के उत्सव में सभी गुजरातियों को शामिल कर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में राज्य सरकार गुजरात के दीर्घकालिक और सतत



विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रवक्ता मंत्री ने कहा कि इस वर्ष 'विकास सप्ताह' के दौरान राज्य भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संबंधित स्थान के स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसके अलावा, 'विकास सप्ताह' हैशटैग के साथ नागरिक नरेन्द्र मोदी की सुशासन की पहलों और सामाजिक जीवन पर उनके प्रभावों को लेकर सोशल और डिजिटल मीडिया पर अपने अनुभव साझा करेंगे। गुजरात में नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 23 वर्षों के सुशासन में विकास कार्यों के चलते प्रसिद्ध हुए विभिन्न जिलों और शहरों के 23 आइकॉनिक स्थलों पर विकास पदयात्रा के माध्यम से राज्य के विकास में नरेन्द्र मोदी के महत्वपूर्ण योगदान से लोगों को परिचित कराया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने इस संदर्भ में कहा कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, साबरमती रिवरफ्रंट, सूरत डायमंड बोर्स, नडाबेट, पावागढ़, श्यामजी कृष्ण वर्मा मेमोरियल, स्मृति वन, अंबाजी, द्वारका सुदर्शन ब्रिज और पाल दढवाव के आदिवासी शहीद स्मारक सहित अन्य स्थानों पर विकास पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि 'विकास सप्ताह' में विद्यार्थियों और युवा शक्ति को भी जोड़ने के बहुआयामी आयोजनों के अंतर्गत स्कूल और कॉलेजों में विकास की थीम पर आधारित निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। इतना ही नहीं, विकास में लोगों की सहभागिता के लिए भारत विकास प्रतिज्ञा भी दिलाई जाएगी। राज्य के प्रसिद्ध सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर वॉल पेंटिंग के जरिए विभिन्न क्षेत्रों की 23 वर्षों की विकास यात्रा की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इसके अतिरिक्त, राज्य के महत्वपूर्ण विकास स्थलों की सजावट के साथ उन्हें रोशनी से जगमग किया जाएगा। इसके अलावा, इस वर्ष 'विकास सप्ताह' के दौरान पूरे राज्य में 3500 करोड़ रुपए से अधिक राशि के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया जाएगा। ऋषिकेश पटेल ने कहा कि विकास कैसा हो, किस पैमाने का हो, कैसी गति का हो और जनभागीदारी को विकास में जोड़कर कैसे विकास की राजनीति से शानदार नतीजे हासिल किए जा सकते हैं, इसका बेहतरीन उदाहरण नरेन्द्र मोदी ने 23 वर्षों के दौरान गुजरात के समग्र विकास के जरिए पेश किया है। राज्य सरकार ने 23 वर्षों की इस सुदीर्घ विकास यात्रा को आने वाले वर्षों में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और अधिक तेज गति से आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ प्रतिवर्ष 'विकास सप्ताह' मनाने का संकल्प किया है। उन्होंने 'विकास सप्ताह' के विषय में और अधिक जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के थीम-आधारित दिवस मनाने सहित अन्य आयोजन भी किए जाएंगे। जिनमें युवा सशक्तिकरण दिवस, सुशासन दिवस, उद्यमिता दिवस और पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस आदि शामिल हैं।

## 16 माह बाद भी आरबीआई के करेंसी चेस्ट में वापस नहीं पहुंचे दो हजार के 358 लाख नोट अब भी धन्नासेठों की तिजोरियों में

नई दिल्ली (ईएमएस)। दो हजार रुपये के 358 लाख नोट (7,160 करोड़ रुपये) अभी धन्नासेठों की तिजोरियों में कैद हैं। चलन पर रोक लगने के 16 महीने बाद भी यह रिजर्व बैंक के करेंसी चेस्ट में वापस नहीं पहुंचे हैं। रिजर्व बैंक की 30 सितंबर की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। माना जा रहा है कि इसमें से बड़ा हिस्सा काला धन है, जिसे लोग अपने खातों में दर्शाने से बच रहे हैं। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इस भारी रकम को सफेद करने के रास्ते और मौके ढूंढे जा रहे होंगे।



दो हजार रुपये का नोट अभी लीगल टेंडर हैं लेकिन इसे चलन से बाहर घोषित किया जा चुका है। 9 अटूबर 2023 के बाद से रिजर्व बैंक के सिवाय कोई अन्य बैंक भी इसे बदल नहीं सकता है। रिजर्व बैंक की शाखाओं में गाहे-ब-गाहे लोग गुलाबी नोट बदलवाने पहुंच रहे हैं। पिछले तीन महीने का औसत देखें तो लगभग दो लाख नोट प्रति सप्ताह रिजर्व बैंक तक पहुंच रहे हैं। सितंबर के तीन सप्ताह की विस्तृत रिपोर्ट के मुताबिक पहले हते तक 361 लाख नोट बाजार में थे। जो 20 सितंबर तक 358 लाख बचे। यानि इन तीन सप्ताह में कुल तीन लाख नोट ही वापस लौटे।

आमतौर पर चलन से बाहर होने के बाद कोई भी व्यक्ति या संस्था नोट तत्काल बदलने का प्रयास करती है, लेकिन दो हजार के 358 लाख नोट 16 महीने में भी बाजार से न लौटने पर विशेषज्ञ सवाल उठाते हैं। बैकिंग विशेषज्ञों का कहना है कि इससे भ्रष्टाचारियों की तिजोरियों में कालेधन की तस्दीक होती है। ऑल इंडिया बैंक एपलाइज एसोसिएशन के नेशनल ज्वाइंट सेक्रेटरी, रजनीश गुप्ता ने कहा कि आखिर इतने नोट अब तक वापस यों नहीं लौटे, यह बड़ा सवाल है। इसके कालाधन होने में कोई संदेह नहीं है। सरकार को शत-प्रतिशत नोट वापसी के लिए प्रयास करने चाहिए। आर्थिक मामलों के वरिष्ठजानकार, धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि दो हजार के 358 लाख नोट बाजार से वापस न आना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। अधिकतम संभावना है कि यह काला धन है। इसे किसी न किसी तरीके से सफेद करने की जुगत ढूंढी जा रही होगी।

#### आरएसएस चीफ मोहन भागवत बोले

## हिंदुओं को जाति, भाषा छोड़कर एकजुट होना चाहिए

जयपुर (ईएमएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार फिर से हिंदुओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। भागवत ने कहा कि हिंदू समाज को भाषा, जाति और क्षेत्रीय असमानताओं को खत्म करके अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा। आरएसएस प्रमुख ने बताया कि समाज को कैसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे समाज का निर्माण होना चाहिए जहां संगठन, सद्भावना और श्रद्धा हो। लोगों में अनुशासन हो। साथ ही देश के प्रति अपने दायित्व को समझे और उद्देश्यों के प्रति समर्पित हो।

आरएसएस चीफ मोहन भागवत राजस्थान में स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मोहन भागवत ने कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। हिंदू समाज को भाषा, जाति और क्षेत्रीय विवादों को खत्म करके अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हिंदू हर किसी को अपना मानते हैं और सभी को गले लगाते हैं। इस दौरान आरएसएस प्रमुख ने 3 हजार 827 स्वयंसेवकों को संबोधित किया। मोहन भागवत ने कहा कि एक समाज केवल व्यक्तियों और उनके परिवारों से नहीं बनता है, बल्कि उन व्यापक चिंताओं पर विचार करने से बनता है। आरएसएस का काम करने का तरीका विचार आधारित है। मोहन भागत ने स्वयंसेवकों से समुदायों के अंदर संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया।

#### बंद पड़ी फैक्ट्री को किराए पर लेकर बना रहे थे ड्रग्स

## गुजरात एटीएस और एनसीबी ने मारा छापा, दो आरोपी गिरफ्तार

भोपाल (ईएमएस)। राजधानी भोपाल के बगरोदा स्थित औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री से गुजरात एटीएस और दिल्ली स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने कई 1,814 करोड़ की ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने जिस फैक्ट्री से ड्रग्स बरामद की है, वहां से दो लोगों को हिरासत में भी लिया है। इस पूरे मामले में भोपाल पुलिस को सूचना तक नहीं दी गई। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी। दरअसल गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) दिल्ली ने संयुक्त अभियान चलाकर ड्रग्स की इस खेप को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार कटारा हिल्स थाना क्षेत्र के जंगल से सटने वाले क्षेत्र बगरोदा में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है।

उसी औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में शनिवार को कार्रवाई करते हुए गुजराज एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों ने करीब 1814 करोड़ की मेफेड्रोन (एमडी) डग्स बरामद की है। डीएसपी, एटीएस गुजरात एसएल चौधरी ने बताया कि गोपनीय सूचना मिली थी कि अमित चतुर्वेदी, निवासी भोपाल, मप्र और सान्याल बाने, निवासी नासिक, महाराष्ट्र, भोपाल के बागरोदा औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री की आड़ में मादक पदार्थ मेफेड्रोन का अवैध निर्माण और बिक्री में शामिल हैं। जिसके बाद गुजरात एटीएस के वरिष्ठ अधिकारियों को इसके बारे में बताया गया।

जिसके आधार पर कार्रवाई की गई। मप्र पुलिस की इंटेलीजींस विंग को अभी तक जो जानकार मिली है, उसके अनुसार बगरोदा स्थित फैक्ट्री में एमडी ड्रग्स को बनाने, सैंपलिंग और सप्लाई के लिए पैकेट तैयार किए जाने का कार्य किया जा रहा था।

#### केजरीवाल ने दिल्ली के छत्रशाल स्टेडियम में जनता की अदालत में कहा

## हिम्मत है तो मोदी नवंबर में दिल्ली चुनाव कराएं

#### एनडीए शासित 22 राज्यों में मुफ्त बिजली देंगे तो मैं भाजपा के लिए प्रचार करूंगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि हिम्मत है तो नवंबर में महाराष्ट्र और झारखंड के साथ दिल्ली में भी विधानसभा चुनाव करके दिखाएं। हम चुनाव लडऩे के लिए तैयार है। नहीं तो मान लें कि वे हार गए, डर गए। केजरीवाल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री दिल्ली चुनाव से पहले एनडीए शासित 22 राज्यों में मुफ्त बिजली देने की घोषणा करेंगे तो मैं भाजपा के लिए प्रचार करूंगा। केजरीवाल ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में जनता की अदालत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। केजरीवाल ने कहा कि मैंने कल टीवी पर एग्जिट पोल देखा। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भाजपा की डबल इंजन सरकारें खत्म हो रही हैं। पहला इंजन जून में फेल हुआ था, जब उन्हें 240 सीटें मिलीं। झारखंड और महाराष्ट्र में भी यही होगा। तब दूसरा इंजन भी फेल हो जाएगा। डबल इंजन सरकार का मतलब महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है। दिल्ली में चुनाव आने वाले हैं। दिल्ली में आकर ये (भाजपा) कहेंगे कि डबल इंजन सरकार बना लो। आप तब पूछना कि 10 साल हरियाणा में डबल इंजन सरकार रही। उन्होंने ऐसा क्या किया है कि लोग उनके नेताओं को अपने गांवों में नहीं जाने दे रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यूपी में पिछले 7 साल से डबल इंजन की सरकार है। लोकसभा चुनाव में उनकी सीटें आधी हो गईं। मणिपुर में भी 7 साल से डबल इंजन की सरकार है। मणिपुर दो साल से जल रहा है।

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा गरीब विरोधी है। उन्होंने दिल्ली में बस मार्शलों, डेटा एंट्री ऑपरेटरों को हटा दिया। होम गार्डों का वेतन रोक दिया। दिल्ली में लोकतंत्र नहीं है, एलजी राज है। हम दिल्ली को एलजी राज से मुक्त कराएंगे और पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे। पूर्व सीएम ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली को 6 रेवडिय़ां दीं- बिजली, पानी, महिलाओं के लिए बस यात्रा, बुजुर्गों को तीर्थयात्रा, स्वास्थ्य और शिक्षा।

# दुनिया में आज गोलियों की आवाज गूंज रही है अगर इसके स्थान पर शांति की गूंज गूंजेगी तो युद्ध के हालात टल भी सकते : मुनि प्रमाण सागर

## इन्दौर में हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा ; सभी धर्मों के धर्म गुरूओं ने रखे अपने उद्गार

#### विश्व शांति के लिए की प्रार्थना, शांति व सद्भाव का दिया संदेश

इन्दौर (ईएमएस)। जिस प्रकार हम अपने अस्तित्व को स्वीकारते हैं उसी तरह हमें अन्य प्राणियों के अस्तित्व को भी स्वीकारना होगा। जैसे तुम अनुकूलता चाहते हो वैसे ही अन्य प्राणी भी अनुकूलता चाहते हैं। इसीलिए जियो और जीने दो का मंत्र मानवता का मूल मंत्र है। दुनिया का हर धर्म हमें मानवता का संदेश ही देता है। दुनिया में आज गोलियों की आवाज गूंज रही है अगर इसके स्थान पर शांति की गूंज गूंजेगी तो युद्ध के हालात टल भी सकते हैं। आज समस्त विश्व विषमतम दौर से गुजर रहा है। विघटनकारी शक्तियों के कारण समूचा प्राणी जगत सहमा हुआ है। आज समूचे विश्व को सहअस्तित्व, संवेदनशीलता, सहिष्णुता और समरसता के सिद्धांत पर चलने की आवश्यकता है। भारत की संस्कृति सहअस्तित्व मूलक रही है। उक्त विचार रेसकोर्स रोड़ स्थित मोहता भवन में रविवार को संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य भावनायोग के प्रवर्तक मुनि प्रमाण सागर महाराज ने मुनि निर्वेगसागर, मुनि संधान सागर ससंघ की उपस्थिति में विश्व में बढ़ते हुए युद्ध और अशांति को विराम देने के उद्देश्य से आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर सभी धर्मों के धर्मगुरूओं व सर्व समाज-सर्व जाति के प्रबुद्ध नागरिकों उपस्थति थे। मुनि प्रमाण सागर ने कहा कि सर्व भूतात्म भावना का वर्णन वेदों, शास्त्रो, ग्रंथो व आगमो में बताया गया है। इसी सिद्धांत पर संवेदनशीलता निर्मित होगी। संवेदनहीनता, सहअस्तित्व की भावना के अभाव में निर्मित होती है। जहाँ असहिष्णूता बढ़ती है वहां संघर्ष होता है तभी सहअस्तित्व, संवेदनशीलता व समरसता का



विलोप होता है। मुनिश्री ने कहा कि युद्ध से आज तक कभी किसी समस्या का हल नहीं निकला। आजकल तो पूरा युद्ध कम्प्युटर से लड़ा जाता है यदि किसी के दिमाग में फितूर आ गया तो पूरा विश्व सर्वनाश की ओर आगे बढ़ जाएगा। यदि हम सभी लोग प्रार्थना करें तो निश्चित ही उनका हृदय परिवर्तन होगा और सद्बुद्धि आएगी। मुनिश्री ने कहा कि न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व में यह संदेश जाना चाहिए कि विश्व में शांति हो। यह कार्य एक दिन के कार्य से पूर्ण नही होगा, यदि दुनिया में शांति के संदेश गूजेंगे तो मुझे उम्मीद है कि मिसाइलें थम जाएगी और वहां का जनजीवन पुनः उस दौर में लौट आएगा।

धर्म प्रभावना समिति द्वारा आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा संयोजक एवं संस्था केसरी अध्यक्ष राहुल जैन एवं प्रो. राजीव शर्मा ने बताया कि मुनि प्रमाण सागर की निश्रा में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में आचार्य राजेश मुनि (श्वेताम्बर समाज), ब्रह्मकुमार अनीता दीदी, शफीक भाई (शहर उपकाज), पायस (फादर), ज्ञानी ग्रंथी सज्जनसिंह (सिख समाज), पं. योगेंद्र महंत (अध्यक्ष ब्राह्मण समाज संघ), पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, मुकेश मोड़ (आरएसएस), प्रो. राजीव शर्मा (राष्ट्रीय कवि एवं प्रख्यात लेखक) अपने उद्गार व्यक्त किए। मोहता भवन में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सभी धर्मगुरूओं द्वारा शांति व सद्भाव का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में सभी धर्मों के साथ ही सर्व समाज-सर्व जाति सहित 8 हजार से अधिक लोग मुनिश्री प्रमाण सागर के आव्हान पर जुटे थे। कार्यक्रम के अंत में मुनि प्रमाण सागर ने सभी धर्म गुरूओं को स्वंय द्वारा लिखित पुस्तक व धार्मिक ग्रंथ भी सभी को भेंट किए। कार्यक्रम को 150 देशों में लाईव कवरेज भी हुआ। सर्वधर्म सभा में संजय बांकड़ा (अग्रवाल समाज), अशोक अधिकारी (सामाजिक कार्यकर्ता), शशि सतपुड़े (350 एनजीओ अध्यक्ष), प्रदीप बडज़ात्या (पुलकजन चेतनामंच), कुलपति राकेश सिंघाई, कुलपति रेणु जैन सहित 8 हजार से अधिक सर्व समाज-सर्व जाति के प्रबुद्ध नागरिकों एवं समग्र दिगंबर व श्वेताम्बर समाज के धर्मावलंबी में उपस्थित थे। धर्मप्रभावना समिति अध्यक्ष अशोक डोसी, महोत्सव अध्यक्ष नवीन-आनंद गोधा, महामंत्री हर्ष जैन, मुख्य पुण्यार्जक मुकेश-विजय पाटौदी, धर्मेंद्र जैन (सिनकेम)का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राजीव शर्मा ने किया एवं आभार ब्रह्मचारी अभय भैय्या ने माना।

अनीता दीदी (ब्रह्मकुमारी) ने कहा कि हम सब परमात्मा की संतान है। हमें इसी भावना अनुरूप जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए।

# डैफोडील्स एकेडमी में दुर्गा पूजा के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन





धनबाद। डैफोडिल्स एकाडेमी, करकेंद में विधालय प्राचार्य तापस बनर्जी की अध्यक्षता में दुर्गा पुजा के अंतर्गत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें महिषासुर मर्दिनी, डांडिया, ढांकेर ताले, धनुची नृत्य, नवदुर्गा, शिशिरे- शिशिरे बाजलो तोमार, आलोर बेणु गाना मे नृत्य, प्रमुख रूप से शामिल था। कार्यक्रम में महिषासुर मर्दिनी में मां दुर्गा का जीवंत रुप देखने लायक था। विद्यालय प्रांगण दुर्गा पुजा उत्सव का माहौल बना हुआ था। इस अवसर पर विद्यालय के उप- प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी ने चंडीपाठ किए। विद्यालय शिक्षिका सुमन सिंह ने सुरीली भजन से सबका मन मोह लिया। सभी शिक्षक-शिक्षिका ,छात्र-छात्रा एवं आभिभावक एवं अतिथियो ने इस कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया।कार्यक्रम में धनबाद बार के वरिष्ठ अधिवक्ता, राधेश्याम गोस्वामी एवं किडस पैराडाइस स्कुल, धनबाद ,के प्राचार्य अनिल सिंह ने इस कार्यक्रम का भुरी भुरी प्रशंसा की । विद्यालय के प्राचार्य तापस बनर्जी ने राधेश्याम गोस्वामी एवं अनिल सिंह को मोमेंटो एवं बुके देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में देवाशीष मुखर्जी, कविता दत्ता, झुमा दत्ता, डोली सिंह, एस.आर कर, चंदन पासवान, अनिल सिंह, शिल्पा, आरजू, ज्ञानभी, रंजीत घोष, अरिंदम, जयंत घटक, प्रभाकर मिश्रा, सुमन सिंह, उषा, करुणा चंद्रा, शशि, मुनमुन सेन , चेरी, देवश्री, महक, कुलजीत आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## युवाओं को रोजगार पाने का सुनहरा अवसर दे रहा डॉक्टर पी एन वर्मा फाउंडेशन

### 8 अक्टूबर को भव्य रोजगार मेले का किया जाएगा आयोजन



धनबाद। धनबाद में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए डॉ. पीएन वर्मा फाउंडेशन 8 अक्टूबर को धनबाद के धनसार में भव्य रोजगार मेला का आयोजन करने जा रही है। रोजगार देने के लिए टेक्स्ट्रॉन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, मेघावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड,ओम लॉजिस्टिक्स,हीरो महिंद्रा एंड महिंद्रा,सुपर जीप, आदित्य बिरला ग्रुप, सुप्रीम इंडस्ट्रीज , मदर सन ग्रुप, टीमलीज स्टाफिंग सॉल्यूशन, विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टीम एचआरजीएसए प्राइवेट लिमिटेड, केपीआर मिल्स, गुप्ता टैक्सटाइल समेत अन्य कम्पनियां आ रही है। जिसमें कई मल्टीनेशनल कंपनी भी भाग ले रही है।फाउंडेशन के शैलेन्द्र कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के पत्रकार आर एन चौरसिया को बताया कि इस रोजगार मेला से करीब 300 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया हैं । रोजगार मेला में कंपनी द्वारा चयनित होनेवाले युवकों को दिल्ली, नोयडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम आदि बड़े शहरों में नौकरी दी जायेगी । मौके पर स्वाका के आनंद शर्मा, विकास कुमार, पी एन फाउंडेशन के आलोक अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, राजेश कुमार सिंह, शैलेश कुमार सिंह एवं एनजीओ स्वाका के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

## ओबीसी, एससी, एसटी अल्पसंख्यक जन जागरण मोर्चा की बैठक संपन्न




धनबाद, (भगतडीह), रविवार को राष्ट्रीय ओबीसी एससीएसटी अल्पसंख्यक जन जागरण मोर्चा धनबाद के तत्वाधान में दुखहरनी मंदिर के पीछे भुइयां पट्टी ईस्ट भगतडीह में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । जिसमें मोर्चा के सैकड़ों सदस्य मौजूद थे ।सभी के द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बैठक कार्यक्रम की शुरुआत कृष्णा देव पासवान ने किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल यादव,सचिव ने की। बैठक में अधिवक्ता महेंद्र गोप ने कहा कि जितनी जिसकी भागीदार उसकी उतनी हिस्सेदारी के कथन से चरितार्थ किया जायेगा। गोपाल यादव, सचिव ने कहा झरिया विधान सभा में हमारे मोर्चा के मतदाताओं कि संख्या 85% है, परंतु हमारी अवहेलना की जाती है । अगर आगामी विधान सभा में इस बार झरिया के स्थाई निवासी संघर्षशील प्रत्यासी को राष्ट्रीय पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो मोर्चा के 85% मतदाता नोटा पर मत देंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष, अधिवक्ता अमित भगत ने कहा कि संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करना ही मोर्चा का मूल अधिकार है। बैठक में दामोदर प्रसाद, बसंत कुमार यादव, सुदीप्त कुमार, महेन्द्र गोप, जिला सचिव गोपाल यादव, जिला अध्यक्ष अमित कुमार, हरे राम पंडित, रमनी देवी, जय हिंद भगत,पिंकी पासवान, रामसेवक पासवान, राम जनक यादव,संजय राम, रोहित यादव,गायत्री देवी, सत्येंद्र यादव,कामदेव भुइयां, संजू देवी, कामता यादव, उमाशंकर भुइयां, बबीता देवी, पूनम देवी, नरेश यादव, तारा देवी, चंदा देवी, शारदा देवी,मुस्कान कुमारी, सिमरन कुमारी, पूजा कुमारी, अजय कुमार, चुन्नू कुमार भुइयां, कंचन कुमारी समेत सैकड़ो पुरुष एवं महिलाएं मौजूद थे।

## राजद महिला प्रकोष्ठ की बैठक में अनवरी खातून को राजद प्रत्याशी बनाने की मांग



धनबाद, जिला राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को केन्दुआ नंबर चार में अजमेरी खातून की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में आगामी विधान सभा निर्वाचन में धनबाद विधान सभा क्षेत्र से सर्वसम्मति से महिला राजद जिलाध्यक्ष, अनवरी खातून को राजद प्रत्याशी बनाए जाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, झारखण्ड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव एवं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मांग की गई ।बैठक में शवाना प्रवीण ने कहा कि धनबाद विधानसभा क्षेत्र में विगत कई चुनाव में राजद प्रत्याशी बेहतर प्रदर्शन किये । दो दो बार पार्टी प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे ऐसे में इस विधानसभा क्षेत्र से राजद का स्वाभाविक दावा बनता है । उन्होंने कहा कि अनवरी खातून प्रत्याशी बनाई गई तो उनकी जीत सुनिश्चित होगी ।

सभी लोग एकजुट होकर जीत दिलाएंगे , उन्होंने कहा कि अनवरी खातून ही धनबाद विधानसभा की दिशा दशा बदलने के लिए योग्य कर्मठ और उपयुक्त उम्मीदवार है । ज्ञात हो की विगत कई वर्षो से अनवरी खातून शिक्षा स्वास्थ्य पेय जल सड़क ,सफाई विस्थापन जैसे कई स्थानीय जन समस्याओं को लेकर हमेशा मुखर रहीहैं । राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ट के प्रदेश सचिव, मो. गुलाम समदानी ने कहा कि धनबाद विधान सभा से महिला के साथ साथ अल्पसंख्यक प्रत्याशी से क्षेत्र में सर्वांगिण विकास का सपना साकार होगा।मौके पर महिला राजद जिलाध्यक्ष, जनवरी खातून ने कहा कि मौका मिला तो जन आकांक्षा पर खरे उतरने का प्रयास करूंगी । बैठक में मुख्य रूप से जमीला खातुन,नजीर अंसारी, उमा कुमारी, सुल्ताना बेगम, पिंकी पासवान, रेहाना खातुन, नईम शाह, नासरीन अनवर जर्रा सकीना खातुन, इबरार अंसारी, नुरैशा जुलेखा, शबनम प्रवीण ईशु नसीमा खातुन, मैमुन निशा, शाहिदा खातुन, आसमा गुड्डन, अंसारी साबिया के अलावे दर्जनो लोग मौजुद थे ।

## मदनाडीह शिव मंदिर परिसर में ओबीआर से फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई




लोयाबाद। मदनाडीह शिव मंदिर परिसर में रविवार को आउटसोर्सिंग कंपनी के ओबीआर से फैल रहे प्रदुषण के खिलाफ रविवार को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा एक बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में मदनाडीह,सेन्द्रा, कनकनी,बाँसजोड़ा,समेत लोयाबाद क्षेत्र के ग्रामीण एवं दुकानदार शामिल हुए थे ,जहां उपस्थित सभी ग्रामीणों ने बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच के अधीन संचालित कनकनी कोलियरी में संचालित हिलटॉप हाई राइज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और राम अवतार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कनकनी कोलियरी के द्वारा डीजीएमएस के सारे नियमों को ताख पर रखकर उलंघन करते हुए ओबीआर डम्प किये जाने से भारी मात्रा में धूलकण उड़ रहे है । उक्त धूलकणों से स्थानीय ग्रामीणों तथा बच्चों को सांस लेने में हो रही काफी परेशानी है । इसके अलावे स्थानीय ग्रामीणों ने बाँसजोड़ा छह नंबर, बारह नंबर, के समीप हो रहे भू-धंसान एवं बढ़ रहे आग की रोकथाम के लिए विशेष चर्चा किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी विषयों पर धनबाद उपायुक्त, धनबाद डीजीएमएस,बीसीसीएल प्रबंधन समेत अन्य सम्बंधित अधिकारियों को सूचित किया जाएगा। यदि उसके बाद भी समस्या का निवारण नहीं किया गया तो कंपनी का चक्का जाम आन्दोलन किया जाएगा। बैठक में निवर्तमान वार्ड सात के पार्षद नन्दूलाल सेन गुप्ता, अनवर हुसैन , ,कृष्णा निसाद,राजू रवनी,भोला रवानी,रोहित रवानी,उत्तम महतो गोविन्द महतो,राजेश रवानी,विक्रम कुमार, प्रकाश महतो, विकास कुमार,अजय महतो,दिलीप कुमार, पप्पू महतो,सुरेश महतो,अशोक साह,आदि महिला और पुरूष मौजूद थे।

### बाघमारा के भावी विधायक शत्रुघ्न महतो ने नवरात्रि के अवसर पर

## बजरंगबली मंदिर शेड का शिलान्यास विधिवत पूजा पाठ और नारियल फोड़कर किया



कतरास। नवरात्रि के शुभ अवसर पर धनबाद के लोकप्रिय सांसद प्रतिनिधि सह बाघमारा के भावी विधायक शत्रुघ्न महतो मलकेरा मेन रोड छाताबाद पांच नंबर स्थित श्री श्री संकट हरण बजरंगबली मंदिर के शेड स्थिति काफी जर्जर स्थिति में थी। इसकी जानकारी ग्रामीणों के द्वारा शत्रुघ्न महतो को दी गई थी। इस समय इस सेट की घोषणा हो चुकी थी। लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाने के कारण आचार संहिता लग गया था।जिसके कारण इस शेड का शिलान्यास उस समय नहीं हो पाया था। पर आज नवरात्रि के शुभ अवसर पर इस शेड का शिलान्यास विधिवत पूजा पाठ कर तथा नारियल फोड़कर किया।इस दौरान बाघमारा के भावी विधायक शत्रुघ्न महतो ने अपने वक्तव्य में बोले कि जो भी बचे हुए कार्य इस क्षेत्र में है चुनाव के बाद उसे अवश्य पूरा करेंगे।साथ ही इस मंदिर को भव्य रूप का आकार देंगे।चुनावी मौसम में रूप बदल बदल कर आपस में युवाओं को लड़ाने का काम जिस तरह बहरूपिया लोग कर रहे हैं। उसे सावधान रहने का लोगों से अपील किया।

उनके इन सभी बातों को ग्रामीणों ने मंदिर में हाथ उठाकर दृढ़ संकल्प लिया कि इस चुनाव में रिकॉर्ड मतों से आपको विधानसभा भेजने का काम करेंगे। जिस तरह आपने हम लोगों के लिए इस मंदिर का शेड निर्माण का शिलान्यास किये इसके लिए हम सभी ग्रामीण आपके लिए सदा आभारी रहेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन डब्लू हांडी ने किया।इस मौके पर भाजपा नेता वशिष्ठ चौहान, भाजपा नेता मुकेश झा, आनंद यादव, राजेंद्र दास, जितेंद्र शर्मा, राजेश भुईयां, अमित दास, बंटी नोनिया, रोशन चौहान, संजय ठाकुर, विनोद साहु, सुजीत गुप्ता, राजेश केसरी,शंकर हाड़ी, मोहन हाड़ी, छोटू यादव, गोपाल दास, महेंद्र रजक, बिक्रम ठाकुर, रवि हाड़ी, बजरंगी हाड़ी, राजेंद्र दास, अमित दास, शिवा दास,ओम हाड़ी, वरूण हाड़ी, उतम हाड़ी, सुनिल दास,गुटन दास, सुमित हाड़ी, रेशम हाड़ी रौशन चौहान, सुग्रीव चौहान आदि मौजूद थे।




स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।